kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

www.kanwhizztimes.com

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-83 ❒ गुरुवार, 23 अप्रैल 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

आत्मनिर्भर भारत सिर्फ एक खरीद प्रोग्राम नहीं है, बल्कि यह मिलकर विकास करने का न्योता है। तकनीक में बदलाव ने स्थिति को बहुत मुश्किल और आपस में जुड़ा हुआ बना दिया है। राजनाथ सिंह



भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज के वैश्विक परिवेश में अत्यंत प्रासंगिक : शेखावत 11
केदारनाथ धाम के कपाट खुले, हर-हर महादेव के जयघोष के साथ यात्रा का शुभारंभ 12

### बंगाल चुनाव के बीच सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# ममता के कामों से खतरे में लोकतंत्र

एजेंसी

नई दिल्ली। आई-पैक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सख्त टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि यह अपने आप में एक ऐसे व्यक्ति का काम है, जो मुख्यमंत्री भी हैं और जिन्होंने लोकतंत्र को खतरे में डालने के लिए पूरे सिस्टम का इस्तेमाल किया है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव भी चल रहे हैं और दो फ़ेज में वोटिंग होनी है।

इस साल की शुरुआत में जनवरी महीने में ईडी ने आई-पैक के कई ठिकानों पर छापे मारे थे। इस दौरान, खुद ममता बनर्जी आईपैक के को-फाउंडर प्रतीक जैन के घर में रेड के समय घुस गई थीं और कुछ फाइलें लेकर आ गई थीं। तब यह बड़ा राजनैतिक मुद्दा बना था। केंद्रीय एजेंसी ने



आरोप लगाया है कि बनर्जी ने उस जगह से अहम सबूत हटा दिए। कोर्ट ने ममता बनर्जी के खिलाफ तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि उनके कामों ने लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी भी राज्य का मुख्यमंत्री, किसी जांच के बीच में, किसी जगह पर इस तरह से नहीं घुस सकता।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान बनाने वाले इस काम को मंजूरी नहीं देते। उन्होंने कहा, ''आपने हमें सीरवाई और अंबेडकर के लेखों के बारे में बताया, लेकिन उनमें से किसी ने भी इस देश में ऐसी स्थिति की कल्पना नहीं की होगी कि एक दिन कोई मौजूदा मुख्यमंत्री, जब कोई जांच चल रही हो, तो दफ्तर में चला जाएगा।''

लाइव लॉ के अनुसार, राज्य ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत ईडी द्वारा दायर रिट याचिका की स्वीकार्यता पर सवाल उठाया है। राज्य के अधिकारियों की ओर से वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने यह तर्क दिया कि यह मामला मूल रूप से राज्य और केंद्र के बीच का विवाद है, और इसलिए अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका दायर करने के बजाय, भारत के संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत एक मुकदमा दायर किया जाना चाहिए। हालांकि, इस तर्क से असहमति जताते ● शेष पेज 11 पर

# लड़ाकू विमानों ने किया हैरत अंगेज प्रदर्शन

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर वायुसेना का दमखम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। उत्तर-प्रदेश के सुलतानपुर जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के अरवलकीरी करवत के पास बनायी गयी 3.5 किलोमीटर लम्बी हवाई पट्टी पर आज वायुसेना के विमानों ने इमरजेंसी लैंडिंग का अभ्यास किया गया, जिसमें वायुसेना के विमान लैण्ड/टच डाउन किये। इमरजेंसी लैंडिंग में वायुसेना के लड़ाकू विमान- सुखोई-30 एमकेआई, मिराज-2000, जगुआर, परिवहन विमान, सी-295, एएन-32, हेलीकॉप्टर एमआई-17 वी5 जैसे विमान शामिल हुए। इस प्रदर्शन से उपस्थित जन समुदाय देखकर रोमांचित हो उठा।

इस पूरे इमरजेंसी लैंडिंग को वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में संचालित किया गया। इमरजेंसी लैंडिंग को प्रयागराज से कमांड किया गया।इमरजेंसी लैंडिंग के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री/कैबिनेट मंत्री, पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग, उ0प्र0 सरकार ओम प्रकाश राजभर, जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, विधायक सदर (जयसिंहपुर) राज प्रसाद उपाध्याय, विधायक कादीपुर राजेश गौतम, जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक चारू निगम, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, विधायक सुलतानपुर प्रतिनिधि पुलकित सिंह सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के कूरेभार स्थित अरवल कीरी करवत में बनी एयर स्ट्रिप पर आज 2 घंटे से अधिक फाइटर विमानों द्वारा इमरजेंसी लैंडिंग का अभ्यास किया गया। 3.5 किमी की एयर स्ट्रिप पर फाइटर प्लेन सुखोई और मिराज ने टच एंड गो का अभ्यास किया। इस कार्यक्रम के मद्देनजर 12 किमी मार्ग बंद कर रूट डायवर्जन किया गया था। इससे पहले भी यहां कई बार ऐसे अभ्यास हो चुके हैं। एयरस्ट्रिप पर सुखोई व मिराज जैसे जंगी जहाजों ने लैंडिंग/टच डाउन का प्रदर्शन किया। इस दौरान फाइटर जेट्स द्वारा 'टच एंड गो' ड्रिल किया गया, वहीं एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर से स्पेशल फोर्सेस द्वारा



अभ्यास किया गया।

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के अरवलकीरी करवत, ब्लाक कूरेभार में बनायी गयी हवाई पट्टी पर आज भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के पायलटो द्वारा हैरत अंगेज कारनामों का सफल प्रदर्शन किया गया। भारतीय वायु सेना के अधिकारियों के द्वारा एयर स्ट्रिप के 5 किलोमीटर के क्षेत्र को 15 अप्रैल से ही अपने कब्जे में लिया गया था। जहां पर भारतीय सशस्त्र बल व भारतीय वायु सेना के जवानों द्वारा एयरस्ट्रिप पर समस्त तैयारियॉ की गयी। यह एयरस्ट्रिप खास तौर पर भारी लड़ाकू विमानों के लिए बनाई गई है। युद्ध के समय यह हाईवे वायुसेना के लिए बैकअप रनवे का काम करता है, ताकि जरूरत पड़ने पर यहां से भी ऑपरेशन जारी रखे जा सकें। वायुसेना के लड़ाकू विमानों के इमरजेंसी लैंडिंग को देखने हेतु आज सुबह से ही एयर स्ट्रिप के आस-पास लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थी।

## संक्षेप

### अलीगढ़ की शेखा झील रामसर स्थल घोषित

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में शेखा झील पक्षी अभयारण्य को रामसर स्थल घोषित किया गया है और इस तरह देश में कुल रामसर स्थलों की संख्या 99 और राज्य में इनकी संख्या 12 हो जाएगी। साल 1971 में हुई पर्यावरण संधि 'रामसर समझौते' के तहत अंतरराष्ट्रीय महत्व के आर्द्र क्षेत्रों को रामसर स्थल कहा जाता है। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को 'एक्स' पर इस बारे में घोषणा की। उन्होंने कहा, ''उत्तर प्रदेश ने यह स्कोर 99 तक पहुंचा दिया है! हमें यह घोषणा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि 'शेखा झील पक्षी अभयारण्य' (अलीगढ़, उत्तर प्रदेश) को 'रामसर स्थल' के रूप में नामित किया गया है। यह घोषणा स्थानीय आजीविका और वैश्विक जैव विविधता के साथ-साथ जल एवं जलवायु सुरक्षा को भी एक नई गति प्रदान करेगी। मंत्री ने शेखा झील के पारिस्थितिकीय महत्व पर भी प्रकाश डाला और कहा कि सर्दियों के दौरान यह विभिन्न प्रवासी पक्षियों के लिए एक महत्वपूर्ण पर्यावास बन जाती है।

### मनरेगा श्रमिकों के लिए यूपी को मिले 1789 करोड़

**लखनऊ।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मनरेगा के लिए यूपी को 1789.79 करोड़ रुपये दिए हैं। इसके बाद अब श्रमिकों को उनका बकाया मिलने की उम्मीद जगी है। ग्राम्य विकास विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इस राशि में बीते साल की बकाया राशि 1,129.55 करोड़ रुपये भी शामिल है। राशि को अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया है, मसलन-अनुसूचित जाति के लिए 536.65 करोड़, अनुसूचित जनजाति के लिए 45.53 करोड़ और अन्य श्रेणियों के लिए 1207.60 करोड़। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि गाइड लाइन्स के मुताबिक भुगतान पारदर्शिता के साथ किया जाए।

### उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम कार्मिकों को भी मिलेगा सातवां वेतनमान

**लखनऊ।** राज्य सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश राज्य बीज विकास निगम के कार्मिकों को सातवां वेतनमान दिए जाने का निर्णय लिया गया है। एक निगम होने के कारण अभी तक इन कर्मियों को सरकारी विभागों की तरह वेतन का यह लाभ प्राप्त नहीं हो सका था। बुधवार को सरकार ने इसका शासनादेश भी जारी कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर किए गए इस संवेदनशील निर्णय से निगम के कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है, क्योंकि लंबे समय बाद उन्हें अन्य सरकारी कर्मचारियों की भांति 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों का लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश राज्य बीज विकास निगम की वित्तीय स्थिति में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। निगम वित्तीय वर्ष 2017-18 के बाद से, विशेष कर वित्तीय वर्ष 2019-20 से निरंतर लाभ अर्जित कर रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में निगम द्वारा 40 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ अर्जित किया जाना संभावित है।

# टीएमसी के गुंडों की उल्टी गिनती शुरू होगी : योगी

### चार मई को बंगाल में लहराएगा भगवा

एजेंसी

कोलकाता/नदिया/हावड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ममता बनर्जी को ललकारते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में चार मई को भगवा लहराएगा। इसके बाद तृणमूल कंग्रेस (टीएमसी) के गुंडों की उल्टी गिनती शुरू होगी। उन्होंने इशारों में ममता व अभिषेक बनर्जी पर प्रहार करते हुए कहा कि बुआ-भतीजा बंगाल की अस्तित्व मिटाना चाहते हैं। कोलकाता का मेयर कहता है कि यहां ऊर्दू चलेगी।

कोई माई का लाल बंगाली अस्मिता से खिलवाड़ नहीं कर सकता। टीएमसी के लोग जान लें कि बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को पश्चिम बंगाल के जोरासांको, चकदहा व उदयनारायणपुर विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। बंगाल में उनका जादू लगातार सिर चढ़कर बोल रहा है। टीएमसी के गुंडों की अराजकता व धमकी के बावजूद हजारों की भीड़ चिलचिलाती धूप में सिर पर गमछा और छाता लिए मुख्यमंत्री योगी को देखने-सुनने के लिए उमड़ पड़ी। जनसभाओं में आए अधिसंख्य लोग हाथ में पोस्टर लिए हुए थे, जिन पर लिखा था- ''योगी जी बुलडोजर लाओ, हम तुम्हारे साथ हैं।'' मुख्यमंत्री ने मारे गए भाजपा कार्यकर्ता की मां का दर्द बांटा और कहा- टीएमसी के गुंडों ने सुबोध की हत्या कर उसके जैसे हजारों कार्यकर्ता पैदा कर दिए। 4 मई को बंगाल में लहराया जाएगा भगवा ध्वजमुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 23 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है। इसमें 80 फीसदी सीटें भाजपा जीतने जा रही हैं। जब 4 मई को



- ❒ पहले चरण में ही 80 फीसदी सीटें जीत रही भाजपा, कोई माई का लाल बंगाल की अस्मिता से खिलवाड़ नहीं कर सकता: योगी
- ❒ मुख्यमंत्री ने कहा, बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से, बंगाल का अस्तित्व मिटाना चाहते हैं बुआ-भतीजा

परिणाम आएंगे तो बंगाल में भगवा ध्वज लहराया जाएगा। बंगाल फिर से 'सोनार बांग्ला' बनकर अपनी पहचान स्थापित करेगा। हमें बंगाल की अस्मिता को बचाना और कठमुल्लापन को बढ़ावा देने वालों को हर हाल में रोकना है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि लोकतंत्र ने आपको जो ताकत दी है, अपने वोट के जरिए उसका सही इस्तेमाल कीजिए। बंगाल अब बदलाव के मुहाने पर खड़ा है। उत्तर प्रदेश की तरह डबल इंजन सरकार बनने पर बंगाल में भी विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का नया दौर शुरू होगा। ए बार खेला शेष, उन्नयन शुरूमुख्यमंत्री ने कहा कि ममता दीदी कहती हैं कि खेला होबे, मैं कहता हूं कि ममता दीदी ए बार खेला शेष, उन्नयन शुरु (इस बार खेल खत्म और विकास शुरू)। पीएम मोदी द्वारा विकास के लिए भेजे गए पैसे में बंगाल सरकार की डकैती बंद होगी। रामनवमी व दुर्गापूजा के कार्यक्रम हर्षोल्लास से होंगे। कोई इसमें बाधा बनेगा तो उसका खेला शुरू हो जाएगा। मतदाताओं की ताकत बंगाल को गुंडागर्दी से निजात दिलाएगी। अब ऑन्धकार हटबे, सूरोज उठेबे, कोमोल खिलबे (अंधकार हटेगा, सूरज उगेगा, कमल खिलेगा। कश्मीर में जैसे धारा 370 हमेशा के लिए समाप्त की गई, वैसे ही बंगाल को गुंडागर्दी व माफियागिरी का अड्डा बनाने वाली तृणमूल, कंग्रेस व कम्युनिस्टों का सफाया करना है। रामराज्य के नए युग ● शेष पेज 11 पर

# चुनाव आयोग ने मोदी पर 'आतंकवादी' वाली टिप्पणी के लिए खरगे को भेजा नोटिस

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध उनकी उस टिप्पणी पर बुधवार को नोटिस जारी कर उससे सफाई मांगी है जिसमें विपक्ष के नेता ने श्री मोदी को 'आतंकवादी' कहा था।

आयोग के सूत्रों ने कहा, ' चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'आतंकवादी' कहे जाने को गंभीरता से लिया है। आयोग ने इस पर श्री खरगे को कड़ा नोटिस भेजा है।'' सूत्रों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शिकायत पर श्री खरगे को आज जारी नोटिस का जवाब 24 घंटे में देने को कहा गया है। भाजपा ने आयोग के समक्ष श्री खरगे की तमिलनाडु में एक मीडिया-





कांफ्रेंस में की गयी उक्त विवादास्पद टिप्पणी पर मंगलवार को शिकायत दर्ज करायी है। भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष के बयान को आदर्श चुनाव आचार संहिता के विरुद्ध बताया है और उस पर तुरंत कार्रवाई करने तथा श्री खरगे को उसके लिए तुरंत माफी मांगने के लिए कहे जाने का अनुरोध किया था। इस विवादास्पद बयान को लेकर भाजपा का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल कल आयोग से भी मिला था। उसमें संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल शामिल थे। श्री रिजिजू ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा,'' हमने कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी के विरुद्ध और शर्मनाक वक्तव्य के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है जिसमें उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को आतंकवादी कहा है। भापजा ने मुख्य चुनाव आयुक्त को संबोधित अपनी शिकायत में अनुरोध किया है कि कांग्रेस अध्यक्ष को उनके इस अपमानजनक वक्तव्य के लिए तुरंत क्षमा प्रेषित करने के लिए कहा जाए। पार्टी ने कहा है कि श्री खरगे ने तमिलनाडु में एक कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी के लिए कहा-''वह आतंकवादी हैं।'' उनके इस बयान का अखबारों टेलीविजन और डिजिटल मीडिया में व्यापक प्रसार हुआ है जिससे चुनाव का वातावरण दूषित हो गया है। पार्टी ने श्री खरगे की टिप्पणी ● शेष पेज 11 पर

## यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम आज

प्रयागराज। एशिया का सबसे बड़ा बोर्ड उत्तर प्रदेश (यूपी) बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम गुरुवार को शाम 4 बजे यूपी बोर्ड के प्रयागराज मुख्यालय से जारी किया जाएगा। यूपी बोर्ड के परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक कराई गई थी। यूपी बोर्ड की 2026 की परीक्षा में हाईस्कूल में 27 लाख 61 हजार 696 और इंटरमीडिएट में 25 लाख 76 हजार 82 को मिलाकर 53 लाख 37 हजार 778 परीक्षार्थी परीक्षा दिए थे। यूपी बोर्ड ने नकल विहीन,निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से परीक्षा के लिए व्यापक तौर पर इंतजाम किए थे हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 15 कार्य दिवसों में संपन्न कराई गई थी।जबकि यूपी बोर्ड की 2025 की ● शेष पेज 11 पर

# हाईकोर्ट ने मालेगांव विस्फोट मामले में चार आरोपियों को बरी किया

एजेंसी

मुंबई। काफी समय से लंबित 2006 के मालेगांव विस्फोट मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय ने बुधवार को चार आरोपियों को अपर्याप्त सबूतों का हवाला देते हुए बरी कर दिया।

यह फैसला मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की खंडपीठ ने सुनाया, जो लगभग दो दशकों से न्यायिक जांच के दायरे में रहे इस मामले में एक अहम मोड़ लेकर आया है। अदालत ने पाया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के सबूत आवश्यक कानूनी मानकों पर खरे नहीं उतरते। इसके बाद



चारों आरोपियों राजेंद्र चौधरी, मनोहर राम सिंह नरवरिया, धन सिंह और लोकेश शर्मा को राहत दी गयी। कार्यवाही के दौरान, एनआईए ने दलील दी कि कई गवाहों ने आरोपियों के खिलाफ गवाही दी है। हालांकि, अदालत ने गौर किया कि ऐसी गवाहियां अपर्याप्त थीं और उनमें ठोस कमी थी। यह मामला आठ सितंबर, 2006 का है, जब मालेगांव ● शेष पेज 11 पर

# एकतरफा युद्धविराम विस्तार ट्रम्प की 'चाल' : ईरान

एजेंसी

तेहरान। ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्धविराम को एकतरफा बढ़ाने की घोषणा पर शक जाहिर करते हुए कहा है कि यह एक 'चाल' है और उसने कभी इसके लिए दरख्वास्त नहीं की थी।

विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान ने 'धमकियों के साये' में युद्धविराम विस्तार या नयी बातचीत की कोई गुजारिश नहीं की है। श्री अराघची ने ईरानी बंदरगाहों की जारी अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी की निंदा करते हुए इसे 'युद्ध की कार्रवाई' और मौजूदा युद्धविराम सिद्धांतों का उल्लंघन करार दिया। उन्होंने कहा, ईरान जानता है कि दबंगई का मुकाबला कैसे करना है। ईरानी संसद के अध्यक्ष बगर गालिबाफ के वरिष्ठ सलाहकार महदी मोहम्मदी ने युद्धविराम विस्तार को खारिज करते हुए कहा कि ईरान के नजरिये से इसका 'कोई मतलब नहीं' है और इसकी 'कोई वास्तविक अहमियत' नहीं है। उन्होंने इस कदम को 'अचानक हमले' के लिए वक्त हासिल करने की रणनीति बताया और दलील दी कि जो पक्ष इस तरह के दबाव का सामना कर रहा हो, वह शर्तें तय नहीं कर सकता। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत आमिर सईद इरावानी ने इस बात पर जोर दिया कि इस्लामाबाद में किसी भी औपचारिक शांति वार्ता में शामिल होने के लिए नौसैनिक नाकेबंदी को खत्म करना ईरान की अनिवार्य शर्त है।इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से जुड़ी ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर (एमएनए) ने कहा कि ईरान ने युद्धविराम बढ़ाने की मांग नहीं की है। एजेंसी ने ताकत के दम पर अमेरिकी नाकेबंदी को तोड़ने की धमकियों को फिर दोहराया। युद्धविराम विस्तार की यह घोषणा युद्ध में हुए कई बड़े घटनाक्रमों के बाद हुई है। हमलों पर रोक के बावजूद श्री ट्रंप ने अमेरिकी सेना को नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखने का निर्देश दिया है, जो ईरान के लिए विवाद का मुख्य मुद्दा बना हुआ है। श्री ट्रंप ने दावा किया कि यह विस्तार आंशिक रूप से ईरानी सरकार में 'गहरी दरार' होने के कारण किया गया है। ईरानी अधिकारियों ने इस आख्यान को खारिज कर दिया है और स्थायी शांति के लिए खुद की '10-सूत्रीय योजना' पर कायम हैं। मेहर समाचार



एजेंसी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप, जो पिछले कुछ दिनों से बार-बार दावा कर रहे थे कि वह ईरान के साथ युद्धविराम नहीं बढ़ायेंगे, उन्होंने एकतरफा रूप से युद्धविराम विस्तार की घोषणा कर दी। एजेंसी के मुताबिक, ट्रंप को एकतरफा युद्धविराम की घोषणा करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जबकि उन्होंने पहले खुले तौर पर जोर दिया था कि वह किसी भी हाल में युद्धविराम नहीं बढ़ायेंगे और ईरान को इस्लामाबाद वार्ता में हिस्सा लेना ही होगा। श्री ट्रंप ने मंगलवार को घोषणा की थी कि अमेरिकी प्रतिनिधि बातचीत के लिए पाकिस्तान जा रहे हैं और अगर ईरान सहमत नहीं हुआ तो युद्ध फिर से शुरू हो जायेगा। ईरानी अधिकारियों ने हालांकि चुप्पी साधे रखी है और बातचीत में शामिल होने या न होने के संबंध में किसी आधिकारिक रुख की घोषणा नहीं की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका ने युद्धविराम का उल्लंघन किया है। एक अन्य अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी, तस्नीम ने अज्ञात अधिकारियों के हवाले से यह भी कहा कि ईरान ने युद्धविराम के विस्तार का अनुरोध नहीं किया था, और ट्रंप की घोषणा के कई मायने हो सकते हैं। ''पहला मतलब यह है कि ट्रंप युद्ध हार चुके हैं। उन्होंने युद्ध के दौरान सभी संभावित परिदृश्यों का परीक्षण और कार्यान्वयन कर लिया है। इसमें कहा गया है कि श्री ट्रंप जानते हैं कि युद्ध के जरिये उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा, इसलिए वह युद्ध से बाहर निकलने को ही अपने लिए सबसे अच्छा रास्ता मानते हैं। अगर वह युद्ध जारी भी रखते हैं, तब भी उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा। तस्नीम ने कहा कि हालांकि इस युद्ध में अमेरिका के लिए कोई उपलब्धि नहीं है, लेकिन श्री ट्रंप हर मुमकिन हथकंडे से धोखा देने सहित कुछ भी कर सकते हैं, जिनमें युद्धविराम का विस्तार भी शामिल है। इसमें कहा गया है कि श्री ट्रंप युद्धविराम बढ़ाने का दावा कर सकते हैं, लेकिन फिर वही अमेरिकी प्रशासन या इजरायल 'आतंकवादी कदम' उठा सकते हैं। एजेंसी ने कहा कि ईरान ऐसे परिदृश्य को कम कर नहीं आंकता और इस तरह की संभावना पर करीब से नजर रख रहा है। इसमें कहा गया है कि अमेरिका युद्ध से पीछे हट जायेगा और इजरायल लेबनान में युद्धविराम के उल्लंघन के बहाने इस जंग में बना रहेगा। अमेरिकी अधिकारियों को हालांकि पहले ही चेतावनी दी जा चुकी है कि अमेरिका एकतरफा रूप से युद्ध से भाग नहीं सकता और इजरायल को लड़ाई में बनाये नहीं रख सकता। नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहने का मतलब है कि शत्रुता जारी है। जब तक नौसैनिक नाकेबंदी लागू रहेगी, तब तक ईरान कम से कम होर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोलेगा और अगर जरूरी हुआ तो ताकत के बल पर इस नाकेबंदी को तोड़ देगा। इसमें कहा गया है कि अमेरिका ईरान पर युद्ध का साया बनाये रखना चाहता है और ईरान की अर्थव्यवस्था और राजनीति को अधर में रखना चाहता ● शेष पेज 11 पर

### अमेरिकी नौसेना नाकेबंदी हटाए, तब होगी इस्लामाबाद वार्ता

**तेहरान।** ईरान ने बुधवार को कहा कि वह अमेरिका के साथ इस्लामाबाद में शांति वार्ता के लिए तभी तैयार होगा जब अमेरिका उसके बंदरगाहों पर लगायी गयी नौसैनिक नाकेबंदी को समाप्त करेगा। ईरान ने अमेरिका की इस गतिविधि को संघर्षविराम का उल्लंघन बताया है। ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा संघर्षविराम की अवधि बढ़ाए जाने का मजाक उड़ाते हुए कहा कि ''हारने वाला पक्ष शर्तें नहीं थोप सकता'' और इसे निरर्थक तथा संभावित रूप से आगे की सैन्य कार्रवाई के लिए समय खराब करने का प्रयास बताया। यह बयान ऐसे समय आया है जब श्री ट्रंप ने ईरान के साथ संघर्षविराम को उस समय तक बढ़ाने की घोषणा की है, जब तक तेहरान युद्ध समाप्ति और वार्ता की शर्तों पर संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं करता। इस दौरान अमेरिका ने एक ओर कूटनीतिक चैनल खुले रखने की ● शेष पेज 11 पर

# यूपीएसआईएफएस में क्वान्टम कम्प्यूटिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

❑ भारत को भी स्वदेशी तकनीक पर नियंत्रण करना ज़रूरीः डॉ अजय चौधरी

❑ तकनीकी स्वावलंबन ही राष्ट्रीय क्वांटम मिशन का मूल मंत्रः आलोक कुमार, आईएएस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशों के क्रम में आज उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइन्स लखनऊ में क्वान्टम कम्प्यूटिंग विषय पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ डॉ अजय चौधरी चेयरमैन नेशनल क्वान्टम मिशन (भारत सरकार) एवं सह संस्थापक एचसीएल तथा श्री आलोक कुमार आईएएस प्रमुख सचिव आईटी एन्ड इलेक्ट्रानिक्स उत्तर प्रदेश ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया । जिन्हें संस्थापक निदेशक डॉ0 जी.के. गोस्वामी ने मंच पर स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम् प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अजय चौधरी ने कहा कि दुनिया अब यूनिपोलर हो गई है हर देश अपनी तकनीक पर निर्भर हैम् उन्होंने अमेरिका के सॉफ्टवेयर और चीन के हार्डवेयर के प्रभुत्व का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्तमान समय में हमारा अधिकांश डिजिटल ढांचा विदेशी नियंत्रण में होने के कारण डेटा सुरक्षा और संप्रभुता पर खतरा है, क्लाउड से मैसेजिंग तक भारत का डेटा वैश्विक वेंडर्स के पास है । इसलिए भारत को भी स्वदेशी तकनीक पर नियंत्रण करना ज़रूरी है। यह नई तकनीक दोधारी तलवार है, अधिकाँश डिजिटल बैकबोन सेमीकंडक्टर से सोशल मीडिया तक विदेशी नियंत्रण में होना अच्छी बात नहीं हैम् भविष्य के युद्ध एआई, ड्रोन और चिप्स के जरिए लड़े जाएंगेम् उन्होंने इस परिपेक्ष में ऑपरेशन सिन्दूर पर भी प्रकाश डालाम्डॉ. चौधरी ने कहा कि साइबर शिक्षा और सुरक्षा को क्वांटम आधारित बनाना जरूरी है अन्यथा मौजूदा एनक्रिप्शन अप्रासंगिक हो जाएगाम् उन्होंने ने कहा भारत की नेशनल क्वांटम मिशन में तेज प्रगति क्वांटम कंप्यूटिंग, कम्युनिकेशन और सेंसिंग को आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वदेशी तकनीक ही भविष्य में भारत को वैश्विक नेतृत्व दिला सकती है।

इस अवसर पर श्री अलोक कुमार, प्रमुख सचिव आईटी एन्ड इलेक्ट्रानिक्स ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में आईआईटी कानपुर कि साझेदारी से क्वांटम कंप्यूटर भारत लाने और नोएडा-गएट में डीप टेक हब स्थापित करने करने के प्रयास किये जा रहे हैं । नई स्टार्टअप नीति में डीप टेक रिसर्च हेतु 30-40 करोड़ तक फंडिंग, डेटा सेंटर नीति में प्रोत्साहन और 325 करोड़ का डीप टेक फंड शामिल है। क्वांटम कम्प्यूटिंग की असीम संभावनाओं पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार वित्तीय सहायता, इंफ्रास्ट्रक्चर, नीतिगत समर्थन और कौशल विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैम् उन्होंने कहा कि तकनीकी स्वावलंबन ही राष्ट्रीय क्वांटम मिशन का मूल मंत्र है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्रीय क्वांटम मिशन ने प्रारंभिक सफलताएं हासिल की हैं उन्होंने अगले 2-3 वर्षों में 1000 क्यूबिट लक्ष्य पर भी आशा जताई। इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने कहा कि हमारे संस्थान के इतिहास में आज का दिन साधारण नहीं, बल्कि नई यात्रा का प्रारंभ है जिसे हम क्वांटम कम्प्यूटिंग के नवीन युग की शुरुआत कह सकते हैंम् उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्रीजी का विजन क्वांटम लैब स्थापित करने का है और आज मंचासीन अतिथियों के प्रेरणा से आज ठव्ह्व्क्क्ष्ट की क्वांटम यात्रा शुरू हो चुकी है हमारे छात्र भविष्य के लीडर होंगे ।

डॉ. गोस्वामी ने कहा कि डेटा सबसे मूल्यवान वस्तु है अमेरिका की शक्ति डेटा प्रभुत्व से है। एवं भारत का डीपीडीपी एक्ट 2023 इसी कारण। बिना लीगल कंप्लायंस के प्रौद्योगिकी अविश्वसनीय है। क्क्ष्टअनुच्छेद 25 सिखाता है कि लीगलिटी बाय डिजाइन, प्राइवेसी बाय डिजाइन, सिक्योरिटी बाय डिजाइन। साइबर सिक्योरिटी डेटा प्रोटेक्शन का मात्र एक डोमेन है। यह संस्थान विधि-लैब-टेक्नोलॉजी एकीकरण का एकमात्र व्यवस्थित संस्थान है। लीगल छात्र डीएनए/फिंगरप्रिंट लैब जाते हैं; टेक्नोक्रेट मूट कोर्ट एवं कोर्ट इंटर्नशिप करते हैं। प्रौद्योगिकी बिना गवर्नेंस के जीवित नहीं रह सकती हैम् उन्होंने कहा कि क्वांटम फॉरेंसिक्स, लीगल फ्रेमवर्क, क्रिप्टोग्राफी एवं क्वांटम गवर्नेंस मॉडल विकसित करेंगे।

# प्रयागराज चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार सुविधा शुल्क की वसूली चरम पर

❑ गैर-विवादित मामलों में भी 10 हजार तक रिश्वत का आरोप





कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज । कोरांव तहसील स्थित चकबंदी विभाग पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। स्थानीय लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यहां न्याय पैसे के दम पर मिलता है और सुनवाई नहीं होती।चर्चा है कि सहायक चकबंदी अधिकारी (सीओ चकबंदी) पर गैर-विवादित मामलों में भी 10 हजार रुपये तक सुविधा शुल्क लेने का आरोप है। विवादित मामलों में सुविधा शुल्क की कोई सीमा तय नहीं है।

आरोप है कि अधिकारी जिस पक्ष से अधिक पैसे मिलते हैं, उसी के पक्ष में आदेश पारित कर देते हैं।इसके अलावा, जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है, वहां फाइलें छुड़वाने, नाम चढ़ाने या अन्य किसी भी कार्य के लिए भी अवैध रूप से धन उगाही की जा रही है। क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों ने इस मामले में चकबंदी आयुक्त, लखनऊ का ध्यान आकर्षित करने की मांग की है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि एक ओर जहां सरकार जनहित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं दूसरी ओर विभाग के अधिकारी उसकी छवि धूमिल कर रहे हैं।

## केशव प्रसाद मौर्य प्रतिभा सम्मान समारोह में हुए शामिल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज के इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन हॉल में आयोजित संस्कृति आईएएस संस्थान के प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लिया।उन्होंने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा-2024 में चयनित अभ्यर्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में चयन केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का अवसर है। उन्होंने युवाओं को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रयागराज की महत्ता बताते हुए कहा कि यह संगम की पावन भूमि है, जो ज्ञान और परिश्रम की प्रेरणा देती है। साथ ही युवाओं से वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा 2025: निष्पक्ष आयोजन के लिए प्रशासन तैयार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिले में 25, 26 व 27 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनपद के 37 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर प्रतिबंध और केंद्रों पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता से समझौता करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पृथ्वी दिवस पर विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। द्वारका प्रसाद गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित शिविर में छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और सतत जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। सचिव प्रदीप्ति सिंह ने बताया कि पृथ्वी दिवस 1970 से मनाया जा रहा है और वर्ष 2026 की थीम ॑हमारी शक्ति, हमारा ग्रहङ्क है। इसके अलावा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (बालिका) में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा जिला कारागार नैनी में बंदियों को भी पर्यावरण संरक्षण और विधिक जानकारी दी गई।

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित करने हेतु 03 दिसम्बर 2026 को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।
उप निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विभिन्न श्रेणियों—जैसे सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी, नियोक्ता, संस्था, नवाचार, खिलाड़ी आदि—में पुरस्कार दिए जाएंगे।
इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट http://uphwd.gov.in से आवेदन पत्र डाउनलोड कर निर्धारित प्रारूप में तीन प्रतियों में संबंधित जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## प्रयागराज-कौशाम्बी में फर्जी रजिस्ट्री सिंडिकेट पर सवाल, कार्रवाई को लेकर उठे गंभीर प्रश्न

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** प्रयागराज और कौशाम्बी जनपद में फर्जी दस्तावेजों और कूटरचित रजिस्ट्री के बढ़ते मामलों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्र में कथित रूप से फर्जी स्टाम्प, जाली वसीयत और कूटरचित रजिस्ट्री के जरिए जमीन कब्जाने का संगठित नेटवर्क सक्रिय होने के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि भू-माफियाओं द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं और इसमें कुछ विभागीय मिलीभगत की भी आशंका जताई जा रही है। आरोप यह भी हैं कि इस तरह के सिंडिकेट का संचालन पहले सक्रिय रहे आपराधिक गिरोहों से जुड़े तत्वों द्वारा किया जा रहा है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि आधिकारिक तौर पर नहीं हो सकी है, लेकिन यह मुद्दा जनचर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि आखिर ऐसे मामलों पर प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो पा रही है। प्रशासन और पुलिस की विभिन्न इकाइयों—कमिश्नरेट पुलिस, खुफिया एजेंसियों और विशेष टीमों—की सक्रियता के बावजूद इस तरह की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण न हो पाने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि जमीन से जुड़े मामलों में पारदर्शिता, डिजिटल रिकॉर्ड की सख्ती से जांच और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई से ही इस समस्या पर अंकुश लगाया जा सकता है।

## प्रयागराज में 1.10 करोड़ की हेरोइन बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** प्रयागराज के नवाबगंज क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना नवाबगंज और एएनटीएफ (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से करीब 550 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 10 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अनिश कुमार उर्फ आशीष सोनकर और सौरभ सोनकर के रूप में हुई है, जो माण्डा खास क्षेत्र के निवासी हैं। दोनों को मंसूरा बाईपास के पास से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे हेरोइन की तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने उनके पास से एक कार (निसान मैगनाइट) भी बरामद की है, जिसका इस्तेमाल मादक पदार्थ के परिवहन में किया जा रहा था।
श्यामजीत प्रमिला सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने एक अन्य साथी सागर के साथ मिलकर नशीले पदार्थों की तस्करी करते थे और मुनाफा आपस में बांट लेते थे।
पुलिस ने बताया कि फरार आरोपी सागर की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस कार्रवाई में एएनटीएफ और नवाबगंज थाने की संयुक्त टीम शामिल रही। पुलिस अधिकारियों ने इसे मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता बताया है।

## तीन मंजिला छत से गिरकर वेल्डर की मौत

**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इटौंजा क्षेत्र के सीतापुर रोड स्थित अर्जुनपुर गांव के पास बने बिरला ओपन माइंड स्कूल में बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसे में वेल्डर की जान चली गई। अचरामऊ गांव निवासी दानिश (25) स्कूल की तीन मंजिला छत पर फाइबर की टीन शेड लगाने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह ऊंचाई से नीचे आ गिरे, जिससे गंभीर चोटें आईं।साथ में काम कर रहे तारनपुर गांव निवासी मोबिन ने बताया कि कार्य के दौरान किसी भी प्रकार के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए थे। उनका आरोप है कि सेफ्टी बेल्ट तक नहीं दी गई, जिसके चलते यह हादसा हुआ।घटना के बाद आनन-फानन में दानिश को एम्बुलेंस से सौ शैया अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना शाम करीब चार बजे की बताई जा रही है। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी शाहीन और चार वर्षीय बेटे आरशु का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य खोने से घर पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी लगातार हादसों को न्योता दे रही है।वहीं, पुलिस ने मौके की जानकारी जुटाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने गर्मी, आग की घटनाओं पर जांची व्यवस्थाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरावं, प्रयागराज। बढ़ती गर्मी और हाल ही में हुई आग की घटनाओं को देखते हुए मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रशासन सतर्क हो गया है। प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. वी. के. पांडेय ने मंगलवार को अस्पताल परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों, तीमारदारों और स्टाफ से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुविधाओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान ट्रॉमा सेंटर, इमरजेंसी वार्ड, नई बिल्डिंग और जन औषधि केंद्र का जायजा लिया गया। ओपीडी ब्लॉक में मरीजों और उनके परिजनों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता तथा अन्य सुविधाओं का भी विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। इसका उद्देश्य भीषण गर्मी में किसी भी प्रकार की असुविधा को रोकना था।हाल ही में हुई आग की घटनाओं के मद्देनजर अस्पताल में लगे फायर एक्सटिंग्विशर और फायर हाइड्रेट सिस्टम की गहन जांच की गई। वाटर प्रेशर और वाटर सप्लाई की स्थिति का परीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. वी. के. पांडेय ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अस्पताल में पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं हर हाल में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, फायर सेफ्टी सिस्टम को पूरी तरह क्रियाशील रखने पर जोर दिया, ताकि आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।इस निरीक्षण के दौरान उप-प्रधानाचार्य डॉ. मोहित जैन, प्रमुख अधीक्षक डॉ. नीलम सिंह, भवन प्रभारी डॉ. मानसिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित सिंह, मेडिकल कॉलेज के अभियंता श्री बृजेश सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में 108 एम्बुलेंस हादसाः ईएमटी की मौत, पायलट गंभीर, कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जनपद के सोरांव क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 108 एम्बुलेंस के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) की मौत हो गई, जबकि पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना ने न केवल स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को झकझोर दिया है, बल्कि एम्बुलेंस संचालन प्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, जिला प्रतापगढ़ में कार्यरत 108 एम्बुलेंस (यूपी 32 जफ जी 1694) एक मरीज को लेकर प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल आई थी। मरीज को भर्ती कराने के बाद एम्बुलेंस वापस लौट रही थी। इसी दौरान सोरांव थाना क्षेत्र के नहर दादौली के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने एम्बुलेंस को टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।इस हादसे में एम्बुलेंस के ईएमटी अशोक पटेल और पायलट उमेश शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल स्वरूप रानी अस्पताल लाया गया,



जहां उपचार के दौरान अशोक पटेल की हालत अचानक बिगड़ गई और डॉक्टरों के प्रयास के बावजूद उनका निधन हो गया।वहीं पायलट उमेश शर्मा को एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।घटना के बाद एम्बुलेंस सेवा के संचालन को लेकर भी गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि 108 एम्बुलेंस सेवा का संचालन वर्तमान में एक निजी कंपनी द्वारा किया जा रहा है, जिस पर कर्मचारियों की कमी और अत्यधिक कार्यभार का आरोप है।सूत्रों के अनुसार, घायल पायलट लंबे समय से लगातार ड्यूटी कर रहा था और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बावजूद छुट्टी नहीं मिलने की बात भी सामने आई है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। इस दुखद घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने हादसे की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।यह हादसा एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करता है कि आपातकालीन सेवाओं में कार्यरत कर्मियों की सुरक्षा, कार्य-परिस्थितियों और स्वास्थ्य का ध्यान रखना कितना जरूरी है।

# उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बड़ोखर गौशाला का निरीक्षण किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। राजकीय पशुचिकित्सालय, कोरॉव के उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. ईश्वरी नारायण यादव ने 22 अप्रैल 2026 को अस्थाई गो आश्रय स्थल बड़ोखर का निरीक्षण किया। इस दौरान गौशाला में कुल 270 गोवंश संरक्षित पाए गए।निरीक्षण में सामने आया कि गौशाला में दो भूसा गोदामों की कुल भंडारण क्षमता 1400 क्विंटल है। हालांकि, एक गोदाम पूरी तरह खाली मिला, जबकि दूसरे में लगभग 100 क्विंटल भूसा और 25 क्विंटल पशु आहार ही मौजूद था।संबंधित पंजिकाओं की अनुपलब्धता के कारण भूसे और पशु आहार की मौजूदा मात्रा का अभिलेखों के अनुसार सत्यापन नहीं हो सका।निरीक्षण के दौरान गोवंश का स्वास्थ्य सामान्य पाया गया और साफ-सफाई संतोषजनक मिली।हालांकि, गोवंश को अभी हरा चारा नहीं मिल रहा है। बोई गई चारा फसल भी सिंचाई की कमी और बढ़ती गर्मी के कारण ठीक से विकसित नहीं हो पा रही है। इसके अलावा, बाउंड्री फेंसिंग क्षतिग्रस्त होने के कारण संरक्षित गोवंश बाहर निकल रहे हैं।इस समस्या की सूचना दूरभाष पर खंड विकास अधिकारी कोरॉव को दी गई, जिन्होंने शीघ्र मरम्मत का आश्वासन दिया। निरीक्षण के समय गो सेवक श्री हरी लाल, नूजल अली, तशीर शाह और अभय प्रताप सिंह मौके पर मौजूद थे।

# कोरांव में इंस्पेक्टर ने खुलवाया जाम, नगर पंचायत ने दी चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव , प्रयागराज। प्रयागराज जनपद के कोरांव नगर पंचायत कस्बे में आए दिन लगने वाले जाम की समस्या पर उच्चाधिकारियों ने संज्ञान लिया है। बुधवार को नगर पंचायत ने अतिक्रमण हटाने के लिए मुनादी कराई, वहीं थाना प्रभारी राकेश कुमार वर्मा ने पुलिस बल के साथ स्वयं धूप में खड़े होकर जाम खुलवाया।नगर पंचायत द्वारा बुधवार को पूरे कस्बे में वाहन से घोषणा कराई गई। इसमें अतिक्रमण करने वालों को तत्काल अपना



कब्जा हटाने की चेतावनी दी गई, अन्यथा जुर्माना सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।दूसरी ओर, कोरांव थाना प्रभारी राकेश कुमार वर्मा सुबह 10 बजे से दोपहर तक अन्य पुलिसकर्मियों के साथ चौराहे पर चिलचिलाती धूप में खड़े होकर यातायात व्यवस्था संभालते रहे और जाम खुलवाते रहे। इस दौरान डीसीपीसी कार्यकर्ता मोहम्मद असलम ने भी जाम खुलवाने में सहयोग किया।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि व्यापारी स्वयं अतिक्रमण हटा लेते हैं तो ठीक है, अन्यथा प्रशासन को कार्रवाई करने के लिए विवश होना पड़ेगा। आए दिन लगने वाले जाम के कारण स्कूल वाहन, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और गंभीर मरीज व घायल लोग फंसे रहते हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## ससुर ने दामाद के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

लखनऊ । गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के क्षेत्र के नंदा खेड़ा मजरा भट्टी बरकत नगर निवासी दुखीलाल ने अपनी बेटी शालू के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए पति बलराम व देवर लवकुश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दुखीलाल के अनुसार अनूप खेड़ा का रहने वाला उनका दामाद बलराम शराब पीकर अक्सर उनकी बेटी शालू को गालियां देता और मारता-पीटता है। आरोप है कि 20 अप्रैल की रात बलराम व उसके भाई लवकुश ने नशे में शालू को लात-घूसों और लाठी-डंडों से पीटा।तथा गला दबाकर जान से मारने की भी कोशिश की।मारपीट में शालू के सिर व शरीर में गंभीर चोटें आई है जिससे वह अस्पताल में भर्ती है। गोसाईगंज पुलिस पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले को जांच कर रही है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप-मुख्य अभियंता / नि.- अयोध्या / उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर मोहर बन्द ई-निविदाएँ दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर उप-मुख्य अभियंता / नि.-अयोध्या / के अधीन, रायबरेली-उतरैटिया खंड पर एल.सी. संख्या 114/C (Km 950.364), 115/C (Km 951.301) & 120/C (Km 957.759) के स्थान पर आर.यू.बी. का प्रावधान। |
| 2. | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1806.06 लाख |
| 4. | धरोहर राशि | रु. 36,12,100.00 |
| 5. | ई-निविदा जमा करने की तारीख / समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक 15.05.2026 को 15.00 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 15.05.2026 को समय 15.00 बजे खोली जाएगी। |
| 6. | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक 24.04.2026 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 01.05.2026 से 15.05.2026 तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्याः 257-टेंडर / उप-मुख्य अभियंता / नि.-अयोध्या / लखनऊ
दिनांक 22.04.2026 1340/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# प्रयागराज में हरित पट्टियों के रखरखाव पर सख्ती, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए चौराहों एवं सड़कों के किनारे विकसित हरित पट्टियों के संरक्षण एवं रखरखाव की समीक्षा के लिए मंडलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में त्रिवेणी सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में शहर की हरित व्यवस्था, पौधारोपण एवं उनके रखरखाव की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

मंडलायुक्त ने महाकुंभ के दौरान कराए गए विकास कार्यों की डिफ़ेक्ट लायबिलिटी क्लॉज के अंतर्गत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सड़कों, हरित पट्टियों एवं पौधों के रखरखाव में लापरवाही बरतने वाले कॉन्ट्रैक्टर्स के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित समयावधि में मेंटेनेंस कार्य पूर्ण न करने वाले ठेकेदारों की बैंक गारंटी जब्त कर उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा तथा अनुबंध की शर्तों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।बैठक में पीडीए द्वारा मेंटेन की जा रही सड़कों पर हरित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही चौराहों एवं जंक्शनों के सुंदरीकरण कार्यों की स्थिति पर भी चर्चा हुई। बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए ऐसे समर प्लांट्स लगाने पर जोर दिया गया जो उच्च तापमान में भी टिकाऊ हों।मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि अन्य बड़े शहरों में अपनाए जा रहे हरित संरक्षण के सफल मॉडलों का अध्ययन कर उन्हें स्थानीय स्तर पर लागू किया जाए। जहां पौधे सूख रहे हैं, वहां तत्काल प्रतिस्थापन सुनिश्चित किया जाए तथा चौराहों पर सौंदर्यीकरण के तहत समुचित प्रकाश व्यवस्था के लिए नगर निगम से समन्वय स्थापित किया जाए।निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों का एक व्हाट्सऐप समूह बनाकर प्रतिदिन प्रगति की फोटो साझा करने के निर्देश दिए गए, जिससे उच्च स्तर पर सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके।कुछ प्रमुख चौराहों पर लैंडस्केपिंग कार्य हेतु एक सप्ताह के भीतर कार्ययोजना तैयार कर 15 मई तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, वर्टिकल गार्डन में पानी की कमी से प्रभावित पौधों के स्थान पर नए पौधे लगाने तथा समुचित सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि हरित पट्टियों के रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी और सभी कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता (प्रोजेक्ट.) लखनऊ, उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती हैं:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम उसके स्थान सहित | मुरादाबाद मंडल के बघौली स्टेशन पर पुराने PI के स्थान पर EI की स्थापना। टेन्डर नं0:- सिग-पी-एल.के.ओ.-01-2026 |
| 2. | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 6,74,63,675.25/- (छः करोड़ चौहत्तर लाख तिरसठ हजार छः सौ पचहत्तर रुपये पच्चीस पैसे मात्र) |
| 4. | टेण्डर डाक्यूमेंट की धनराशि जमा की जाने वाली बयाना धनराशि | टेण्डर डाक्यूमेंट की धनराशि शून्य ₹ 13,49,300.00/- ((रूपये तेरह लाख उन्चास हजार तीन सौ मात्र) |
| 5. | आफर की वैधता | 60 (साठ) दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| 6. | ई निविदा जमा करने की तारीख / समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदा दिनांक 30.04.2026 से 14.05.2026 को 11:30 बजे तक आई०आर०ई०पी०एस० के वैबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। निविदा दिनाक 14.05.2026 को 11:30 बजे खोली जायेगी। |
| 7. | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा आई०आर०ई०पी०एस० की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 23.04.2026 से 14.05.2026 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगी तथा ई-निविदा 30.04.2026 से 14.05.2026 तक 11:30 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं। |

● ठेकेदारों कोई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। ● समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। ● मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। ● विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट पर भी देखी जा सकती है। **संख्या-सिग -पी - एल. के.ओ. - 01-2026 दिनाँकः-21.04.2026** 1326/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिलाधिकारी ने की 'जनगणना-2027' की तैयारियों की समीक्षा

❐ जनगणना-2027 का प्रथम चरण दिनांक 07 मई से 21 मई 2026 तक संचालित होगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता।




लखनऊ । 'जनगणना-2027' की तैयारियों को सुव्यवस्थित, प्रभावी एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत दिनांक 07 मई से 21 मई 2026 तक संचालित होने वाली स्वगणना (Self Enumeration) की तैयारियों, कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन से जुड़े समस्त प्रशासनिक एवं तकनीकी बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राकेश सिंह सहित जनगणना निदेशालय की ओर से डॉ. गौरव पाण्डेय (उप निदेशक), उपासना गिरी (सहायक निदेशक), रमेश कुमार पाण्डेय (सांख्यिकीय अन्वेषक) तथा अनिल सिंह उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने स्वगणना अभियान को सफल बनाने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करना तथा जनगणना के प्रति व्यापक जनजागरूकता उत्पन्न करना है।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि उनके अधीनस्थ समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से स्वगणना में प्रतिभाग करें। इसके लिए प्रत्येक विभाग में नोडल अधिकारी नामित किए जाएं, जो कर्मचारियों को स्वगणना की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा नगर निगम को निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी 110 वार्डों के पार्षदों का चरणबद्ध प्रशिक्षण आयोजित किया जाए। प्रशिक्षण में स्वगणना की प्रक्रिया, पोर्टल/एप का उपयोग, डेटा सुरक्षा एवं नागरिकों को मार्गदर्शन देने की विधियों की जानकारी दी जाए, ताकि पार्षदों की उपस्थिति में अपने-अपने वार्डों में जनजागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

जिलाधिकारी द्वारा शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया जाए। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को स्वगणना के महत्व एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जाए। इसके लिए विशेष कार्यशालाएं, गोष्ठियां एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे युवा वर्ग इस अभियान का सक्रिय भागीदार बन सके।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सरकारी कॉलोनियों, आवासीय परिसरों एवं हाउसिंग सोसाइटीज़ में विशेष अभियान चलाया जाए। इन क्षेत्रों के लिए विशेष टीमों का गठन कर घर-घर संपर्क स्थापित किया जाए एवं स्वगणना की प्रक्रिया में तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई जाए।जनजागरूकता के व्यापक प्रसार हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नगर निगम की एलईडी स्क्रीन, आईटीएमएस (इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) के पीए सिस्टम, प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं बाजारों में स्वगणना से संबंधित जागरूकता वीडियो एवं संदेशों का नियमित प्रसारण किया जाए। साथ ही मल्टीप्लेक्स एवं सिनेमा हॉल में फिल्म प्रदर्शन से पूर्व जागरूकता संदेश दिखाए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।उन्होंने कहा कि समाज के गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, व्यापारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इनके माध्यम से आमजन को प्रेरित कर स्वगणना में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पीएसयू, आईएमए, आईआईए, व्यापारिक संगठनों, आरडब्ल्यूए, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा अन्य संगठनों के माध्यम से भी व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन कार्यक्रमों में जिला स्तरीय अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए, जिससे संदेश अधिक प्रभावी रूप से जनसामान्य तक पहुंच सके।जिलाधिकारी ने अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु जनसंचार माध्यमों, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, पोस्टर, पंपलेट एवं बैनरों का व्यापक उपयोग किए जाने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता एवं प्रगति की सतत निगरानी हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में समस्त उपजिलाधिकारी एवं नगर निगम क्षेत्र में समस्त अपर जिलाधिकारी तथा अपर नगर आयुक्त द्वारा प्रतिदिन निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रतिभागियों की उपस्थिति एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# निगोहां में तेज रफ्तार का कहर: अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



निगोहां, लखनऊ। निगोहां कस्बे में मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, चौरसिया ढाबा के पास बाइक संख्या यूपी 32 एमएफ 0838 को पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे में बाइक चला रहे 30 वर्षीय मुकेश पुत्र चेतराम निवासी थाना नगराम को मामूली चोटें आईं, जबकि पीछे बैठे 45 वर्षीय राकेश पुत्र पूर्णमासी निवासी करणपुर, निगोहां गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया।घटना की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल है।निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से हादसा हुआ है। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश की जाएगी।पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी वाहन की पहचान में जुटी है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है।

# 25 करोड़ की ठगी का आरोप, एसीपी कार्यालय पहुंचे भूखंड खरीदार

❐ 200 से अधिक निवेशकों की फंसी रकम, जमीन न देने, बाउंड्री तोड़ने व चेक बाउंस के आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बख्शी का तालाब,लखनऊ। महिंगवा थाना क्षेत्र से जुड़े एक बड़े जमीन घोटाले का मामला सामने आया है। मम इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड पर करीब 25 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी का आरोप लगाते हुए दर्जनों भूखंड खरीदार बुधवार को बीकेटी स्थित एसीपी कार्यालय पहुंचे। पीड़ितों ने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने और उनकी जमा पूंजी वापस दिलाने की मांग की।

शिकायतकर्ता विशाल कुमार वर्मा व दिलीप कुमार वर्मा निवासी बिशुनपुर, जिला बलिया तथा जितेंद्र कुमार निवासी जापलिननगर, बलिया समेत अन्य निवेशकों ने बताया कि लखनऊ के गोमतीनगर, विराजखण्ड निवासी कंपनी के निदेशक अभिषेक त्रिपाठी ने प्लॉट दिलाने के नाम पर करीब 200 लोगों से करोड़ों रुपये लिए। आरोप है कि वर्षों बीत जाने के बावजूद न तो भूखंड उपलब्ध कराए गए और न ही रकम लौटाई गई।पीड़ितों के अनुसार, ग्राम कुम्हरावां तहसील बीकेटी स्थित विभिन्न गाटा संख्याओं की जमीन दिखाकर सौदे किए गए। कई लोगों को रजिस्ट्री व कब्जा दिलाने का भरोसा दिया गया, लेकिन बाद में कंपनी के लोगों ने खरीदारों द्वारा कराई गई बाउंड्री तक तोड़ दी और जमीन को अपने प्रोजेक्ट में शामिल कर लिया। प्रार्थना-पत्र में यह भी कहा गया है कि टाउनशिप विकसित करने के नाम पर सड़क, सीवर, बिजली व पानी जैसी सुविधाएं देने का वादा किया गया था, पर न तो विकास कार्य हुआ और न ही दोबारा कब्जा दिया गया।निवेशकों का आरोप है कि पैसा वापस मांगने पर कंपनी की ओर से दिए गए चेक बैंक में लगाने पर बाउंस हो गए। इससे आक्रोशित लोगों ने प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उनकी जमा पूंजी वापस दिलाने की मांग की है।एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में है, जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# राजीव कनौजिया अध्यक्ष, अजय कश्यप मंत्री निर्वाचित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन लखनऊ जनपद शाखा लखनऊ का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव बलरामपुर चिकित्सालय स्थित प्रांतीय कार्यालय में शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।अधिवेशन की अध्यक्षता बी.पी. चौधरी ने की, जबकि प्रांतीय स्तर के पर्यवेक्षकों की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई गई। सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया।चुनाव परिणामों के अनुसार राजीव कनौजिया को अध्यक्ष, एम.जेड. सिद्दीकी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ए.पी. मिश्रा को उपाध्यक्ष, अजय कश्यप को मंत्री, राकेश मोहन कुशवाहा को संगठन मंत्री, राजेश बौद्ध को संयुक्त मंत्री, प्रतिभा को कोषाध्यक्ष तथा शैलेंद्र प्रकाश को संप्रेक्षक चुना गया। इसके साथ ही बी.पी. चौधरी को जनपद शाखा का संरक्षक मनोनीत किया गया।प्रांतीय नेतृत्व ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा नए आयाम स्थापित करेगा।

## शादी समारोह से लौट रहे युवक से दबंगों ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट मे शादी समारोह से लौट रहे एक युवक पर रास्ते में रोककर दबंगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उसे बेरहमी से पीटा, जिससे उसके सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बहादुरपुर मजरे लालपुर, थाना जामो, जनपद अमेठी निवासी शिवपूजन 21 अप्रैल 2026 की रात करीब 12 से 1 बजे के बीच शादी समारोह से वापस लौट रहा था। घटना उस समय हुई जब वह चिनहट के इंदिरा डैम व जुग्गौर रेगुलेटर के पास पहुंचा।आरोप है कि इसी दौरान गांव के संजीव शुक्ला, अर्पित शुक्ला और अंकित शुक्ला सहित अन्य लोगों ने उसकी गाड़ी को जबरन रोक लिया और उस पर हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने उसे घेरकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। बीच-बचाव करने आए उसके साथियों को भी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।हमले में घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाना बीबीडी में शिकायत दर्ज कराई है।

## युवक ने लगाई फांसी, अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित



**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र के आस्था नगर मटियारी में बुधवार देर रात एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, आस्था नगर हॉस्टल मटियारी में किराए के मकान में रह रहे आकर्ष मिश्रा (26) पुत्र राजेश चंद्र मिश्रा, मूल निवासी ग्राम व पोस्ट बेलसर थाना पैकोलिया जनपद बस्ती, ने प्रेम प्रसंग के चलते आपस में हुई कहासुनी से वीडियो कॉलिंग के दौरान पंखे से दुपट्टे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। वह वर्तमान में लखनऊ स्थित क्रिसेंट बिल्डिंग में एचडीएफसी बैंक के लिए सेल्स/क्रेडिट कार्ड से संबंधित कार्य करता था।घटना की जानकारी मिलने पर उसके मित्र अक्षय कुमार समेत समीर सिंह, अनुराग तोमर और संदीप दुबे मौके पर पहुंचे। फ्लैट का दरवाजा अंदर से बंद होने पर जिसके बाद इन लोगों ने मिलकर बाहर का गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां कमरे का अंदरूनी दरवाजा भी बंद मिला। दरवाजा तोड़ने पर आकर्ष मिश्रा पंखे से लटका हुआ मिला। दोस्तों ने तत्काल फंदा खोलकर उसे नीचे उतारा और स्कूटी से चंदन हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बुकिंग कराने के बाद भी उपभोक्ता को नहीं मिल पाता है गैस सिलेंडर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र के गांव शिवकर में स्थिति अमर शहीद सुनील जंग गैस एजेंसी के उपभोक्ताओ की परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है। उन्हें गैस एजेंसी पर सिलेंडर नहीं दिया जाता । उपभोक्ताओं से होम डिलीवरी की बात कही तो जाती है लेकिन ऐसा होता नहीं है। बुकिंग किए जाने के बाद महीनों गैस सिलेंडर नहीं मिलता है।22 अप्रैल को दोपहर के समय एजेंसी के गेट पर ताला लगा हुआ था। एजेंसी के सभी जिम्मेदारों के मोबाइल फोन ऑफ थे। एजेंसी के गेट के सामने खड़े हुए चंदी का पुरवा निवासी शालिग्राम ने बताया कि उन्होंने 14 अप्रैल को बुकिंग कराया था। सूर्या मऊ निवासी दिलीप ने 5 अप्रैल को बुकिंग बात कही और कस्बा गोसाईगंज की रहने वाली ज़हरुन्निसा 23 मार्च 2026 को बुकिंग कराया था। इन तीनों पीड़ितो की लिस्ट में सेखनापुर गांव निवासी ग्राम सुमिरन का भी नाम शामिल हैं। इनके अनुसार इन्होंने 19 अप्रैल 2026 को शाम 7:30 बजे गैस सिलेंडर का भुगतान 950.50 रूपए कर दिया था लेकिन इनको गैस सिलेंडर अभी तक नहीं मिला।इस प्रकार इस उपभोक्ता की जेब से रुपए भी निकल गए और समस्या भी बनी हुई हैं।गैस समस्या को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की ओर ओर से मंडलायुक्त खाद्यान्न और रसद को शिकायत पत्र देकर समस्या के निस्तारण किए जाने की बात कही गई है। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि गैस उपभोक्ताओं से होम डिलीवरी की कीमत वसूली जाती है लेकिन उन्हे महीनों तक सिलेंडर नहीं मिल पाता है। उपभोक्ता द्वारा डीबीसी की काला बाजारी की जाती है । उपभोक्ता द्वारा मागे जाने पर होम डिलीवरी की बात कहकर उसे वापस कर दिया जाता है।संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष के अनुसार क्षेत्र के कुछ प्रभावशाली लोगों के यहां उनके इशारों पर गैस वितरण का कार्य किया जाता है। इस प्रक्रिया में आम उपभोक्ताओं का हक उन्हें नहीं मिल पाता है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जिन लोगों को कनेक्शन मिला है उन्हें भी सिलेंडर नहीं मिल पाता है। संगठन के नेता के अनुसार जिस शिवलर गांव मे जिस भूमि पर एजेंसी का भवन बना हुआ है वह ग्राम समाज की भूमि है। गैस एजेंसी के लिए नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई है। संगठन के नेता के अनुसार एजेंसी के जिम्मेदारों द्वारा क्षेत्र के गैस उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है।

# भाई-बहन पर दबंगों का हमला, मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कुढ़ा गांव निवासी एक युवक अपनी बहन को ससुराल छोड़ने गया था, जहां दबंगों ने रास्ते में रोककर दोनों भाई-बहन की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित ने मोहनलालगंज कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कुढ़ा गांव निवासी सौरभ यादव अपनी बहन अनामिका यादव को उसके ससुराल बक्खा खेड़ा मऊ छोड़ने गया था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही बिनीत यादव और उसके भाई कपिल यादव पुत्र फुलचंद्र यादव ने रास्ते में दोनों को रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी।पीड़ित का कहना है कि जब उसने विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने उस पर और उसकी बहन पर हमला कर दिया। दबंगों ने लाठी-डंडों से मारपीट करते हुए उन्हें घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया है।मोहनलालगंज कोतवाली प्रभारी बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों में घटना को लेकर आक्रोश है और उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# उप्र के 32 जिलों में भीषण गर्मी, लू की चेतावनी जारी , 25 अप्रैल तक राहत की उम्मीद नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । उत्तर प्रदेश में लगातार गर्मी प्रचंड होती जा रही है। लगातार बढ़ती गर्मी के चलते मौसम विभाग ने हीट वेव (लू) का प्रदेश के 32 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, बुंदेलखंड और पूर्वांचल सहित कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटे तक भीषण गर्मी की चेतावनी दी है। प्रदेश में सूरज की तपिश तीव्र होती जा रही है और गर्म हवाएं मौसम को और भी झुलसाने वाली बना रही हैं। लोगों को गर्मी से बचाव के उपाय करने की सलाह दी गई है।लखनऊ मौसम विभाग के मौसम वैज्ञानिक डॉ अतुल कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि यह गर्मी दो बड़े भौगोलिक कारणों से बढ़ी है, जिनमें सूखी पछुआ हवाएं और महाराष्ट्र के ऊपर चक्रवात शामिल हैं। अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी का ये दौर जारी रहेगा। इसके बाद ही कुछ निजात मिल सकती है। 27 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश संभाग में कहीं-कहीं बारिश, गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।इन जिलों में लू का अलर्टमौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक, बुधवार को प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मीरजापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही,जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, गोंडा, बलरामपुर,श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, पीलीभीत और शाहजहांपुर में भी भीषण गर्मी रहेगी। इस दौरान उक्त जिलों में लू का अलर्ट जारी किया गया है।

# पृथ्वी दिवस पर जागी पर्यावरण चेतना

❐ गुमानी खेड़ा से बहरौली तक स्कूलों में वृक्षारोपण , रैली और प्रतियोगिताओं की धूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रमों की धूम रही। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय गुमानी खेड़ा तथा जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज, बहरौली में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए धरती को बचाने का संकल्प लिया।

प्राथमिक विद्यालय गुमानी खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में इको क्लब के बच्चों सहित सभी विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा ने बच्चों को पर्यावरण में हो रहे बदलावों के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने, जल संरक्षण करने, पॉलीथीन का उपयोग बंद कर कपड़े के थैले अपनाने और स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि आवश्यकता होने पर ही पानी का उपयोग करें और कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें। इस दौरान बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एआरपी सुनील शुक्ला एवं शालिनी त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखे।वहीं जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज, बहरौली में पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा द्वारा वृक्षारोपण कर किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने पोस्टर, स्लोगन लेखन एवं भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी केवल हमारा घर नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व का आधार है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर भी लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सचेत किया।

## दबंगो ने घर में घुस कर की मारपीट

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र केसठवारा गांव में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक घर में घुसकर मारपीट की।जिसमें वृद्धा सहित दो लोग घायल हो गए।घटना के बाद दबंग मौके से भाग निकले लेकिन उनकी बाइक वहीं छूट गई।पीड़ित अर्पित कुमार के अनुसार 19 अप्रैल की शाम गांव के ही हरिराम राहुल व दिवाकर पुत्रगण गुरू प्रसाद रवि पुत्र गया प्रसाद अमर सिंह पुत्र मनोज तथा शेरा पुत्र अज्ञात अपने कुछ अन्य साथियों के साथ लाठी डंडे हॉकी और ईंट लेकर उसके घर आ धमके।घर में घुसते ही दबंगो ने गाली गलौज शुरू कर दी जिसका विरोध करने पर अर्पित व उसकी दादी पराना पर लात घूसों व डंडों से हमला कर दिया।जिससे दोनों घायल हो गए।शोर सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे तो दबंग जान से मारने की धमकी देने लगे।पीड़ित अर्पित ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही सभी आरोपी फरार हो गए।इस दौरान उनकी बाइक वहीं छूट गई।गोसाईगंज पुलिस पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# नोएडा में मजदूरों पर मुकदमे के खिलाफ सपा ने दिया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । समाजवादी पार्टी द्वारा बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी मजदूर सभा धनीलाल श्रमिक के निर्देश पर समाजवादी मजदूर सभा लखनऊ जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार ''ज्ञानू'' (प्रथम घ्व्ह्र यात्री) के नेतृत्व में नोयडा मे मजदूरों के ऊपर रासुका जैसी धाराओं में कार्यवाही और प्रशासन द्वारा उत्पीड़न के खिलाफ 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया गया

जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर,कुमार दुर्गेश सिंह''सोनू'' वरिष्ठ समाजवादी नेता सरोजनी नगर,हरि शंकर यादव वरिष्ठ नेता समाजवादी पार्टी,राष्ट्रीय सचिव मजदूर सभा रामनाथ यादव,युवजन सभा जिलाध्यक्ष शिव कुमार टाइगर,विनोद यादव फतेहगंज वरिष्ठ नेता समाजवादी,सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार मजदूर,किसानों का उत्पीड़न कर रहीं है। नोएडा मे अपना हक मांग रहे मजदूरों पर रासुका जैसी धाराओं में सैकड़ों मजदूरों की गिरफ्तारियां की है जब भी नौजवान, मजदूर,किसान अपने हक अधिकार की मांग करते हैं तो यह भाजपा के लोग धर्म का चोला पहनकर मंदिर मस्जिद के पीछे छुपने लगते हैं,इनका हमेशा से ही हिन्दू मुस्लिम,साम्प्रदायिकता ही राजनैतिक हथियार रहा है पूंजीवाद और निजीकरण को सदैव पोषित करते रहें हैं,अगर देश का मजदूर किसान नौजवान आंदोलित हुआ तो यहां भी श्री लंका नेपाल जैसे हालात उत्पन्न होते देर नहीं लगेगी,लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों मजदूर किसान सामुहिक रूप से ज्ञापन देने के लिए आए जिनमें मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष मजदूर सभा राम गोपाल कश्यप, रामौतार धीमान,विनोद शुक्ला,जगमोहन यादव,बचान सिंह,प्रदीप पत्रकार,अशोक कश्यप सत्तन भाई,गौरव यादव ओमकार,कमलेश गौतम, प्रदीप गौतम, अन्नू यादव,इंद्रेश यादव,सुरेंद्र सिंह प्रदेश सचिव मजदूर सभा,अर्जुन रावत, गोविंद सभासद,संदीप गुप्ता ,जगमोहन यादव, दीपक यादव, शाकिर राजवीर यादव, अखिलेश यादव अलीम अहमद,लोगों ने हिस्सा लिया।

# राजस्व मामलों में लापरवाही पर सख्त डीएम लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

❐ बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को राजस्व कार्यों, कर-करेत्तर राजस्व एवं सी0एम0 डैशबोर्ड पर राजस्व मामलों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी विभाग लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रह सुनिश्चित करें। प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही के भी निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक तहसील स्तर पर लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में राजस्व कार्यों में शिथिलता कदापि स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करते हुए शिकायतकर्ताओं को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए। समीक्षा के दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि राजस्व वसूली की प्रगति नियमित रूप से मॉनिटर की जाए तथा लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित की जाए। भूमि विवाद एवं अन्य जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु राजस्व अधिकारियों को जनता से संवाद बढ़ाने और मौके पर जाकर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि लंबित प्रकरणों की समीक्षा लगातार की जाएगी और प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध उत्तरदायित्व तय किया जाएगा। लम्बित वादों का निस्तारण जल्द से जल्द सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बड़े बकायदारों की सूची तैयार करते हुये उन पर कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि आई0जी0आर0एस0 का गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण किया जाये।

उन्होंने कड़े निर्देश देते हुये कहा कि आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों पर जो भी आख्या लगायी जाये, वह स्पष्ट होने के साथ ही संबंधित अधिकारी उस आख्या पर स्वयं जांच अवश्य करें एवं शिकायतकर्ता से वार्ता भी करें। ससमय सभी शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में न आने पाये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सभी उपजिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भव्य पालकी यात्रा व भजन संध्या के साथ आज मनाया जाएगा श्री सांई मंदिर का 16वां स्थापना दिवस

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी रोड स्थित गौराबाग के श्री सांई मंदिर का 16वां स्थापना दिवस (वार्षिकोत्सव) 23 अप्रैल को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य श्रृंखला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'भव्य सांई पालकी यात्रा' होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रीय नागरिक भाग लेंगे। पालकी यात्रा का शुभारंभ सुबह 9 बजे श्री सांई मंदिर से होगा, जो कुर्सी रोड स्थित टेढ़ी पुलिया चौराहा होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न होगी। पालकी यात्रा के उपरांत शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुप्रसिद्ध कलाकार सांई बाबा की महिमा का गुणगान प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

# एसपी ने की लंबित विवेचनाओं की समीक्षा, जल्द निस्तारण के निर्देश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर । जनपदीय पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की अध्यक्षता में विवेचनाओं से संबंधित एक बैठक पुलिस लाइन सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में एसपी ने लंबित विवेचनाओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही बड़ी पेशी से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने विवेचना की गुणवत्ता में सुधार, साक्ष्यों के वैज्ञानिक संकलन, अभियोगों के समयबद्ध निस्तारण तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए प्रभावी कार्रवाई किए जाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लंबित विवेचनाओं की नियमित समीक्षा करें तथा विवेचकों का मार्गदर्शन करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष विवेचना सुनिश्चित कराएं। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी आदि उपस्थित रहे ।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर सेमिनार आयोजित, किया पौधारोपण

❐ जल सहित अन्य प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने की दिलाई शपथ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर । विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सरस्वती ज्ञान मंदिर शिक्षा समिति ने सेमिनार का आयोजन शांति देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथोड़ा बुजुर्ग में किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां शारदे के चित्र का पूजन-अर्चन और मालार्पण से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कृषि वैज्ञानिक डॉ. एनपी गुप्ता ने कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए जंगल, जल पहाड़, मिट्टी आदि का दोहन हमें रोकना होगा।

पानी, हवा, जल आदि प्रदूषण होते जा रहे हैं, पहाड़ काटे जा रहे हैं और मिट्टी का खनन किया जा रहा है। जोकि आने वाले समय में पर्यावरण के लिए बहुत ही घातक सिद्ध होंगे। कहा कि हमें पानी का दुरपयोग कम से काम करना चाहिए। पेड़-पौधों का रोपण हर हाल में करना चाहिए एवं वैज्ञानिक आधारित कृषि तकनीक का उपयोग करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. कैलाश सिंह यादव समाजसेवी ने कहा कि जंगलों के संरक्षण के असली पहरेदार स्थानीय एवं आदिवासी समुदाय हैं। उन्होंने पृथ्वी बचाओ, जीवन बचाओ, पेड़ लगाओ, धरती को स्वर्ग बनाओ का नारा देते हुए कहा कि जब धरती हरी-भरी होगी, तभी जिंदगी खुशहाल होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने उपस्थित अतिथियों और छात्र-छात्राओं को जल और अन्य प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय स्टाफ ने वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम का संचालन उदय प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में सुहासिनी, अर्चना, पंकज वर्मा, विपिन कुमार, मीरा देवी, साकेत मिश्रा आदि शिक्षक- शिक्षिकाओं सहित समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## भाजपा नेता की बेटी से 42 हजार की ठगी

हाथरस । उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सादाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता की बेटी से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। शातिर ठगों ने आवाज की क्लोनिंग कर शिकार बनाते हुए 42 हजार 20 रुपये की ठगी की है। मामले में पीड़ित ने शिकायत की है।सादाबाद थाना क्षेत्र निवासी सुधीर गर्ग भाजपा नेता है। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री आरुषि गर्ग का खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है। बुधवार सुबह करीब 9:59 बजे आरुषि के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को उसका मौसा बताया और भावुक अंदाज में बात करते हुए किसी जरूरी काम के लिए पैसों की मांग की। ठग ने बातचीत के दौरान मौसा की आवाज का क्लोन तैयार कर आरुषि से बात की, जिससे उसे पूरा विश्वास हो गया कि वह अपने रिश्तेदार से ही बात कर रही है। इसी झांसे में आकर आरुषि ने अलग-अलग किस्तों में रकम ट्रांसफर कर दी। ठग ने आरुषि से कुल 42,020 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवाए। यह रकम 6 बार में भेजी गई, जिसमें 2 हजार, 10 हजार, 20 हजार, 2 हजार 20 रुपये और 6 हजार रुपये शामिल थे।

# खीरी में नए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने संभाली कमान जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर

❐ आमजन की समस्याओं का निराकरण, जनता की अपेक्षाओं पर खुद को खरा साबित करना प्राथमिकता : डीएम



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखीमपुर खीरी। जनपद को नए जिलाधिकारी के रूप में 2014 बैच के आईएएस अंजनी कुमार सिंह मिल गए हैं। उन्होंने बुधवार को मुख्यालय पहुंचकर कोषागार में विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार सम्भालने के उपरान्त उन्होंने वरिष्ठ प्रशासनिक व अन्य अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया।

उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई प्रॉपर हो। शिकायतकर्ता की शिकायत के निदान पर संतुष्टि जरूर हो, इसे सुनिश्चित कराए। फरियादी की केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए मदद करें। अधिकारी सजग और प्रो-एक्टिव होकर काम करें। अधिकारी अपने विभाग के सकारात्मक कार्यों को मीडिया से शेयर करें।

नवागत डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं को धरातल तक पहुंचाया जायेगा तथा जनशिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाएगा।आमजन की समस्याओं का निराकरण करना और जनता की अपेक्षाओं पर खुद को खरा साबित करना ही मेरी प्रथम प्राथमिकता होगी।

नवागत डीएम ने आमजन को भरोसा दिलाया कि उनका कार्यालय हर जरूरतमंद के लिए हमेशा खुला रहेगा। जनता सीधे मिलकर या फोन के जरिए अपनी समस्या रख सकेगी। लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिये जनता दर्शन में सभी अधिकारी निरन्तर उपलब्ध रहेंगे। उल्लेखनीय है कि नवागत डीएम अंजनी कुमार सिंह इससे पहले डीएम मैनपुरी के पद पर कार्य करने के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रहे हैं। इस दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम (न्यायिक) बृजपाल सिंह, एसडीएम (सदर) अश्वनी कुमार सिंह, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, अर्चना ओझा, वरिष्ठ कोषाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# धरने के सातवें दिन डीआरएम की जांच टीम पहुंची बोझवा

❐ भाकिमयू (सिंघानिया) ने कराया स्थलीय निरीक्षण: रिपोर्ट सौंप निस्तारण का दिया भरोसा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी, भीरा। विधानसभा घेराव के दौरान बने सहमति के क्रम में मण्डल रेल प्रबंधक , पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा गठित जांच टीम आज धरने के सातवें दिन ग्राम बोझवा रेलवे क्रॉसिंग स्थित धरना स्थल पर पहुंची। 'भारतीय किसान मजदूर यूनियन (सिंघानिया)' के दबाव और राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट एस.के. सिंघानिया के हस्तक्षेप के बाद ही डीआरएम ने यह जांच टीम गठित की थी। 15 अप्रैल से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसानों से टीम ने मुलाकात कर बंद क्रॉसिंग से उत्पन्न समस्याओं की विस्तार से जानकारी ली। संगठन के पदाधिकारियों ने जांच टीम को मौके पर ले जाकर दिखाया कि क्रॉसिंग बंद होने से किसानों का ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित खेतों तक पहुंचना किस प्रकार असंभव हो गया है।

### जांच टीम ने माने हालात गंभीर, रिपोर्ट पर होगा निस्तारण

की जांच टीम ने धरनारत किसानों और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए तथा क्रॉसिंग स्थल एवं वैकल्पिक मार्गों का भौतिक निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद भाकिमयू (सिंघानिया) के पदाधिकारियों ने टीम को बताया कि जलभराव की समस्या के चलते यहां अंडरपास व्यावहारिक नहीं है और ओवरब्रिज ही एकमात्र स्थाई समाधान है। निरीक्षण के बाद जांच टीम के अधिकारियों ने धरना स्थल पर मौजूद किसानों को आश्वस्त किया कि वस्तुस्थिति की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर तत्काल मण्डल रेल प्रबंधक को सौंपी जाएगी। टीम ने भरोसा दिया कि संगठन द्वारा बताई गई समस्याओं को रिपोर्ट में शामिल कर निस्तारण हेतु त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

### संगठन अब डीआरएम के फैसले के इंतजार में

मौके पर जिला लखीमपुर खीरी संरक्षक अनिल शुक्ला, लखनऊ मंडल प्रभारी रमाकांत दीक्षित, पहलाद गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। संरक्षक अनिल शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के दबाव में ही डीआरएम को जांच टीम भेजनी पड़ी। ''अब हम क्टख्र महोदय के निर्णय का इंतजार करेंगे। 01 मई 2026 का अल्टीमेटम यथावत है। यदि समाधान नहीं निकला तो घोषित आंदोलन होगा,'' उन्होंने कहा।जांच टीम के विजिट के बाद धरना स्थल पर किसानों ने आगे की रणनीति पर चर्चा की। फिलहाल धरना जारी है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं का विदाई




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नवयुग कन्या महाविद्यालय में बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं का विदाई समारोह सांस्कृतिक समिति द्वारा हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छात्रा टीम निलाक्षी शर्मा, वेदिका तिवारी, कोमल रावत, रोशनी, खुशी एवं शुभांगी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। रोशनी, वेदिका एवं निलाक्षी के नृत्य प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया, वहीं शुभांगी सिंह ने अपनी स्टैंड-अप कॉमेडी से उपस्थित जनों को खूब हंसाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण टाइटल सेरेमनी रही, जिसमें तीन राउंड -रैम्पवाक, टैलेंट, प्रश्नोत्तरी द्वारा दिव्यांशी को मिस फ़ेयरवेल''2026 का खिताब प्रदान किया गया। रश्मि सिंह को प्रथम उपविजेता, नंदिता यादव को द्वितीय उपविजेता, वैष्णवी श्रीवास्तव को ऑल राउंडर तथा शीतल मिश्रा को ब्यूटीफुल स्माइल के खिताब से सम्मानित किया गया।

## मछरेहटा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: केबल चोरी गिरोह के 3 आरोपी गिरफ्तार



**मछरेहटा, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मछरेहटा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने केबल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी मिश्रिख के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। थाना मछरेहटा पुलिस टीम ने दिनांक 21 अप्रैल 2026 को तीन आरोपियों—अंकित राज पुत्र हरीश, बलराम पुत्र श्यामू तथा सौरभ पुत्र बड़कन्ने निवासी नई बाजार अर्जुनपुर थाना खैराबाद—को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक छोटा कटर, एक बड़ा कटर तथा चोरी की गई केबल का एक टुकड़ा बरामद किया गया है। इस संबंध में थाना मछरेहटा पर मु0अ0सं0 92/26 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस टीम की सराहनीय भूमिकाइस सफल कार्रवाई में थाना अध्यक्षप्रभात कुमार गुप्ता, उपनिरीक्षक नासिर खान एवं हेड कांस्टेबल मोहर्रिर मोहम्मद अनवर की अहम भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## ऑटो से घुमाने के बहाने नौ वर्षीय मासूम को चलती ऑटो से दिया धक्का गंभीर घायल

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के बक्खा खेड़ा गांव में पड़ोस में रहने वाले ऑटो चालक ने पुरानी रंजिश के चलते नौ वर्षीय मासूम को घुमाने के बहाने बैठा कर चलती ऑटो से धक्का दे दिया जिससे मासूम घायल हो गया। वही परिजनों ने मोहनलालगंज कोतवाली में तहरीर देकर विधिक कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के मुताबिक राजू पुत्र स्व. लक्ष्मी नारायण निवासी बक्खा खेड़ा ने बताया कि गांव के ही राकेश कुमार का पुत्र विकास गांव में किसी अन्य का ऑटो रिक्शा चलाता है। आरोप है कि विकास ने गांव के कुछ लड़कों के साथ मेरे।नौ वर्षीय आर्यन को भी घुमाने के बहाने ऑटो में बैठा लिया।पीड़ित का आरोप है कि पहले से चली आ रही रंजिश के चलते आरोपी ने चलती ऑटो से आर्यन को धक्का दे दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं।घटना के विरोध पर आरोपी विकास और उसकी पत्नी लक्ष्मी ने गाली-गलौज करते हुए झगड़े पर आमादा हो गए और जान से मारने की धमकी भी दी। वही मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की शिकायत प्राप्त हुई है। घायल बालक का इलाज कराया जा रहा है और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# धौरहरा सासद ने इमामबाडे मे टीनशेड और बनवाया फर्श

❐ कमेटी ने सासद आनंद भदौरिया के जज्बे को किया सलामकरबला के शहीदों के घर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में आनंद भदौरिया ने दिखाई रुचि



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहमदी खीरी। बाजार खुर्द मे स्थित इमामबाड़ा जो इमाम हुसैन के घर के नाम से जाना और पहचाना जाता है अंजुमने हुसैनिया कमेटी की गुजारिश पर धौरहरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद आनंद भदौरिया ने 65 फुट लंबी टीन सेट और फर्श बनवाया,जिसकी सभी लोग तारीफ कर रहे है, सांसद आनंद भदौरिया के इस रचनात्मक और धार्मिक भावना को देखते हुए इंसानियत के प्रति शहीद हुए इमाम हुसैन के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बता रहे हैं इस टीन सेट और फर्श बनवाने पर अजुमने हुसैनिया के संरक्षक जहीर हसन रिजवी और मोहम्मद हसन नकवी एडवोकेट ने कहा कि जो नेक काम सासद ने कराया इससे उनकी इमाम हुसैन के प्रति मोहब्बत को दर्शाता है यह काम हो जाने से बरसात के दिनों में इमामबाड़ा आने वाले महिला या पुरुष श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलेगी, सराहनीय कार्य करवाने के लिऐ दिल से धन्यवाद, वही कमेटी के आलिम रजा ने इस कार्य की तारीफ करते हुऐ कहा जब तक अजादारी होती रहेगी आनंद भदौरिया का जिक्र होता रहेगा, और उनकी लोकप्रियता में और बढ़ोतरी होगी, इमामबाड़ा कमेटी और अंजुमने हुसैनिया दोनों कमेटी ने आभार व्यक्त किया है,वही इस कार्य मे महत्त्वपूर्ण योगदान देने बाले दानिश अब्दुल्ला को सभी ने शुभकामनाएं और बधाई दी है।

# गरीब बिटिया की शादी में 'सारथी' बने समाजसेवी डॉ. कौशल वर्मा, उपहार व नकदी भेंट कर बढ़ाया मदद का हाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, इस कथन को एक बार फिर चरितार्थ किया है गोला के जाने-माने समाजसेवी और भाजपा नेता डॉ. कौशल वर्मा ने। गोला विधानसभा के कुंभी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कोटनाथ निवासी अर्कवंशी समाज की एक आर्थिक रूप से कमजोर और बीमार विधवा माँ की मदद के लिए डॉ. वर्मा ने हाथ बढ़ाकर समाज के सामने एक मिसाल पेश की है।

### संघर्षों के बीच उठी बिटिया की डोली

ग्राम कोटनाथ निवासी स्वर्गीय रामनरेश की पुत्री रोली का विवाह मंगलवार को हरदोई जनपद के रध्द्हे पुरवा से आई बारात के साथ संपन्न हुआ। रोली की माँ, माकुल देवी, जो स्वयं बीमारी से ग्रस्त हैं, अत्यंत विषम परिस्थितियों और आर्थिक तंगी के बावजूद अपनी बेटी के हाथ पीले करने का संघर्ष कर रही थीं। जब इस बात की जानकारी सनशाइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के संचालक डॉ. कौशल वर्मा को हुई, तो वे तत्काल अपनी टीम के साथ कोटनाथ पहुँचे।



### उपहार और नकदी देकर दिया संबल

डॉ. कौशल वर्मा ने विवाह समारोह में पहुँचकर बिटिया को आशीर्वाद दिया और गृहस्थी की शुरुआत के लिए आवश्यक सामान जैसे एक सेफ अलमारी,?श्रृंगार दान,?कुर्सी सेट व डिनर सेट,?नगद धनराशि आदि सामान दिया। डॉक्टर के इस उदार कदम को देखकर परिवारजनों और उपस्थित मेहमानों की आँखें भर आईं और सभी ने उनके इस परोपकारी कार्य की मुक्तकंठ से सराहना की।

बेटी का विवाह सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि विश्वास, सम्मान और संस्कारों का उत्सव है। जब समाज ऐसे परिवारों के साथ खड़ा होता है, तो हर बेटी का भविष्य उज्ज्वल हो जाता है। उस भावुक शाम में एक बेटी के नए जीवन की शुरुआत में सहभागी बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

डॉ. कौशल वर्मा

### इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इस पुनीत कार्य के दौरान पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनुज प्रताप सिंह, आनंद अर्कवंशी एडवोकेट, अविनाश गुप्ता, धनपत राम अर्कवंशी, लालाराम, आदर्श, प्रेम राज, राहुल, शिवकुमार, खुशी राम, राम सेवक और सुमित्रा सहित तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## विद्युत समस्या पर हुई चर्चा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र के साथ एक्सियन राजभवन लीसा की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें अमीनाबाद, लालबाग़, लाटूशरोड, मौलवीगंज व हज़रतगंज इत्यादि क्षेत्रों के विद्युत समस्या पर चर्चा हुई। बैठक में अमरनाथ मिश्रा ने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार और सुझाव भी रखे। बैठक में अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, जितेन्द्र सिंह चौहान, सतीश अग्रवाल, केदार बाजपेयी, अतुल टंडन, संजीव अग्रवाल, मुकेश सक्सेना, सुमित साहू, आरिफ व विशाल गोड़ समेत विधुत विभाग से एक्सईएन व एसडीओ मौजूद रहे।

## सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज की ओर से आयोजित सहायक आचार्य (विज्ञापन संख्या-51) की 18 एवं 19 अप्रैल 2026 को सम्पन्न लिखित पुनर्परीक्षा के सभी विषयों की मास्टर सेट की प्रोविजनल उत्तरकुंजी आज जारी कर दी गई है।आयोग ने यह उत्तरकुंजी अपनी आधिकारिक वेबसाइट https://upessc.up.gov.in पर अभ्यर्थियों के अवलोकन के लिए अपलोड की है। संस्कृत, अंग्रेजी, गणित, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, वाणिज्य, विधि सहित कुल 33 विषयों की उत्तरकुंजी उपलब्ध करा दी गई है, जिससे अभ्यर्थी अपने प्रश्नपत्र का मिलान कर सकेंगे।उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया है कि अभ्यर्थी सम्बंधित विषय की प्रोविजनल उत्तरकुंजी का सावधानीपूर्वक मिलान कर लें। यदि किसी प्रश्न अथवा उत्तर के संबंध में आपत्ति हो तो अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन माध्यम से ही अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए आयोग ने https:// www.upessc.net/ upesscqc april 2026/ Login.aspx लिंक उपलब्ध कराया है। आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 22 अप्रैल से 28 अप्रैल की रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। इस अवधि के बाद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही, ऑनलाइन लिंक के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से भेजी गई आपत्तियां भी स्वीकार नहीं होंगी।अंत में उन्होंने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया आंकड़ों के संकलन एवं संरक्षण के उद्देश्य से संचालित की जा रही है।

# प्रधानमंत्री के दौरे से पहले सक्रिय हुआ निगम, काशी को चमकाने की तैयारी

❒ सिगरा स्थित स्मार्ट सिटी सभागार में महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 28 अप्रैल को प्रस्तावित वाराणसी आगमन के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शहर को वीआईपी मूवमेंट के अनुकूल स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निगम ने हाई-अलर्ट जारी करते हुए सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और जन-सुविधाओं की विशेष कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत आज से एक सप्ताह तक सभी वार्डों में महासफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसकी निगरानी सीधे सेंट्रल कमांड के जरिए होगी।

सिगरा स्थित स्मार्ट सिटी सभागार में महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर की स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वीआईपी आगमन के दौरान व्यवस्थाओं में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। अगले एक सप्ताह तक प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से 9:00 बजे तक चलने वाले सप्ताहव्यापी महा-अभियान की निगरानी स्वयं महापौर करेंगे। महापौर प्रतिदिन एक वार्ड का दौरा करेंगे। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षदों और विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी, ताकि वार्ड स्तर पर सफाई व्यवस्था को जमीनी स्तर पर सुधारा जा सके। इसके अतिरिक्त, शहर भर के वॉटर एटीएम को सुचारू रूप से संचालित करने और सभी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करने के भी कड़े निर्देश दिए गए हैं।

वीआईपी रूट और प्रमुख मार्गों को स्वच्छ रखने के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी को प्रतिदिन वाटर स्प्रिंकलर से धुलाई कराने को कहा गया है। साथ ही, सड़कों पर कहीं भी सीवर ओवरफ्लो न हो, इसके लिए जलकल विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। शहर को सुंदर बनाने के लिए मूर्तियों की नियमित सफाई और प्रमुख चौराहों पर आकर्षक गमले लगाने की व्यवस्था की जा रही है।

शहर में छुट्टा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए विशेष टीम गठित कर मार्गों पर तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, अपर नगर आयुक्त सविता यादव, अमित कुमार, विनोद कुमार गुप्ता, जलकल विभाग के महाप्रबंधक अनूप सिह सहित निगम व जलकल विभाग के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में चलाया गया बस रेड टिकट चेकिंग अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक पशुपतिनाथ मिश्रा के नेतृत्व में 22 अप्रैल, 2026 को प्रातः हरदत्तपुर स्टेशन को आधार बनाकर बनारस-हरदतपुर रेल खण्ड पर बस रेड टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान बनारस प्रयागराज रामबाग रेल खण्ड पर चलने वाली 15004 चौरीचौरा एक्सप्रेस,22132 ज्ञानगंगा एक्सप्रेस, 12561/62 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस,12333 विभूति एक्सप्रेस,12582 नई दिल्ली-बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस एवं 65132 प्रयागराज रामबाग-मऊ मेमू एक्सप्रेस सहित विभिन्न सवारी गाड़ियों में किलाबन्दी कर सघन टिकट चेकिंग की गई है।इस टिकट जांच अभियान टीम में सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री पी एन मिश्रा के साथ टिकट जाँच दल में मुख्य टिकट निरीक्षक/ श्री विवेक बाजपेयी, मुख्य टिकट निरीक्षक मारूफ खान,टिकट निरीक्षक/माहरूफ खान,उमेश यादव, नरेंद्र पाठक एवं अमित समेत 17 टिकट जाँच कर्मचारियों एवं 07 रेलवे सुरक्षा बल के जवानों के सहयोग से बस रेड टिकट जांच किया गया और बिना टिकट यात्रा एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले कुल 170 यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे रेल राजस्व के रूप में रु 58540 (अठावन हजार पांच सौ चालीस रूपये) जुर्माना वसूलने के बाद छोड़ा दिया गया । इस टिकट जाँच अभियान में कुल 15 यात्रियों को जुर्माना नहीं चुकाने पर रेलवे मजिस्ट्रेट प्रशांत मिश्रा के समक्ष ट्रायल हेतु प्रस्तुत किया गया और 11 जुर्माना अदा करने के पश्चात छोड़ा गया जबकि 04 यात्रियों को ट्रायल के लिए भेजा गया। उक्त बस रेड अभियान के दौरान इस खण्ड के स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर टिकट लेने के लिए लम्बी कतार लग गई थी । वाराणसी मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक शेख रहमान ने आम यात्रियों से अपील की है कि यात्री अपनी यात्रा के दौरान रेल नियमों का पालन करें और अपना उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें ।

# नगर निगम गोरखपुर की 13वीं कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, जनहित से जुड़े कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । नगर निगम गोरखपुर की कार्यकारिणी समिति की 13वीं बैठक मंगलवार को महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर के समग्र विकास, प्रशासनिक सुदृढ़ता और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर गहन चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए।बैठक की शुरुआत पूर्व कार्यवाही की पुष्टि के साथ हुई। कार्यकारिणी समिति की 12वीं बैठक (18 फरवरी 2026) की कार्यवाही को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया, जबकि 11वीं बैठक (15 नवंबर 2025) की अनुपालन आख्या को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इससे पूर्व में लिए गए निर्णयों के प्रभावी क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया गया।

बैठक का प्रमुख आकर्षण नगर निगम द्वारा संचालित सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर की कार्यप्रणाली को लेकर रहा। वरिष्ठ नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए सेंटर के सुचारु संचालन के लिए एक व्यापक एवं सुव्यवस्थित नियमावली को मंजूरी दी गई। इसमें पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने, वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक सुविधाओं के विस्तार, तथा उनके लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही सेंटर पर स्वास्थ्य, मनोरंजन एवं सामाजिक गतिविधियों के विस्तार को लेकर भी सहमति बनी।

बैठक के दौरान नगर निगम के विभिन्न जोन कार्यालयों की स्थिति पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों ने जोन संख्या-4 में नए कार्यालय भवन के निर्माण की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया। वहीं जोन संख्या-3 में आधुनिक एवं भव्य कार्यालय भवन के निर्माण हेतु महापौर और नगर आयुक्त द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने बैठक में लिए गए निर्णयों के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि नगर निगम शहर के संतुलित विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्वीकृत प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने भी नगर हित में लिए गए निर्णयों को लागू करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने विश्वास जताया कि ये निर्णय शहर की प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत करेंगे तथा नागरिकों के जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार लाएंगे। नगर निगम द्वारा लिए गए ये फैसले गोरखपुर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे हैं, जो भविष्य में शहर को और अधिक सुव्यवस्थित, सशक्त और नागरिक-अनुकूल बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

# हमीरपुर सड़क हादसा: लहंगा बुक कराने जा रहे दो युवतियों समेत तीन की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के राठ कोतवाली क्षेत्र के कुर्रा गांव के पास बुधवार को शाम तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो लड़कियों व एक लड़के की मौत हो गई। ये तीनों आपस में रिश्तेदार थे। घर में होने वाली शादी के लिए रागिनी अपनी चचेरी बहन व भाई के साथ राठ लहंगा बुक कराने जा रही थी ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जांच शुरू कर दी है। हादसे में तीन लोगों की मौत से शादी वाले घर में मातम पसर गया है। कोतवाली के कुर्रा गांव निवासी 26 वर्षीय रागिनी पुत्री देवीदीन कुशवाहा बुधवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे 19 वर्षीय नीलम पुत्री कल्लू और नीलम के बुआ के लड़के 23 वर्षीय तेज प्रताप पुत्र परमेश्वरी दयाल निवासी धगवां थाना मझगवां के साथ बाइक से राठ लहंगा बुकिंग करने के लिए आ रही थी। तभी कुर्रा गांव स्थित मेहेर बाबा महाविद्यालय के पास राठ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने रागिनी को मृत घोषित कर दिया। जबकि नीलम और तेज प्रताप को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया गया है। जहां मेडिकल कालेज में दोनों की मौत हो गई।मृतका रागिनी के पिता देवीदीन कुशवाहा ने बताया कि वह गोहांड ब्लाक में सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उसके भाई रामकिशन की पुत्री अनीता की शादी है। 25 अप्रैल को लहचूरा बांध से बारात आनी है। गुरुवार को मंडप है। उन्होंने बताया कि शादी के लिए उसकी पुत्री राठ में लहंगा की बुकिंग के लिए आ रही थी। मृतका बीएड कर टीईटी की तैयारी कर रही थी। मृतका अपने पीछे तीन बहन भारती, चंचल, समीक्षा और एक भाई योगेन्द्र छोड़ गई है। मां सोमवती का रो रोकर बुरा हाल है। राठ कोतवाल अनूप सिंह ने आज शाम बताया कि हादसे में एक युवती की मौके पर मौत हुई है वहीं गंभीर रूप से घायल एक युवती और बाइक चालक को मेडिकल कालेज रेफर किया गया था, जहां दोनों की मौत हो गई है। बताया कि हादसे की जांच कराई जा रही है।

## भू अलंकरण दिवस पर रंगोली कार्यक्रम का आयेजन



**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री साई बाल विद्या मंदिर शास्त्री नगर पर भू अलंकरण दिवस पर संस्कार भारती जिला संभल नगर चंदौसी द्वारा रंगोली का कार्यक्रम किया गया जिसमें साईं बाल विद्या मंदिर के बच्चों एवं अध्यापिकाओं द्वारा एक बहुत सुंदर रंगोली बनाई गई । इस इस कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमान रामकिशोर मिश्र प्रांतीय कलाटोली सदस्य, रविन्द्र सक्सैना,विनोद विश्वकर्मा,रमेश चन्द्र बोहरा, लता सहाय, ववि‍ता, आदि रहे(

## गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन को मिला एसटीई प्रेरणा सम्मान 2026



**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर की कुलपति प्रो. पूनम टंडन को प्रतिष्ठित 'एसटीई प्रेरणा सम्मान 2026' से अलंकृत किया गया। यह सम्मान 'सेव द एनवायरनमेंट (एसटीई) ' संस्था द्वारा प्रदान किया जाता है, जो देशभर में पर्यावरण संरक्षण, अनुसंधान और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विख्यात है।प्रो. टंडन के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है, बल्कि अनुसंधान, नवाचार और ज्ञान–विकास के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। यह सम्मान झांसी स्थित आईसीएआर, केंद्रीय एग्रोफॉरेस्ट्री अनुसंधान संस्थान में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रदान किया गया।

## सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**देवरिया, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश में देवरिया जनपद के गौरी बाजार थाना क्षेत्र स्थित लपकनी में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी हैं।थानेदार डा . महेन्द्र कुमार ने बताया कि लपकनी निवासी रामाकांत चौहान (55) बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान मठिया चौराहा के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि रामाकांत चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें संभालने का प्रयास किया, लेकिन उनकी हालत नाजुक बनी रही और अंततः उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हैं। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

## लखनऊ में 1.30 करोड़ का जीएसटी घोटाला, फर्जी जीएसटी साम्राज्य का भंडाफोड़



**रहीमाबाद/लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फ़र्ज़ी दस्तावेजों के सहारे एक बड़े और संगठित जीएसटी घोटाले का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। रहीमाबाद पुलिस और क्राइम ब्रांच ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ऐसे शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिसने गरीब और जरूरतमंद लोगों की पहचान का दुरुपयोग कर फर्जी फर्मों का पूरा नेटवर्क खड़ा कर दिया और करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपये की टैक्स चोरी को अंजाम दिया। जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य गांवों और कस्बों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मामूली पैसों का लालच देकर उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक खाते की जानकारी हासिल करते थे। इन्हीं दस्तावेजों के जरिए फर्जी कंपनियां रजिस्टर कराई जाती थीं और फिर कागजों पर करोड़ों का लेन–देन दिखाकर फर्जी बिलिंग के माध्यम से इनपुट टैक्स क्रेडिट का खेल खेला जाता था। इस तरह सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी फर्जी फर्मों के जरिए आईटीसी को अवैध रूप से बेचने का धंधा चला रहा था। कंपनियों को नकली बिल थमाकर टैक्स में छूट दिलाई जाती और बदले में मोटा कमीशन वसूला जाता। इस पूरे रैकेट में करोड़ों रुपये का ट्रांजैक्शन कागजों पर दिखाया गया, जबकि हकीकत में कोई वास्तविक व्यापार नहीं था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने इस घोटाले के मास्टरमाइंड रविंद्र गिरि 35 वर्ष निवासी लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तीन मोबाइल फोन और नकदी बरामद हुई है। पुलिस को शक है कि इन मोबाइलों में इस पूरे नेटवर्क से जुड़े कई अहम राज छिपे हो सकते हैं, जिनके आधार पर आगे और गिरफ्तारियां संभव हैं। आरोपी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म और सरकारी पोर्टल्स का दुरुपयोग कर फर्जी फर्मों को वैध दिखाने की कोशिश की। नकली ई–वे बिल, फर्जी खरीद–बिक्री और कागजी ट्रांजैक्शन के जरिए पूरे सिस्टम को गुमराह किया गया। यह मामला दर्शाता है कि अब आर्थिक अपराधी तकनीक का सहारा लेकर बड़े स्तर पर धोखाधड़ी कर रहे हैं। इस मामले में पुलिस नें गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी तेज कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि इस नेटवर्क में शामिल हर शख्स को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## देवरिया के बरहज में आग का तांडव, झोपड़ी जलने से दिव्यांग महिला की मौत

**देवरिया, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम पैना में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें आग की चपेट में आने से एक दिव्यांग महिला की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार गांव निवासी किशुन ने गांव से पश्चिम कोटवा देवार में फसलों की रखवाली के लिए एक झोपड़ी तैयार की थी, जहां वे पशुओं को भी रखते थे। बताया जा रहा है कि दोपहर के समय दियारा क्षेत्र में खेतों के सूखे डंठलों में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। तेज पछुआ हवा के चलते आग ने देखते ही देखते भयावह रूप धारण कर लिया और तेजी से फैलते हुए झोपड़ी के पास पहुंच गई। उस समय किशुन की दिव्यांग पत्नी बचिया देवी (40) झोपड़ी में अकेले मौजूद थीं।झोपड़ी से उठती ऊंची लपटों को देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग ने पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया था। झोपड़ी में रखा सामान जलकर राख हो गया और बचिया देवी गंभीर रूप से झुलस गईं। ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी हालत इतनी गंभीर थी कि चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। उपजिलाधिकारी हरी शंकर लाल, तहसीलदार अरुन कुमार तथा थानाध्यक्ष विशाल उपाध्याय अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उपजिलाधिकारी हरी शंकर लाल ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। वहीं, आग लगने के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है।

# एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने डिजीट्रैक श्रृंखला का किया विस्तार, तीन नए ट्रैक्टर मॉडल लॉन्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । कृषि मशीनरी और निर्माण उपकरण बनाने वाली एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने अपने पावरट्रैक ब्रांड के तहत डिजीट्रैक श्रृंखला का विस्तार करते हुए तीन नए ट्रैक्टर मॉडल लॉन्च किए हैं। इस लॉन्च के साथ कंपनी की डिजीट्रैक रेंज अब दो से बढ़कर पाँच मॉडलों की विस्तृत श्रृंखला बन गई है, जिसमें 45 से 55 अश्वशक्ति श्रेणी के ट्रैक्टर शामिल हैं।नई श्रृंखला में डिजीट्रैक पीपी 46आई चार पहिया चालित, डिजीट्रैक पीपी 43आई प्लस और डिजीट्रैक पीपी 41आई मॉडल पेश किए गए हैं। खास बात यह है कि डिजीट्रैक पीपी 43आई प्लस 39.9 किलोमीटर प्रति घंटा की अधिकतम गति के साथ इस श्रेणी में बेहतर रफ्तार प्रदान करता है। कंपनी के अनुसार, यह श्रृंखला आधुनिक खेती और भारी ढुलाई के कामों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। सभी मॉडलों में बड़ा इंजन, बड़े टायर, 12 आगे और 3 पीछे गियर वाला स्थिर जाल गियरबॉक्स, स्वतंत्र शक्ति निकास तंत्र और 2000 किलोग्राम तक की हाइड्रॉलिक उठाने की क्षमता दी गई है। यह ट्रैक्टर बुआई, कटाई, पलटने वाले मोल्ड बोर्ड हल और लेज़र समतलीकरण जैसे आधुनिक कृषि कार्यों में सक्षम हैं।कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ने कहा कि लगातार नए ट्रैक्टर लॉन्च करना कंपनी की मजबूती और बाजार में विस्तार की रणनीति को दर्शाता है। डिप्टी प्रबंध निदेशक ने बताया कि डिजीट्रैक ने युवा किसानों के बीच मजबूत पहचान बनाई है और इसका विस्तार कंपनी के लिए स्वाभाविक अगला कदम है। वहीं ट्रैक्टर व्यवसाय प्रभाग के मुख्य अधिकारी ने कहा कि नई डिजीट्रैक श्रृंखला आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रदर्शन और आकर्षक शैली के साथ किसानों की जरूरतों को पूरा करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह श्रृंखला देशभर के किसानों के बीच लोकप्रिय होगी।

# बाउंड्री के अंदर बुधवार को कई दिन पुराना अज्ञात शव मिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देवरिया । उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद के सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरा नाजिर वार्ड में बाउंड्री के अंदर बुधवार को कई दिन पुराना अज्ञात शव मिला है। शव की स्थिति अत्यधिक खराब होने के कारण अनुमान लगाया गया है कि व्यक्ति की मौत कई दिन पहले हुई थी।घटना का पता तब चला जब पास में क्रिकेट खेल रहे बच्चों की गेंद बाउंड्री के अंदर चली गई। गेंद लेने अंदर गए बच्चों ने वहां एक व्यक्ति का शव देखा। शव सड़ी-गली अवस्था में था और जानवरों द्वारा उसे काफी हद तक क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। बच्चों ने तुरंत इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी।सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। उन्होंने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचित किया। 112 पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सलेमपुर कोतवाली पुलिस को घटना से अवगत कराया। इसके बाद कोतवाली पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया।पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन अत्यधिक खराब हालत के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया है।इस संबंध में वरिष्ठ उपनिरीक्षक राघवेंद्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेजा गया है। मृतक की शिनाख्त के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# खरीफ 2026 के लिए नि:शुल्क बीज मिनीकिट व अनुदानित बीज की ऑनलाइन बुकिंग शुरू

❒ उत्तर प्रदेश कृषि निदेशालय की ओर से बीज वितरण प्रक्रिया में परिवर्तन किया गया है

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देवरिया । उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद के जिला कृषि अधिकारी उदय शंकर सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में खरीफ-2026 सीजन के लिए किसानों को निःशुल्क बीज मिनीकिट एवं अनुदानित सामान्य बीज उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था लागू की गई है।

उन्होंने बुधवार को बताया कि उत्तर प्रदेश कृषि निदेशालय की ओर से बीज वितरण प्रक्रिया में परिवर्तन किया गया है, ताकि किसानों के बीच पारदर्शी एवं समान रूप से बीजों का वितरण सुनिश्चित किया जा सके। नई व्यवस्था के तहत किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार बीज की अग्रिम ऑनलाइन बुकिंग करेंगे। यदि बुकिंग निर्धारित लक्ष्य से अधिक होती है, तो लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।चयनित किसान अपने विकास खंड के राजकीय कृषि बीज भंडार से पॉस मशीन पर अंगूठा लगाकर निःशुल्क मिनीकिट प्राप्त करेंगे। वहीं, अनुदानित बीज के लिए किसानों को निर्धारित कृषक अंश जमा कर बीज प्राप्त करना होगा। उन्होंने बताया कि जनपद में निःशुल्क वितरण के लिए अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, तिल एवं श्रीअन्न के मिनीकिट उपलब्ध हैं। वहीं, सामान्य वितरण के लिए ढैंचा, धान, अरहर, मूंग, उड़द तथा संकर बीज (मक्का एवं धान) अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे।बीजों की ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया 22 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक किसान खरीफ-2026 सीजन में खेती के लिए आवश्यक बीजों की बुकिंग कृषि विभाग के पोर्टल https://agriculture.up.gov.in पर जाकर कर सकते हैं।

# महिला अधिकारों पर समझौता नहीं, विरोध करने वालों को करेंगे बेनकाब : मीनाक्षी गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कानपुर ।** महिला अधिकारों के मुद्दे पर किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो दल महिला आरक्षण का विरोध करते हैं, वे महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के खिलाफ खड़े हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा महिलाओं के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ता रहेगा और ऐसे दलों को जनता के सामने बेनकाब करेगा। यह बातें बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा की जिला मंत्री मीनाक्षी गुप्ता ने कही।महिला अधिकारों को लेकर सियासत तेज होती नजर आ रही है। इसी क्रम में कानपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के बैनर तले समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के खिलाफ जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं के साथ महिलाएं भी शामिल हुईं, जिन्होंने महिला आरक्षण के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव और राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया और जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं का कहना था कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का रुख महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों ने संसद में महिला आरक्षण का विरोध कर महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में बाधा उत्पन्न की है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसका युवा मोर्चा महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।इस दौरान मौजूद महिलाओं ने भी खुलकर अपने विचार रखे और कहा कि अब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हैं और किसी भी तरह के विरोध को बर्दाश्त नहीं करेंगी। प्रदर्शन के अंत में कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि महिला हितों के खिलाफ कोई भी कदम उठाया गया तो इसी तरह सड़कों पर उतरकर विरोध जारी रखा जाएगा।

# नवागत आयुक्त ने किया कार्यालयों का औचक निरीक्षण, स्वच्छता व व्यवस्था पर सख्त निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । देवीपाटन मंडल की नवागत आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने बुधवार को आयुक्त कार्यालय परिसर में स्थापित विभिन्न कार्यालयों का विस्तृत निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कार्यालयों की कार्यप्रणाली साफ-सफाई व्यवस्था तथा अभिले खों के रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से कार्याल यों में स्वच्छता बनाए रखने,समय-समय पर रंगाई-पुताई कराने तथा कार्यस्थल को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुव्य वस्थित कार्यालय न केवल कर्मचारियों की कार्यक्ष मता को बढ़ाता है,बल्कि आमजन में भी सकारा त्मक संदेश देता है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जनपदीय एवं मंडलीय कार्यालयों में स्वच्छता सुनिश्चित की जाए तथा का र्यप्रणाली को बेहतर बनाया जाए।इसी के अनुरूप सभी अधिकारी अपने कार्यालयों की व्यवस्था दुरु स्त रखें।इसके साथ ही उन्होंने फाइलों के समुचित रखरखाव, अद्यतन अभिलेखों की उपलब्धता तथा आवश्यक दस्तावेजों को व्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखने पर जोर दिया।आयुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयीन कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो तथा प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करना प्राथमिकता होनी चाहिए।निरीक्षण के उप रांत आयुक्त ने जनता दर्शन कार्यक्रम में भाग लेक र आमजन की समस्याओं को सुना।इस दौरान वि भिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं उनके समक्ष प्रस्तुत कीं।आयुक्त ने संबं धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिका यतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।उन्हों ने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई शासन की महत्व पूर्ण व्यवस्था है और इसमें प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई की जानी चाहिए।

# शिक्षक की फर्जी अभिलेखों से नौकरी करने की संयुक्त निदेशक से शिकायत




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । फर्जी अभिलेख तैयार कर श्री दयानन्द आर्य दैवि क इण्टर कालेज वजीरगंज में नौकरी पाने वाले शिक्षक के विरुद्ध संयुक्त शिक्षा निदेशक से शिका यत की गई है।जनपद गोंडा तहसील मनकापुर नि वासी राम स्वरूप शुक्ल पुत्र नवरंग शुक्ल ने संयु क्त निदेशक को शिकायती पत्र भेजा है। उसमें कहाँ गया है कि जनपद-गोंडा में संचालित श्री दयानन्द आर्य दैविक इण्टर कालेज वजीरगंज में कार्यरत कर्मचारी,अध्यापक अजय कुमार शुक्ल पुत्र कृष्ण कुमार शुक्ल निवासी ग्राम-सिसवा, पोस्ट-झिलाही, व तहसील-मनकापुर जनपद गोंडा ने फर्जी अभि लेखों के आधार पर नियुक्ति प्राप्त किया है जो विधिविरूद्ध है।यही नहीं फर्जी अभिलेखों के स हारे नौकरी हथियाने वाले अध्यापक अजय कुमार शुक्ला उपरोक्त की शिकायत पहले भी जिला वि द्यालय निरीक्षक गोंडा से भी एक फरवरी को भी किया था।जिसकी जानकारी होने पर अजय कुमा र शुक्ला अपने सहयोगियों के साथ एकराय होकर

शिकायतकर्ता को रास्ते में रोककर मारा-पीटा जि ससे शिकायतकर्ता को गम्भीर चोटें आई थी।जिस मे मारपीट का मुकदमा पंजीकृत हुआ था। शिका यतकर्ता ने संयुक्त शिक्षा निदेशक से शिक्षक अज य कुमार शुक्ल के शैक्षिक अभिलेखों की जांच क राकर फर्जी अध्यापक को नौकरी से निकालने की मांग की है।

# डीजल/पेट्रोल की कालाबाजारी करने वाले 04 व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज हुई एफ.आई.आर.

बहराइच । जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि पिछले दिनों बिना लाइसेंस अवैध रूप से डीज़ल/पेट्रोल की कालाबाज़ारी करते हुए पाये जाने पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर 03 मामलों में 04 व्यक्तियों के विरूद्ध थाना रामगांव में आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा-3/7 के अर्न्तगत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। श्री तिवारी ने बताया कि तहसील व ब्लाक महसी अन्तर्गत नौतला निवासी इसराइल पुत्र भग्गू जान के पास से प्लास्टिक के 02 जेरीकेन (नीले रंग व सफ़ेद) में लगभग 50-50 (पचास-पचास) लीटर एवं एक काले प्लास्टिक के जरीकेन में लगभग 30 लीटर पेट्रोल, कीप एवं आधा लीटर मापकीय मापन यंत्र बरामद किया गया था। इसी प्रकार तहसील व ब्लाक महसी अन्तर्गत मुध्धाचक निवासी बृजेश कुमार पुत्र राजदेव व नकाही निवासी अमित गुप्ता पुत्र राजेन्द्र गुप्ता के पास से नेवादा मोड़ पर चार जरीकेन में लगभग 200 लीटर (दो सौ लीटर) डीजल/पेट्रोल के साथ एक कीप और आधा लीटर व एक लीटर का एक-एक नपना यंत्र बरामद किया गया था। इसके अतिरिक्त थाना रामगांव अन्तर्गत नौतला निवासी धीरेन्द्र जायसवाल पुत्र दुःखहरन जायसवाल को चार जरीकेन में लगभग 200 लीटर (दो सौ लीटर) डीजल/पेट्रोल के साथ कीप और आधा व एक लीटर के 01-01 मापन यंत्र सहित घटना स्थल नौतला बाजार से बरामद किया गया था। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद के समस्त डीजल/पेट्रोल पम्पों के प्रोपराईटर्स, पार्टनर्स एवं प्रबन्धकों को निर्देशित किया है डीज़ल एवं पेट्रोल के वितरण में जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित करें। सभी पम्पों को निर्देशित किया गया है कि ईधंन की आपूर्ति वाहनों में ही की जाये। जरिकेन, पिपिया, डब्बा, बोतल आदि में पेट्रोल किसी भी दशा में निर्गत नहीं किया जायेगा। जरिकेन, पिपिया, डब्बा में डीजल 5-10 लीटर (निर्धारित मात्रा के डब्बे आदि में ही) किसानों की पहचान फार्मर रजिस्ट्री/किसान बही देखकर एवं पुष्टि करके ही दिया जायेगा।

डीएम श्री त्रिपाठी ने कहा कि डीजल/पेट्रोल को जरिकेन, पिपिया, डब्बा आदि में पम्पों से ले जाकर ग्रामवासियों को अधिक मूल्य पर बेचे जाने की शिकायतों को अत्यन्त गम्भीरता से लिया जायेगा। डीज़ल एवं पेट्रोल की कालाबाज़ारी में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाते हुए दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध एन.एस.ए. की कार्यवाही भी की जायेगी।

# पेट्रोल-डीजल की किल्लत: पंप ड्राई लग रही वाह नों की लाइन,कालाबाजारी से ग्राहक परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । वैश्विक बाजार में तेल के दाम बढ़ने की आशं का के बीच पंप अचानक ड्राई हो गए हैं।कर्मचारी ग्राहकों को बता रहे हैं कि टैंकर से तेल देर सबेर प हुंचने वाला है।शादी विवाह के सीजन में जहां लो गों को आवागमन के लिए पेट्रोलियम पदार्थों की आवश्यकता है वहीं कृत्रिम तेल की कमी बताकर ग्राहकों को परेशान किया जा रहा है।गोंडा जनपद में सैकड़ो पंप संचालित हैं,इसमें दर्जनों से अधिक पम्प पहले से ड्राई चल रहे हैं। इस समय किसान को जहां डीजल की आवश्यकता है,वहीं लग्न सी जन के चलते आवागमन बढ़ गया है।आवागमन के लिए कार में पेट्रोल चाहिए।इस बीच कालाबा जारी करने वाले भी सक्रिय हो गए हैं।पेट्रोल पंपों पर कृत्रिम तेल संकट पैदा कर दिया गया है।गोंडा में जिलाधिकारी आवास के सामने आईओसीएल के पंप कर्मी ने बताया कि डीजल मिल जाएगा। पेट्रोल नहीं है और पेट्रोल कल सुबह हो सकता है मिले अभी कोई पता नहीं है।इसी तरह मिश्रौलिया पुलिस चौकी के पास



हिंदुस्तान पेट्रोलियम और आईओसीएल के पेट्रोल पंप पर दोपहर में कर्मचा रियों ने बताया की उनके यहां न तो पेट्रोल है और न डीजल।टैंकर डिपो से आयल लेने के लिए गया है अभी तक नहीं आया है।वही दूसरी तरफ फोर लेन सहित विभिन्न बाजारों व गांवों लगे पंप अचा नक ड्राई हो गए हैं इनका विवरण भी आपूर्ति का र्यालय में दर्ज नहीं है। वही अंबेडकर चौराहा पर स्थित आईओसीएल पर मिले राजू ने बताया कि दो दिन पहले भी सभी पंपों पर लंबी लाइन लगी थी।डीजल लेने के लिए किसान परेशान थे। और आज भी लोग डीजल और पेट्रोल लेने के लिए परे शान है,अमर दीप ने बताया कि यह पेट्रोलपंपों की मनमानी है।जैसे इन्हे लगता है कि पेट्रोलियम के मूल्य बढ़ने वाला है पंप ड्राई हो जाता है।

# 920 ग्राम रोजगार सेवक वेतन के लिए तरसने को मजबूर,दस महीने से विभाग के काट रहे चक्कर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में विभिन्न पंचायतों में तैनात ग्राम रोज गार सेवक दस माह से अपने वेतन के लिए तरस रहे हैं, लेकिन उन्हें केंद्र से पैसा ना आने की बात कहकर हर बार टाला जा रहा है, ऐसे में वेतन न मिलने के चलते ग्राम रोजगार सेवक अपने परिवार का खर्च उठाने में भी काफी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं,जनपद की विभिन्न क्षेत्र पंचायतों में ग्राम रोजगार सेवक मनरेगा के क्रियान्वयन और पंचाय ती राज विभाग के अन्य सेवाओं को पूरा करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं कोरोना काल में भी जो ग्राम रोजगार सेवक अपने काम से पीछे नहीं हटे आज वो अपने हक का वेतन पाने के लि ए तरस रहे हैं।

### बच्चों का एडमिशन नहीं करा पा रहे

ग्राम रोजगार सेवक के बकाया दस महीने से न मिलने के कारण घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है।बच्चों का एडमिशन नहीं करा पा रहे हैं। रिश्तेदारों और दोस्तों से उधार मांग कर बच्चों और परिवार की परवरिश कर रहे हैं।वहीं,ग्राम रोजगार सेवकों की शिकायत है कि जब उन्हें वेतन देने की बात आती है तो विभाग के अधिकारी उन्हें केंद्र सरकार से पैसा नहीं आने की बात कह कर टाल रहे हैं ऐसे में ग्राम रोजगार से वक वेतन न मिलने के चलते परेशान हो गए हैं।वहीं,ग्राम रोजगार सेव क संघ ने निर्णय लिया है कि अगर उन्हें समय पर वेतन नहीं मिला तो वह काम बंद कर देंगे,हालां कि वेतन न मिलने की समस्या को लेकर उन्होंने कई बार पंचायती राज विभाग को भी सूचित किया ले किन अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ग्राम रोजगार सेवकों का वेतन केंद्र सरकार की तरफ से दिया जाता है,लेकिन केंद्र सर कार से पैसा आने में कई बार देरी भी हो जाती है जिस कारण कर्मचारियों को वेतन का भुगतान कर ने में भी विभाग को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### पंचायतों में ग्राम रोजगार सेवक के कार्य

पंचायत स्तर पर ग्राम रोजगार सेवक का मुख्य कार्य मनरेगा के कार्यों का क्रियान्वयन करना है और मनरेगा के नए कार्यों के लिए मजदूरों का जॉब कार्ड भी ग्राम रोजगार सेवक के द्वारा तैयार किया जाता है योजना में काम करने वालों की सूची भी रोजगार सेवक के द्वारा तैयार की जाती है और मास्टर रोल तैयार किया जाता है इसके अलावा मनरेगा के तहत होने वाले नए कार्यों का सर्वे भी ग्रामीण रोजगार सेवक के द्वारा किया जाता है और मनरेगा मजदूरों की उपस्थिति भी रोजगार सेवक ही दर्ज करते हैं।वही लोगो का क हना है कि दस माह से ग्राम रोजगार सेवकों का वेतन नहीं मिल पाया है ऐसे में उन्हें अपना घर का घर चलाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ग्राम रोजगार सेवक अब सरकार से मांग करते हैं कि उन्हें समय पर वेतन दिया जाए या फिर उन्हें पंचायती राज में ही मर्ज किया जाना चाहिए,ताकि उन्हें अपने वेतन के लिए यूं भटकना न पड़े।

# फल विकास अवस्था में आम की फसल का वैज्ञानिक प्रबंधन जरूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा, बहराइच के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में आम की फसल फल विकास की अवस्था में है, जो उत्पादन एवं गुणवत्ता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। बढ़ते तापमान के कारण नमी का संतुलन बनाए रखना जरूरी है, इसलिए बाग में 7ऽ10 दिन के अंतराल पर हल्की सिंचाई करें। रेतीली भूमि में कम अंतराल पर तथा भारी मिट्टी में आवश्यकता अनुसार सिंचाई करें, लेकिन जलभराव न होने दें, क्योंकि अधिक नमी से जड़ों में वायु संचार बाधित होता है और फल झड़ने की समस्या बढ़ सकती है। ड्रिप सिंचाई होने पर पेड़ की आयु एवं आकार के अनुसार 50ऽ80 लीटर पानी प्रति पेड़ देना लाभकारी है। साथ ही मल्चिंग (सूखी घास/पत्तियां) से नमी संरक्षण और खरपतवार नियंत्रण में मदद मिलती है। केंद्र के कृषिवानिकी विशेषज्ञ श्री उमेश कुमार ने बताया कि फल के बेहतर विकास, आकार और चमक के लिए संतुलित पोषण आवश्यक है। इस अवस्था में 1 प्रतिशत पोटाश (13:0:45) का 2ऽ3 बार 10ऽ15 दिन के अंतराल पर छिड़काव करने से फल का आकार, वजन और गुणवत्ता बेहतर होती है तथा गर्मी से बचाव मिलता है। सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी होने पर 0.5 प्रतिशत जिंक सल्फ़ेट (2.5 ग्राम जिंक सल्फ़ेट + 1.25 ग्राम बुझा हुआ



चूना प्रति लीटर पानी) का छिड़काव करें। बोरॉन की कमी की स्थिति में 0.1 प्रतिशत बोरेक्स (1 ग्राम प्रति लीटर पानी) का छिड़काव लाभकारी रहता है, जिससे फल विकृति की समस्या कम होती है। वैज्ञानिक डॉ. के. सिंह ने बताया कि इस समय आम में हॉपर, मिलीबग एवं थ्रिप्स जैसे कीटों का प्रकोप देखा जा सकता है, जो पत्तियों एवं फलों से रस चूसकर नुकसान पहुंचाते हैं। इसके कारण फल का विकास रुक जाता है और सूटी मोल्ड (कालिख) की समस्या बढ़ सकती है। इनके नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड 17.8 ट्रख्र 0.3 मिली प्रति लीटर पानी या थायमेथोक्साम 25 डब्लू जी 0.25 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। मिलीबग के अधिक प्रकोप की स्थिति में क्लोरपाइरीफॉस 2 मिली प्रति लीटर पानी का छिड़काव करें तथा तने के चारों ओर पॉलीथीन पट्टी बांधना भी लाभकारी है। छिड़काव करते समय दवा का घोल पत्तियों एवं फलों पर समान रूप से पड़ना चाहिए। रोग प्रबंधन के संदर्भ में उन्होंने बताया कि पाउडरी मिल्ड्यू एवं एन्थ्रेक्नोज का प्रकोप गर्म एवं आर्द्र मौसम में बढ़ सकता है, जिससे फलों पर धब्बे बनते हैं और गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसके नियंत्रण के लिए हेक्साकोनाजोल 5 क्ए 1 मिली प्रति लीटर पानी या कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम प्रति लीटर पानी का छिड़काव करें। आवश्यकता होने पर 10ऽ12 दिन के अंतराल पर दोबारा छिड़काव किया जा सकता है। फल झड़ाव की समस्या भी आम में सामान्य है, जो तापमान परिवर्तन, नमी की कमी या पोषक तत्वों के असंतुलन के कारण होती है। इससे बचाव के लिए (प्लानोफिक्स) 20 पीपीएम (लगभग 1 मिली दवा 4.5 लीटर पानी में) का छिड़काव सुबह या शाम के समय करना लाभकारी है। आंधी या तेज हवा की संभावना होने पर सिंचाई अवश्य करें, जिससे पौधों पर तनाव कम होगा और फल झड़ाव में कमी आएगी। बाग की स्वच्छता बनाए रखना भी आवश्यक है। गिरे हुए रोगग्रस्त फल एवं पत्तियों को एकत्र कर नष्ट करें, जिससे कीट एवं रोग का प्रसार कम हो। खरपतवार नियंत्रण से पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ती है और कीटों का आश्रय कम होता है। छिड़काव हमेशा सुबह या शाम के समय करें तथा तेज धूप और तेज हवा में छिड़काव से बचें। इन समन्वित प्रबंधन उपायों को अपनाने से फल झड़ाव में कमी आएगी, फल का आकार एवं रंग बेहतर होगा और उत्पादन के साथ-साथ बाजार मूल्य में भी वृद्धि होगी। वैज्ञानिकों ने किसानों को समय-समय पर बाग का निरीक्षण करने और आवश्यकता अनुसार पौध संरक्षण उपाय अपनाने की सलाह दी है।

# 40 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प, बच्चों के लिए तैयार हैं सुरक्षित व आकर्षक ज्ञान के केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिले के 40 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों की तस्वीर बदल गई है। सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट और मैरिको लिमिटेड की कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत श्निहार शांति पाठशाला फनवालाश और श्सीखो, खेलो और बढ़ोश पहल के माध्यम से यह कायाकल्प किया गया है। विशेष रूप से हुजूरपुर विकास खंड के 10 केंद्रों का नवीनीकरण कर उन्हें सुरक्षित, आकर्षक और बाल-अनुकूल बनाया गया है।

बुनियादी ढांचे और शिक्षा के तरीके में बड़ा बदलाव-

इस पहल के तहत केंद्रों में निर्माण-मरम्मत, फर्श, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। बच्चों के लिए विशेष चटाई, मेज और कुर्सियां उपलब्ध कराई गई हैं। कक्षाओं को अधिक रोचक बनाने के लिए श्भवन



को सीखने के माध्यम के रूप मेंश (बाला डिजाइन) विकसित किया गया है, जिससे परिसर की दीवारें भी बच्चों को सिखाने का काम करेंगी। इसके साथ ही बाहरी खेल मैदान और श्कहानी का तालाबश जैसी नई खेल-आधारित शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) शामिल की गई है, ताकि बच्चों का मानसिक, सामाजिक और शारीरिक विकास हो सके।

इसके अलावा श्सीखो खेलों बढ़ोश्‍ पहल के तहत बच्चों के पूरे इकोसिस्टम पर काम किया जा रहा है। इसमें अभिभावकों और देखभाल करने वालों को भी जोड़ा गया है, ताकि घर पर भी सीखने का माहौल मजबूत हो सके। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे बच्चों की स्कूल तैयारी और शिक्षा में निरंतरता सुनिश्चित हो सके।

अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने की सराहना-

आईसीडीएस की जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा और बाल विकास परियोजना अधिकारी विमल सिंह ने इसे एक अनुकरणीय प्रयास बताते हुए कहा कि यह पहल शुरुआती शिक्षा में सुधार का एक बेहतरीन और विस्तार योग्य मॉडल पेश करती है। उन्होंने कहा कि बेहतर बुनियादी ढांचे और खेल-आधारित शिक्षा से बच्चों की उपस्थिति और समग्र स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। वहीं, मैरिको लिमिटेड के मुख्य कानूनी अधिकारी अमित भसीन और सेसमी वर्कशॉप इंडिया की प्रबंध निदेशक सोनाली खान ने कहा कि इस साझा प्रयास का उद्देश्य बच्चों को एक सुरक्षित और प्रेरणादायक माहौल देना है। इससे हर बच्चा आत्मविश्वास के साथ अपनी भविष्य की स्कूली शिक्षा के लिए पूरी तरह तैयार हो सकेगा।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा सकुशल सम्पन्न करायें सम्बन्धित अधिकारी: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को प्रति दिन 02 पालियों में आयोजित होने वाली उ.प्र. होगार्डस के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि समय से पूर्व सभी परीक्षा केन्दों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा ले लें।

डीएम ने निर्देश दिया कि विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, स्टाफ की उपलब्धता, परीक्षार्थियों के बैठने, प्रसाधन, पेयजल के साथ-साथ कक्ष-कक्षों में प्रकाश तथा सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता के बारे में अनिवार्य रूप से जानकारी प्राप्त की जाय। डीएम ने बताया कि आर्य कन्या इण्टर कालेज व जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर 240-240, आजाद इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, राजकीय बालक इण्टर कालेज, महाराज सिंह इण्टर कालेज व वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384-384, चौधरी सियाराम इण्टर कालेज फखरपुर व सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया में 480-480 इस प्रकार 10 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होने वाली परीक्षा में कुल 3600 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

डीएम श्री त्रिपाठी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि सेक्टर मजिस्टेझटों की रिपोर्ट के आधार पर परीक्षा केन्द्रों पर यदि कोई कमी पायी जाती है तो उसे दुरूस्त कराएं। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया गया कि होमगार्डस भर्ती परीक्षा हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा जारी दिशा निर्देशों का भली प्रकार से अध्ययन कर शासन की मंशानुसार सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रथम पाली अन्तर्गत पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 03:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक सम्पन्न होने वाली लिखित परीक्षा को शुचिता पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र हेतु स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। डीएम ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को नकल को लेकर सचेत करते हुए कहा कि शासन द्वारा नकल कराने पर रू. 01 करोड़ का जुर्माना तथा आजीवन कारावास की सजा का प्राविधान किया गया है। इसलिए सभी केन्द्र व्यवस्थापक नकल को लेकर पूरी तरह से संवेदनशील रहेंगे। केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया गया कि सभी परीक्षा कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक कर उन्हें परीक्षा संचालन के सम्बन्ध में दिशा निर्देशों की जानकारी प्रदान कर दी जाय। कालेज में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को संचालित करके देख लें सभी कैमरे फोकस्ड हों। डीएम ने कहा कि परीक्षा की सुचिता प्रभावित न हो इसके लिए किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के अन्दर कोई भी पेपर, पेन्सिल बाक्स, कैलकूलेटर, सनग्लास, वायलेट, कैप, ज्वैलरी, खाद्य सामग्री, मोबाइल, यूएसबी ड्राइव, कैमरा, घड़ी, चाभी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हेल्थबैण्ड सहित अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

डीएम ने निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर साफ-सफाई, विद्युत, पेयजल, प्रकाश एवं स्वच्छ शौचालय इत्यादि के बेहतर प्रबन्ध किये जायें। डीएम ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल के बेहतर से बेहतर प्रबन्ध के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाय कि किसी परीक्षार्थी को धूप में खडे होकर इन्तज़ार न करना पड़े। डीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि लगातार भ्रमणशील रहकर शान्ति व्यवस्था बनाये रखते हुए परीक्षा को सकुशल सम्पन्न करायेंगे। यदि कोई विशेष परिस्थिति उत्पन्न होती है तो उसका त्वरित निस्तारण करते हुए डीएम व एडीएम को अवगत करायेंगे। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि होमगार्डस परीक्षा के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, ग्रामीण के दुर्गा प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला बेसिक शिक्षा आषीष कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# अमेठी के आठ परीक्षा केन्द्रों पर होमगार्ड भर्ती परीक्षा होगी : सीडीओ

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा को नकलविहीन व पारदर्शी सम्पन्न कराने का निर्देश दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी,जनपद में आगामी पच्चीस छब्बीस एवं सत्ताइस अप्रैल को आयोजित होने वाली होमगार्ड भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. एवं मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू द्वारा एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, पुलिस केंद्र प्रभारी, सीसीटीवी कंट्रोल रूम प्रभारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने परीक्षा की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुये सभी जिम्मेदारों को स्पष्ट निर्देश दिये कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से कराई जाय। पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था अनुक्रमांक के अनुसार की जाए तथा प्रत्येक केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की समुचित व्यवस्था रहे। परीक्षा के दौरान कड़ी निगरानी रखने के लिए पुलिस बल, फ्लाइंग स्क्वॉड एवं सीसीटीवी सिस्टम का प्रभावी उपयोग किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के भीतर किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित वस्तु के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके लिए अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली जाएगी। साथ ही शासन एवं परीक्षा बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि जनपद के कुल आठ परीक्षा केंद्रों पर यह भर्ती परीक्षा आयोजित की जायेगी जिसमें प्रतिदिन लगभग दो हजार छह सौ चालीस अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रशासन ने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, डीईएसटीओ पन्नालाल, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दहेज उत्पीड़न व मारपीट से त्रस्त महिला ने लगाई न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला की महिला ने अपने पति व ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार उसका विवाह 28 अप्रैल 2004 को हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार सुनील कुमार, निवासी सिरसा रोड पूरनपुर, के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति सुनील कुमार, ससुर झम्मन लाल, सास भागवती देवी और देवर आकाश व उमेश कम दहेज लाने को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित करते रहे। महिला का कहना है कि पति अक्सर अन्य महिलाओं से संबंध रखता था और देर रात घर लौटने पर विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करता था। कई बार उसे कमरे में बंद कर बेल्ट, लात-घूंसों से पीटा गया और जान से मारने की कोशिश भी की गई। ससुराल पक्ष भी उसका साथ देने के बजाय धमकाते थे कि ज्यादा विरोध करने पर जान से हाथ धोना पड़ेगा।पीड़िता ने बताया कि उसके तीन बच्चे–लड़की लवी (17 वर्ष), लड़का आयुष (15 वर्ष) और छोटा बेटा अनंत (4 वर्ष) हैं। आरोप है कि पति बच्चों के पालन-पोषण और पढ़ाई का कोई खर्च नहीं देता और आए दिन मारपीट कर उन्हें भूखा-प्यासा रखता है।

एक गंभीर आरोप लगाते हुए महिला ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व उसका पति रात में दो अज्ञात युवतियों और एक युवक को घर लाया और उसे बच्चों सहित बाहर बरामदे में सोने को कहा। विरोध करने पर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे उसके बाएं कान की सुनने की क्षमता भी प्रभावित हो गई।पीड़िता के अनुसार 20 अक्टूबर 2025 को पति का मोबाइल घर पर रह गया, जिसमें कई महिलाओं के आपत्तिजनक फोटो-वीडियो और चैट मिलीं। इस बारे में पूछने पर 23 अक्टूबर 2025 को उसे और बच्चों को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया।इसके बाद वह अपने मायके पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। समझौते के बाद 2 नवंबर 2025 को वह ससुराल लौटी, लेकिन 4 नवंबर 2025 को फिर मारपीट कर उसे और उसके बच्चों को घर से निकाल दिया गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने धमकी दी कि यदि वह दोबारा घर आई या कोई कार्रवाई की तो उसे जान से मार देंगे।वर्तमान में पीड़िता अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ मायके में रह रही है और आर्थिक व मानसिक संकट से जूझ रही है। उसने पुलिस प्रशासन से मामले में सख्त कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पहले माह भर में 07 हजार उपभोक्ता लेते थे गैस अब संख्या 10 हजार पार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले के कुड़वार ब्लॉक में संचालित कमला इंडेन गैस एजेंसी पर अचानक उपभोक्ताओं के रिफिल लेने की संख्या बढ़ने से समस्या हो रही है। लेकिन कंपनी के नियमों के अनुसार एजेंसी संचालिका द्वारा लोड आने पर रिफिल उपलब्ध कराई जा रही है। पुरानी एजेंसी होने के नाते एजेंसी के पास करीब 20 हजार उपभोक्ता है।

बता दे कि कमला गैस एजेंसी कुड़वार पर 13 हजार उज्ज्वला, 07 हजार सामान्य व 150 सौ एमडीएम व कमर्शियल गैस के उपभोक्ता है। बीते करीब डेढ़ माह से गैस की समस्या कंपनी द्वारा लोड कम किए जाने के बाद उत्पन्न हुई है।इसके पहले माह भर में 22 से 24 लोड इंडेन कंपनी द्वारा एजेंसी को दिए जाते थे तो किसी भी उपभोक्ता को समस्या नहीं होती थी। साथ ही जिले की अन्य एजेंसियों द्वारा डिलेवरी वाहन भेज कर सप्लाई कराई जाती थी लेकिन जब से गैस की किल्लत शुरू हुई तो सभी एजेंसियों ने सप्लाई बंद कर दी। ऐसे में सारे उपभोक्ताओं का लोड अकेले स्थानीय गैस एजेंसी पर पड़ गया है।गैस एजेंसी की संचालिका शिखा सिंह ने बताया कि कंपनी द्वारा जिस हिसाब से लोड मिल रहा है उसी तरह वितरण किया जा रहा है। उनके अनुसार अब तीसरे चौथे दिन लगभग 350 सिलेंडर का लोड कंपनी द्वारा दिया जा रहा है। लोड जिस दिन आता है उसके करीब तीन दिन पहले बुक किए गए सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम पर दिखाई देती है। जिसमे करीब 490 सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग दिखाई देती है। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बुकिंग के बाद डीएसी प्राप्त हो वे उपभोक्ता बुकिंग के लगभग चौथे या पांचवें दिन जब भी लोड आए तो गोदाम पहुंचकर तत्काल गैस प्राप्त करे। बिना कंपनी से लोड प्राप्त हुए एजेंसी पर भीड़ लगाने से गैस नहीं मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि अब यह व्यवस्था भी बनाई जा रही है कि जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग ऑनलाइन सिस्टम पर शो कर रही है उन्हें जिस दिन गैस का लोड आयेगा फोन से गैस आने की सूचना दी जाएगी। जिससे अनावश्यक भीड़ का हिस्सा न बनना पड़े। फोन पर केवल सूचना दी जाएगी। डीएसी नंबर बताने की जरूरत नहीं है।

# नगर पालिका की विशेष बोर्ड बैठक में करोड़ों के बजट को हरी झंडी, विकास कार्यों की रूपरेखा तय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर पालिका परिषद पूरनपुर के सभागार में बुधवार को एक अहम विशेष बोर्ड बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर व्यापक चर्चा कर उसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस बैठक को नगर के विकास की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है बैठक के पहले एजेंडा बिंदु के अंतर्गत लेखा प्रभारी दिनेश भारती ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया उन्होंने बताया कि नगर पालिका की कुल आय ?28,51,37,213 रही, जबकि कुल व्यय ?17,18,53,317 दर्ज किया गया। इस प्रकार नगर पालिका को ?11,32,83,896 का उल्लेखनीय लाभ प्राप्त हुआ। इस वित्तीय संतुलन को सदन में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने संतोषजनक बताते हुए वित्तीय प्रबंधन की सराहना की इसके पश्चात बैठक में दूसरे महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट पर चर्चा की गई। प्रस्तावित बजट के अनुसार आय पक्ष 58,21,00,000 तथा व्यय पक्ष 54,57,00,000 रखा गया है, जिससे 3,64,00,000 के लाभ का अनुमान है इस बजट में नगर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, जल निकासी, सड़क मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता दिए जाने की बात सामने आई चर्चा के दौरान सभी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव भी रखे, जिसके बाद बजट को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।बैठक में जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिसके तहत सीवर सेक्शन की मशीन से टैंक सफाई का शुल्क ?2000 निर्धारित किया गया। इस प्रस्ताव को भी सदन में उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत से स्वीकृति प्रदान की। माना जा रहा है कि इस निर्णय से सफाई व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी इस महत्वपूर्ण बैठक में बाबूराम पासवान की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उन्होंने नगर के समग्र विकास के लिए समन्वय और पारदर्शिता के साथ कार्य करने पर जोर दिया। अधिशासी अधिकारी एज़ाज़ अहमद ने भी प्रशासनिक दृष्टिकोण से योजनाओं के क्रियान्वयन पर अपने विचार रखे बैठक में नगर पालिका के सभासदों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। उर्मिला देवी, उदित सिंह, राजो देवी, दिनेश कुमार, विनीता यादव, मो. शरीफ, सौरभ सक्सेना, शाहजहाँ बेगम, राजेश कुमार, सूबेजहाँ बेगम, गौरव जायसवाल, नेहा, नुसरत परवीन, रोहित मिश्रा, नादिर रज़ा, सुशील गुप्ता, शराफत अली, अनुज गुप्ता, अरविन्द गुप्ता, प्रदीप सिंह मुखिया, गुंजन सक्सेना एवं उपेंद्र भारती सहित अन्य सदस्यों ने नगर हित से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय रखी बैठक का समापन सकारात्मक माहौल में हुआ, जहां सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर यह संदेश दिया गया कि नगर पालिका परिषद पूरनपुर विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है आगामी वित्तीय वर्ष के लिए पारित बजट से नगर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की उम्मीद जताई जा रही है।

## घर से स्कूल के लिये निकले तीन वर्षीय मासूम की बस से कुचलकर मौत

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना क्षेत्र के गांव पूरे काजिम अली के पास बुधवार की सुबह तीन वर्षीय मासूम अपने घर से स्कूल के लिये निकला था तभी तेज रफ्तार बस ने उसे कुचल दिया जिससे मासूम की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराने का प्रयास किया गया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे काजिम अली निवासी मोहम्मद जमाल के तीन वर्षीय पुत्र मोहम्मद उजैफ को ग्रो विथ सक्सेस स्कूल में हाल ही में प्रवेश कराया गया था। बुधवार सुबह वह खुशी खुशी तैयार होकर स्कूल जाने के लिये घर से निकला था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार और अनियंत्रित बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# नारी शक्ति के अपमान पर भड़कीं महिलाएं विपक्षी दलों का पुतला फूंक जताया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। नारी शक्ति वन्दन अधिनियम का विरोध करने वाले विपक्षी दलों के खिलाफ नगर क्षेत्र की महिलाओं में भारी रोष देखने को मिला। भाजपा जिला उपाध्यक्ष व भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष चन्दन नारायण सिंह के नेतृत्व में बुधवार को मातृशक्ति ने एकजुट होकर नगर में विशाल पदयात्रा निकाली और विरोध प्रदर्शन करते हुए विपक्षी दलों का तिकोनिया पार्क पर पुतला दहन किया। विपक्ष की मानसिकता पर उठाए सवाल पदयात्रा के दौरान महिलाओं ने विपक्षी दलों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया नारी शक्ति वन्दन अधिनियम महिलाओं को राजनीति में उचित भागीदारी और सम्मान दिलाने वाला ऐतिहासिक कदम है। लेकिन, कुछ राजनीतिक दल अपनी संकुचित मानसिकता के कारण इस महिला हितैषी कानून का विरोध कर रहे हैं, जिसे देश की आधी आबादी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

पदयात्रा से दिया एकता का संदेश भाजयुमो के जिला पदाधिकारियों की देख रेख में नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में माताओं बहनों और छात्राओं ने हिस्सा लिया। हाथों में तख्तियां लिए महिलाओं ने समाज को यह संदेश दिया कि अब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं। पदयात्रा के समापन पर विपक्षी दलों का पुतला दहन कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। इस अवसर पर डॉ प्रीति प्रकाश, रचना अग्रवाल, रेखा निषाद, कोकिला तिवारी, सरला द्विवेदी, भावना राय, रेनू सिंह, मंजू तिवारी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी गौरव मौर्य, सचिन पांडेय, सुधांशु सिंह, शानू सिंह, शुभेन्द्र वीर, प्रिंस और महाविद्यालयों की छात्राएँ भी उपस्थित रहीं। सभी ने एक स्वर में कहा कि महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की राह में रोड़ा अटकाने वाले दलों को आने वाले समय में जनता कड़ा सबक सिखाएगी।

## सेंट्रल बार एसोसिएशन की बैठक में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

अमेठी । सेंट्रल बार एसोसिएशन की जिला मुख्यालय गौरीगंज की सम्पन्न बैठक में अरुण मौर्य को सेंट्रल बार एसोसिएशन का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। जिला बार एसोसिएशन की सदस्यता से त्यागपत्र देकर आये सदस्यों का स्वागत किया गया। सेंट्रल बार एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य सूर्य प्रकाश त्रिपाठी के खिलाफ कुछ लोगों के द्वारा सोशल मीडिया पर इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के माध्यम से किये जा रहे मान मर्दन के कुत्सित प्रयास की कठोर शब्दों में निंदा करते हुये निंदा प्रस्ताव पारित किया गया और श्री त्रिपाठी के द्वारा की जाने वाली वैधानिक कार्यवाही में उनका सहयोग करने के लिये आश्वस्त किया गया।बैठक में पेश आय व्यय विवरण को अनुमोदित करने के साथ ही बिजली के पंखों की मरम्मत, बार एसोसिएशन कार्यालय से शेड के सुंदरीकरण आदि मुद्दों पर सकारात्मक विचार विमर्श के बाद बैठक की कार्यवाही पूर्ण की गई। बैठक में अध्यक्ष पृथ्वीराज मिश्र, महामंत्री संतोष शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष अमर बहादुरसिंह, श्रीराम सरोज, पूर्व महामंत्री मोहम्मद इस्लाम, अभिनेष शुक्ल, पूर्व कोषाध्यक्ष संजय सिंह, सुशील तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आज संपन्न होगी जन आक्रोश महिला पदयात्रा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख की अध्यक्षता में आज दोपहर 1:00 बजे गांधी प्रेक्षा ग्रह में जन आक्रोश पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा इसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख रहेंगे उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने दी है।

## गांव में नेटवर्क की समस्या को लेकर डीएम से मिले प्रधान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के युवा शिक्षित ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार लगातार अपनी पंचायत में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर अक्सर उच्च अधिकारियों से मिलकर उनका समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने मटेया लालपुर एवं पुरेना तालुके महाराजपुर में मोबाइल कंपनियों के नेटवर्क की अत्यंत गंभीर समस्या को लेकर जिला अधिकारी से मुलाकात कर समस्या का समाधान करने की बात कही है। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई नहीं हो पाती है।साथ ही जन सेवा केंद्र पर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के फॉर्म संहित अन्य पठन–पाठन की सामग्री ऑनलाइन करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के आवेदन भी नहीं हो पा रहे हैं। पंचायत सचिवालय में भी होने वाले समस्त कार्य एवं आवेदन बाधित हो रहे हैं। नेटवर्क कंपनी एयरटेल, आइडिया, वोडाफोन भारत संचार निगम लिमिटेड का नेटवर्क अत्यधिक मात्रा में धीमी गति से चलता है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान की समस्या को गंभीरता पूर्वक सुनकर कंपनियों के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का जल्द समाधान करने की बात कही है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने विपक्ष का फूंका पुतला

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत द्वारा गहौनिया चौराहा पर लोकसभा में कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में किए गए मतदान के कारण विपक्ष का पुतला दहन किया।जिसमें आक्रोशित भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों द्वारा नारी शक्ति का ये अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान,राहुल गांधी मुर्दाबाद,अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए अपना विरोध दर्ज कराया है।विरोध कराने वालो में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा , भाजपा जिला मंत्री ऋचा सिंह पटेल , चेयरमैन नगर पंचायत नौगवां पकड़िया संदीप कौर , भाजपा नेता अंशुमन तिवारी , हर्षित चौधरी , अमनदीप मिश्रा सुनीता सिंह , रत्ना शुक्ला , अनूप बाल्मीकि , प्रतीक पांडेय , इंद्रेश चौहान , विपिन मिश्रा , शुभम भारती ,उज्जवल वर्मा ,दीप अग्रवाल , अवतार सिंह मोनू, हिमांशु जैसवार, शिवम माथुर , अभिषेक सिंह गोल्डी , अभिमन्यु गंगवार , सत्यपाल वर्मा प्रमुखता से उपस्थित रहे हैं।

## गेहूं खरीद ठप सिस्टम में लगा घुन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बैल्हा, बमनपुर, भागीरथ राघवपुरी व सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज में किसानों को गेहूं खरीद में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी को दिए गए निवेदन में किसानों ने बताया कि इन ग्राम पंचायतों की कृषि योग्य भूमि भूदान यज्ञ समिति द्वारा वर्ष 1991 में पट्टे के रूप में आवंटित की गई थी। बताया गया कि एक–एक गाटे में 30 से 60 एकड़ तक भूमि दर्ज है, जबकि उसी गाटे में करीब 15 से 20 किसान हिस्सेदार हैं। समस्या तब उत्पन्न हो रही है जब किसान गेहूं विक्रय के लिए पंजीकरण कराते हैं। पंजीकरण के दौरान खतौनी में पूरे गाटे का रकबा दर्ज हो जाता है, जबकि नियमानुसार प्रत्येक किसान का केवल उसका हिस्सा ही दर्ज होना चाहिए। इस तकनीकी खामी के कारण खरीद केंद्रों की मशीनें गेहूं खरीद नहीं कर पा रही हैं। किसानों का कहना है कि 20 तारीख से अब तक करीब 1000 कुंतल गेहूं केंद्रों से वापस लौटाना पड़ा है। मजबूरी में किसान अपनी फसल औने–पौने दामों पर बेचने को विवश हैं।किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाए, ताकि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सके और आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पृथ्वी दिवस

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में आज अर्थ डे बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया इस वर्ष की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह रही, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना सभा से हुआ, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने पृथ्वी की रक्षा करने का संकल्प लिया इसके पश्चात विद्यालय में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया छात्रों ने आकर्षक पोस्टर बनाकर सेव अर्थ और गो ग्रीन जैसे संदेशों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक प्रेरणादायक नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के महत्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। छोटे बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधों को पानी देकर प्रकृति के प्रति अपना प्रेम व्यक्त किया विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर पौधे लगाए और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी की सुरक्षा के लिए हमें दैनिक जीवन में छोटे–छोटे प्रयास करने चाहिए, जैसे पानी की बचत, अधिक से अधिक पेड़ लगाना और प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाना यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए न केवल प्रेरणादायक रहा, बल्कि उन्हें पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का भी संदेश देकर गया हैं।

## मां हेमवती महाकाली वार्षिक महोत्सव आज

सुल्तानपुर। जिले के कुड़वार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंद्रकला भंडरा स्थित मां हेमवती महाकाली मंदिर में आज 23 अप्रैल 2026 को वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिलेगा। आयोजन समिति के अनुसार महोत्सव में विधि–विधान से पूजा–अर्चना, भजन–कीर्तन एवं महाप्रसाद वितरण जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दूर–दराज से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजक सेवक रामराज पांडेय एवं सेविका अर्चना पांडेय ने क्षेत्रवासियों सहित सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे कार्यक्रम में शामिल होकर मां हेमवती महाकाली का आशीर्वाद प्राप्त करें और महोत्सव को सफल बनाएं। मंदिर समिति का कहना है कि श्रद्धालुओं की उपस्थिति ही इस आयोजन की सबसे बड़ी शक्ति है। महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## खेत से लौट रहे व्यक्ति पर घात लगाकर हमला, तीन गंभीर घायल

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय थाना क्षेत्र के सोरांव (कोट) गांव में सोमवार रात करीब 8 बजे खेत से घर लौट रहे एक व्यक्ति पर घात लगाकर हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी हसमुद्दीन खेत से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वे बाजार के पास पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठे कुछ हमलावरों ने उन पर लाठी–डंडों, कुल्हाड़ी, लोहे की रॉड और ईंट–पत्थरों से हमला कर दिया। हमलावरों ने गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से वार किए। हसमुद्दीन की चीख–पुकार सुनकर उनके परिजन मोहब्बतुद्दीन और नजमुद्दीन उन्हें बचाने पहुंचे, लेकिन हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया। इस हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर किया गया, जहां से डॉक्टरों ने नाजुक स्थिति को देखते हुए सभी को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर भेज दिया। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## सिकंदर सिंह हत्याकांड में चौकी इंचार्ज राकेश ओझा निलंबित

बल्दीराय/सुल्तानपुर। थाना क्षेत्र के टडरसा मजरा ऐंजर में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल सिकंदर सिंह की इलाज के दौरान अयोध्या में मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और बड़ी कार्रवाई करते हुए देहली बाजार चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ओझा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने चौकी इंचार्ज पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए यह कार्रवाई की है। सीओ बल्दीराय आशुतोष कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की जांच जारी है और अन्य दोषियों पर भी जल्द कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि सिकंदर सिंह को गांव में पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने बुरी तरह पीटा था। हालत बिगड़ने पर उन्हें अयोध्या रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की खबर के बाद इलाके में तनाव की स्थिति है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों को बांटे बर्तन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत दांदूपुर के आंगनबाड़ी केंद्र गोधना पर पोषण पखवाड़ा के तहत समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें सीडीपीओ ने गर्भवती एवं धात्री माताओं, अन्य ग्रामीण माताओं तथा किशोरियों को लू से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार गौतम ने माताओं को यह भी बताया गया कि जन्म से छह माह तक शिशु को केवल स्तनपान ही कराया जाना चाहिये जिससे शिशु का समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास सुनिश्चित हो सके।इसके अतिरिक्त केंद्र पर उपस्थित तीन से छह वर्ष के पन्द्रह बच्चों को मिड डे मील भोजन ग्रहण करने हेतु प्लेट का वितरण भी किया गया।कार्यक्रम में मुख्य सेविका अर्चना देवी,ज्योति सिंह,वंदना एवं आंगनवाड़ी सहायिका की सक्रिय सहभागिता रही।यह कार्यक्रम समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

## सम्पादकीय

# ट्रंप ईमानदार वार्ता करें

यदि अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के भीतर कोई 'इनसान' मौजूद है, तो उसे उत्प्रेरक की भूमिका अदा करनी चाहिए और ट्रंप के मानस में इनसानियत के प्रति सोचने का एहसास पैदा करना चाहिए। ईरान युद्ध अब बिल्कुल खत्म होना चाहिए। बहुत विनाश और विध्वंस हो चुका है। बेशक ईरान सार्वजनिक तौर पर कबूल न करे, लेकिन वह कब्रिस्तान-सा हो चुका है। घोर आर्थिक संकट की स्थिति है। दूसरी तरफ अमरीकी कांग्रेस (संसद) का एक मजबूत पक्ष और अमरीका की ही बहुतायत जनता राष्ट्रपति ट्रंप पर युद्ध खत्म करने का चौतरफा दबाव डाल रहे हैं। ईरान का परिष्कृत यूरेनियम कब्जाने की नाकामी के कारण दुनिया को 'फिरौती' के लिए विवश नहीं किया जा सकता। गौरतलब यह है कि बीते साल वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास-दर 3.4 फीसदी थी। ट्रंप के टैरिफवाद के बावजूद यह बढ़ोतरी साधारण थी। जनवरी में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने आकलन दिया था कि 2026 में भी कमोबेश विकास-दर 3.4 फीसदी ही रहेगी। अब उसने अपना आकलन संशोधित कर कहा है कि अर्थव्यवस्था घट कर 3.1 फीसदी हो सकती है, लेकिन आईएमएफ के ही मुख्य अर्थशास्त्री का आकलन 2.5 फीसदी तक लुढक़ने का है। आखिर यह गिरावट क्यों है? क्योंकि ईरान युद्ध बुनियादी तौर पर अब भी जारी है और होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग की तालाबंदी, नाकाबंदी की गई है। नतीजतन सैकड़ों देशों के तेल-गैस, खाद, अन्य उपयोगी सामानों की आवाजाही ठप है। होर्मुज बंद होने के कारण और तेल-गैस ठिकानों के, ईरानी हमलों में, क्षतिग्रस्त होने के कारण खाड़ी देशों ने उत्पादन ही कम कर दिया है। एक अनुमान है कि 50 करोड़ बैरल तेल का उत्पादन कम किया गया है, जिसकी कीमत 50 अरब डॉलर बताई जा रही है। कोई भी देश एलएनजी होर्मुज के पार नहीं भेज पा रहा है, नतीजतन उर्वरक, अल्युमीनियम, हीलियम, सल्फर आदि की घोर कमी सामने आई है। खाद 300 डॉलर प्रति टन महंगी हो गई है। तांबा और निकल (सफ़ेद चांदी जैसी धातु) के उत्पादन भी प्रभावित हुए हैं। निकल का इस्तेमाल स्टेनलेस स्टील और सिक्के बनाने में होता है। बहरहाल यदि जंग जारी रही, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास-दर मात्र 2 फीसदी हो सकती है। यदि राष्ट्रपति ट्ंरप के भीतर दुनिया के प्रति चिंताएं और सरोकार हैं, तो उन्हें ईरान के साथ सार्थक, ईमानदाराना बातचीत करनी चाहिए। अपने प्रतिनिधिमंडल को ऐसे ही निर्देश देने चाहिए, जिससे समझौता हो सके। ट्रंप को बार-बार ईरान के सभी बिजली संयंत्र, पुल, रेल नेटवर्क को तबाह, बर्बाद करने के बयानों से बचना चाहिए। राष्ट्रपति स्तर का कोई भी व्यक्ति ऐसी भाषा नहीं बोलता। यह साम्राज्यवाद की भाषा है। ट्ंरप को शेष दुनिया के विशेषज्ञ और नेतागण 'सनकी', 'मानसिक विक्षिप्त', 'बेवकूफ' मान रहे हैं, तो उसकी बुनियादी वजह यही है कि वह दुनिया को अपना 'गुलाम' बना लेना चाहते हैं। अमरीका और इजरायल ईरान के करीब 90,000 घर मिट्टी-मलबा कर चुके हैं। सैकड़ों अस्पताल और स्कूल जमींदोज कर दिए गए हैं। इजरायल का प्रधानमंत्री तो 'आदमहंता' है। न जाने विनाश और विध्वंस में उसे क्या सुकून मिलता है या कौनसी सुरक्षा निहित है! ईरान कुल 25 लाख करोड़ रुपए का नुकसान आंक रहा है, लिहाजा अमरीका समेत सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर आदि खाड़ी देशों से भी ईरान मुआवजा मांग रहा है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की रपट है कि ईरान युद्ध से करीब 25 लाख लोग गरीबी की चपेट में आ चुके हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि 51 दिन के बाद अब भी युद्ध समाप्त कर दिया जाए, तो भी तेल-गैस के दाम 2030 से पहले सामान्य स्तर पर लौटना मुश्किल हैं। होर्मुज के सामान्य होने में ही तीन माह लगेंगे। वहा अब भी 128 टैंकर फंसे हैं, जिनमें 16 करोड़ बैरल तेल है। भारत के भी 13-14 जहाज, टैंकर होर्मुज में फंसे हैं। दो जहाजों पर तो गोलीबारी भी हो चुकी है। युद्ध से चौतरफा संकट पैदा हुए हैं। विश्व इतिहास का सबसे घोर ऊर्ज़ा-संकट झेल रहा है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक की विफलता, राष्ट्र निर्माण को ठेस

**महिलाओं ने समाज और राष्ट्र की रक्षा करने में अनेक अवसरों पर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है। संसद में महिलाओं का अनुपात अपेक्षा से काफी कम होने पर मोदी सरकार ने इसे बढ़ाकर 33% करने का प्रयास किया; हालांकि, वंशवादी राजनीतिक दलों की मानसिकता अपने ही परिवार की महिलाओं की रक्षा करने की है, जबकि वे आम महिलाओं को दी जा रही शक्ति को स्वीकार करने से इनकार करते हैं। परिणामस्वरूप, उन्होंने विधेयक को पारित होने से रोक दिया। जब तक इस विधेयक पर पुनर्विचार करके इसे लागू नहीं किया जाता, तब तक महिलाएं आगामी चुनावों में सभी विपक्षी दलों से निश्चित रूप से बदला लेंगी। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम', जिसे अक्सर महिला आरक्षण अधिनियम के नाम से जाना जाता है, कहता है कि 2026 के बाद होने वाली जनगणना के बाद परिसीमन के आधार पर महिलाओं के लिए आरक्षण लागू किया जाएगा।**

भारत के भविष्य के खिलाफ विपक्षी राजनीतिक दलों का सबसे बड़ा अपराध कांग्रेस पार्टी, टीएमसी, समाजवादी पार्टी, डीएमके और अन्य विपक्षी दलों द्वारा संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) को विफल करके प्रदर्शित किया गया असंवैधानिक, अनियंत्रित और महिला विरोधी रवैया है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि भारत को आंतरिक और बाह्य, दोनों मोर्चों पर लड़ना होगा। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों के साथ कम्युनिस्ट चीन और पश्चिमी जगत की गहरी बाजारवादी ताकतें भारत को अस्थिर करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। दूसरा मोर्चा उन आंतरिक विरोधियों का है जो भारत में अशांति फैलाने और अर्थव्यवस्था को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। दोनों ही शत्रुओं को यह जानना चाहिए कि भारत ऐसे सशक्त व्यक्तित्वों को जन्म देता है जो समाज में योगदान देते हैं और राष्ट्र की महानता को पुनर्स्थापित करने में सहायक होते हैं। न केवल पुरुषों ने बल्कि महिलाओं ने भी अनेक अवसरों पर दृढ़ता का परिचय देते हुए यह सिद्ध किया है कि भारत को पराजित नहीं किया जा सकता।

भारतीय इतिहास में उनका एक विशिष्ट स्थान है क्योंकि उनकी शासन शैली प्रशासनिक और सैन्य कौशल के साथ-साथ सौम्य शक्ति (पूरे भारत में सनातन धर्म और सांस्कृतिक प्रतीकों के प्रति सम्मान) पर भी बल देती है। समय के साथ इतिहास के उन पन्नों में भी महिलाओं के साहस और करुणा की कहानियां मिलती हैं जो समय के साथ लुप्त हो गए हैं। फिर भी, उन्होंने हमारी राष्ट्र माता की सेवा करने के अपने प्रयासों में दृढ़ता दिखाई और उनकी विरासत को आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। रानी देवी अहिल्याबाई होलकर को राजमाता के समान एक महान नेता और वीर योद्धा माना जाता है। उनकी अनेक उपलब्धियों से कई पीढ़ियों की महिलाएं प्रेरित हुई हैं, जिन्होंने 18वीं शताब्दी में प्रचलित लिंगभेद की मजबूत रूढ़ियों और धारणाओं को तोड़ा। एक ऐसी महिला के बारे में सोचिए, जिसने युद्ध में अपने पति को खोने के कुछ वर्षों बाद अपनी इकलौती सहयोगी को भी खो दिया। कई सम्राट युद्ध की तैयारी कर रहे थे। उनके बीच भी प्रतिद्वंद्वी थे। वह भयभीत नहीं हुईं लेकिन जब उन्होंने कदम बढ़ाया तो बहुत शत्रुता का सामना करना पड़ा। ब्रिटिश इतिहासकार जॉन की ने उन्हें ''दार्शनिक रानी'' का नाम दिया था।

निडर रानियों के लंबे इतिहास वाले देश में देवी अहिल्याबाई होलकर का असाधारण 30 वर्षीय शासनकाल अद्वितीय है, जिसने अमिट छाप छोड़ी और प्रेरणा का स्रोत बना। तमाम मुश्किलों के बावजूद, अपने छोटे से जीवनकाल में सनातन धर्म का विस्तार करके उन्होंने हिंदुत्व के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का परिचय दिया, जिसे आज के हर भारतीय को बेहतर भारत और विश्व के लिए अपनाना चाहिए। अरविंद जावलेकर की पुस्तक 'लोकमाता अहिल्याबाई' के अनुसार, अपने इकलौते बेटे की मृत्यु के बाद अहिल्याबाई होलकर ने अपनी सारी संपत्ति भारत भर के मंदिरों के निर्माण, जीर्णोद्धार, नवीनीकरण और रखरखाव में लगा दी थी। हिंदुत्व की प्रतीक अहिल्यादेवी ने धर्म के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक उन्नति को भी बढ़ावा दिया। अहिल्याबाई अपने निष्पक्ष और कुशल शासन के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने अपने राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखी और जनता एवं धर्म के कल्याण को प्राथमिकता दी। अवसंरचना विकासः उन्होंने कई अवसंरचना संबंधी पहल शुरू कीं जिनसे व्यापार और कृषि को बढ़ावा मिला, जैसे सिंचाई प्रणाली और सड़कें। संस्कृति का संरक्षणः मंदिरों का निर्माणः एक धर्मनिष्ठ हिंदू होने के नाते, अहिल्याबाई ने पूरे भारत में कई मंदिरों के निर्माण का आदेश दिया। कलाओं को प्रोत्साहनः उन्होंने कवियों, कलाकारों और शिक्षाविदों को सहयोग देकर सांस्कृतिक पुनरुद्धार में योगदान दिया। उनका दरबार कला और साहित्य का केंद्र बन गया। समाज में सुधारः महिलाओं का समर्थनः अहिल्याबाई ने महिलाओं के कल्याण और अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने समाज में महिलाओं की स्थिति को ऊपर उठाने के कई प्रयासों का समर्थन किया और उनकी शिक्षा को बढ़ावा दिया। परोपकारी कार्यः वे अपनी उदारता के लिए



प्रसिद्ध थीं, उन्होंने कई सामाजिक कार्यों का प्रायोजन किया और अकाल के दौरान सहायता प्रदान की। सैन्य रक्षात्मक रणनीतियों में नेतृत्वः अहिल्याबाई शांतिप्रिय नेता थीं, लेकिन वे सैन्य नेतृत्व में भी सक्षम थीं। उन्होंने अपने राज्य को आक्रमणों से सुरक्षित रखने के लिए एक मजबूत सैन्य उपस्थिति बनाए रखी। धार्मिक सहिष्णुता और विभिन्न समुदायों में एकताः अहिल्याबाई ने धार्मिक सहिष्णुता का अभ्यास और समर्थन करके अपने राज्य के विभिन्न समुदायों में एकता को बढ़ावा दिया, हालांकि उन्होंने सनातन धर्म और महान संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास करने वालों पर आक्रमण किया। विरासत का स्थायी प्रभावः उन्हें भारतीय इतिहास में एक आदर्श माना जाता है और उनकी उपलब्धियों ने एक अमिट विरासत छोड़ी है। पूरे भारत में उनकी प्रतिमाएं और स्मारक हैं। ये प्रतिमाएं और स्मारक उनके बलिदानों और उनके द्वारा प्रतिपादित साहस और एकता की याद दिलाते हैं। यह राष्ट्रीय एकता और एकीकरण की अवधारणा है जो राष्ट्र के प्रति गौरव और वर्तमान राजनीतिक आकांक्षाओं को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त, यह जनता को उस समय की घटनाओं और आज भी उनके महत्व के बारे में जानकारी देती है। यह स्थानीय पहचान और रीति-रिवाजों के साथ घनिष्ठ संबंध को प्रोत्साहित करती है। स्मारकों के माध्यम से देशभक्ति की भावना और उस स्वतंत्रता की रक्षा के लिए साझा प्रतिबद्धता जागृत होती है जिसके लिए उन्होंने लड़ाई लड़ी थी। नए स्मारकों में महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण सहित आधुनिक मुद्दों को भी शामिल किया गया है।

महिलाओं ने समाज और राष्ट्र की रक्षा करने में अनेक अवसरों पर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है। संसद में महिलाओं का अनुपात अपेक्षा से काफी कम होने पर मोदी सरकार ने इसे बढ़ाकर 33% करने का प्रयास किया; हालांकि, वंशवादी राजनीतिक दलों की मानसिकता अपने ही परिवार की महिलाओं की रक्षा करने की है, जबकि वे आम महिलाओं को दी जा रही शक्ति को स्वीकार करने से इनकार करते हैं। परिणामस्वरूप, उन्होंने विधेयक को पारित होने से रोक दिया। जब तक इस विधेयक पर पुनर्विचार करके इसे लागू नहीं किया जाता, तब तक महिलाएं आगामी चुनावों में सभी विपक्षी दलों से निश्चित रूप से बदला लेंगी। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम', जिसे अक्सर महिला आरक्षण अधिनियम के नाम से जाना जाता है, कहता है कि 2026 के बाद होने वाली जनगणना के बाद परिसीमन के आधार पर महिलाओं के लिए आरक्षण लागू किया जाएगा। यदि सरकार जनगणना और उसके बाद परिसीमन का इंतजार करती तो महिलाएं 2029 के आम चुनाव में 33% आरक्षण का लाभ नहीं उठा पातीं, क्योंकि जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया में समय लगता है। परिणामस्वरूप, आधी आबादी को समय पर लाभ पहुंचाने के लिए अधिनियम के कार्यान्वयन को इस आवश्यकता से अलग करना आवश्यक समझा गया। परिसीमन का तात्पर्य निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं को अंतिम रूप देना है। यह महिला आरक्षण को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण है। लोकसभा की सीटों की सीमा 1976 में 550 निर्धारित की गई थी। 1971 में भारत की जनसंख्या 54 करोड़ थी। आज यह 140 करोड़ है। परिणामस्वरूप, लोकसभा की बैठने की क्षमता को बढ़ाकर 850 करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे संसद में नागरिकों का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा। इस अवधारणा में आनुपातिक विस्तार की रणनीति अपनाई गई है। सीटों में 50% की वृद्धि से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में समान अनुपात बना रहेगा।

**डॉ. पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

# कल्पनाशीलता के मुरझाने का खतरा

विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस (23 अप्रैल) पर विशेष

**योगेश कुमार गोयल**

पुस्तकों की महत्ता और इनसे अर्जित ज्ञान के संबंध में सदैव कहा जाता रहा है कि ज्ञान कभी बेकार नहीं होता। पुस्तकें विभिन्न संस्कृतियों, पहचानों और भाषाओं के माध्यम से अपनी विशिष्टताओं को प्रकट करते हुए एक कहानी और एक सामान्य विरासत के आसपास लोगों को एक साथ लाती हैं लेकिन यह चिंताजनक है कि पाठकों में पुस्तकें पढ़ने की आदत निरंतर कम होती जा रही है। लोगों को पुस्तकें पढ़ने, कॉपीराइट कानूनों तथा अन्य उपायों को समझने के लिए प्रोत्साहित करने, लेखकों और पुस्तकों को वैश्विक सम्मान देने तथा पढ़ने की कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 23 अप्रैल को यूनेस्को तथा दुनियाभर के अन्य संबंधित संगठनों द्वारा 'विश्व पुस्तक दिवस' मनाया जाता है। 'विश्व पुस्तक तथा कॉपीराइट दिवस' का औपचारिक शुभारंभ 'यूनेस्को' द्वारा 23 अप्रैल 1995 को किया गया था। यह चिंता का विषय है कि आधुनिकता के दौर में बच्चों के साथ-साथ बड़ों का लगाव भी पुस्तकों के प्रति कम हुआ है। मोबाइल और कम्प्यूटर के जमाने में अब बच्चे हों या बड़े, अधिकांश इन्हीं पर अपना ज्यादातर समय बिताने लगे हैं लेकिन अधिकांश विद्वानों का स्पष्ट मत है कि इंटरनेट या विभिन्न संचार माध्यमों से मिलने वाली जानकारियों को हमारे मस्तिष्क को चुपचाप ग्रहण करना पड़ता है, जो दिमाग की खुद की कल्पनाशीलता को कुंद कर देते हैं जबकि पुस्तकें पढ़ने के लिए ध्यान, एकाग्रता और मेहनत की आवश्यकता होती है, जिससे विचारों और भावनाओं के लिए नई रोशनी और प्रोत्साहन मिलता है। इसलिए जरूरी है कि टीवी या सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से चिपके रहने के बजाय पुस्तकों की दुनिया को जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाए ताकि रचनात्मकता का उपयोग करते हुए क्षितिज का विस्तार करने में पुस्तकों की शक्ति का बेहतर उपयोग किया जा सके। बाल साहित्य और ज्ञानवर्द्धक पुस्तकों के माध्यम से बच्चों के मानसिक विकास को बढ़ावा देने और साहित्य के प्रति उनमें आजीवन प्रेम उत्पन्न करने का भी प्रयास किया जाए। जिस समय हमारे आसपास कोई नहीं होता या हम अकेले अथवा उदास हैं, परेशान हैं, ऐसे समय में पुस्तकें ही हमारी सच्ची दोस्त बनकर हमें सहारा देती हैं। हमारे दिलोदिमाग में उमड़ते सवालों का जवाब पाने के लिए पुस्तकों से बेहतर और कोई जरिया नहीं हो सकता। सभी भारतीय भाषाओं में पुस्तकों को बढ़ावा देने और पढ़ने की संस्कृति विकसित करने की एक पहल के रूप में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा प्रतिवर्ष दिल्ली में भव्य पुस्तक मेले 'विश्व पुस्तक मेला' का आयोजन किया जाता है। इस प्रकार के आयोजन लोगों में किताबें पढ़ने की रूचि विकसित करने के साथ-साथ कलम और मुद्रित दुनिया की ताकत को दोहराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि हर साल इतने भव्य और विशाल पुस्तक मेले के सफल आयोजन के बावजूद विशेषकर हिन्दी भाषी पाठकों में पुस्तकें पढ़ने की आदत कम हो रही है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि साल में एक बार आयोजित होने वाले विश्व पुस्तक मेले के अलावा भी ऐसे क्या प्रयास किए जाएं, जिससे लोगों की दिलचस्पी पुस्तकों के प्रति बढ़े और हिन्दी पुस्तकें ज्यादा से ज्यादा पाठकों तक पहुंच सकें। आज के दौर में लोगों की रूचि पुस्तकों में कम होती जा रही है, ऐसे में पुस्तक मेलों के आयोजन के माध्यम से तो लोगों में पुस्तकों के प्रति आकर्षण बढ़ाने के प्रयास किया जाना जरूरी है ही, साथ ही स्कूलों और स्थानीय पुस्तकालयों में भी अच्छी पुस्तकें पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। खासकर बच्चों के समग्र विकास के लिए तो उन्हें प्रेरणादायक बाल साहित्य, दिलचस्प नवीनतम साहित्य तथा अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकों की ओर आकर्षित करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि ऐसी पुस्तकों को पढ़ने से उनका मानसिक और सामाजिक विकास तीव्रता से होता है। किसी भी स्कूल का पुस्तकालय बच्चों में पुस्तकों के प्रति प्रेम विकसित करने और उन्हें दुनिया के बारे में अधिक जानने में भी मदद करता है। यही कारण है कि केवल पाठ्य-पुस्तकों को ही बच्चों की समझ को विकसित करने के लिए पर्याप्त नहीं माना जाता। इसीलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में सभी स्तर के विद्यार्थियों के लिए स्कूल और स्थानीय पुस्तकालयों में स्थानीय भाषाओं में दिलचस्प और प्रेरणादायक बाल साहित्य तथा पुस्तकें बड़ी संख्या में उपलब्ध कराने की बात कही गई थी लेकिन मौजूदा समय में स्कूलों में ऐसी पुस्तकों की उपलब्धता के आंकड़े बेहद निराशाजनक हैं। कुछ राज्यों में स्कूलों की लाइब्रेरी में पुस्तकों की संख्या संतोषजनक है लेकिन कई राज्यों में बच्चों के पढ़ने के लिए पुस्तकों की कमी के मामलों में लापरवाही व उदासीनता साफ झलकती है।

## सेहत मंत्र

# कई गंभीर बीमारियों से बचाव करता है पपीते के पत्ते का रस

पपीता एक ऐसा फल है, जिसके सेवन से हमारे शरीर को कई तरह से फायदा मिलता है। लेकिन सिर्फ पपीता ही नहीं बल्कि पपीते का पत्ता भी औषधीय गुणों से भरपूर होता है। ऐसे में अगर आप भी सेहतमंद बने रहना चाहते हैं, तो आपको पपीते के पत्ते का रस बनाकर पीना चाहिए। बता दें कि पपीते के पत्ते का रस त्वचा, लिवर, बालों आदि के लिए लाभकारी होता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पपीता के पत्ते के जूस के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। बदलते मौसम में बहुत सारे लोग डेंगू से परेशान रहते हैं। वहीं इस बीमारी के कारण हर साल देश में कई लोग जान गंवा देते हैं। डेंगू में दाने, सिरदर्द, तेज बुखार, जोड़ों और मसल्स में दर्द, आंख में दर्द और कपकपी लगती है। डेंगू के बुखार में शरीर में प्लेटलेट तेजी से गिरती हैं, जिसके कारण कई बार मरीज की जान चली जाती है। प्लेटलेट्स काउंट बढ़ाने के लिए डेंगू के मरीज को रोजाना दिन में दो बार पपीते के पत्ते का 25 एमएल रस पीना चाहिए। क्योंकि इसके रस में बायोएक्टिव यौगिक होते हैं, जो डेंगू बुखार के असर को कम करने में सहायक होते हैं। पपीते के पत्ते, फल, बीज और जड़ में एंटी मलेरियल गुण पाया जाता है। जो बल्ड में मौजूद पैरासाइट्स को खत्म करने का काम करता है। इससे मलेरिया जैसी बीमारी के रोकथाम में मदद मिलती है। इसलिए आप चाहें तो रोजाना पपीते के पत्ते के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। पपीते के पत्तों में कारपैन के रासायनिक यौगिक पाए जाते हैं, जो डाइजेशन सिस्टम को सही रखता है। इसके सेवन से गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल डिसऑर्डर जैसे इर्रिटेबल बॉवेल सिंड्रोम राहत मिलती है। वहीं पपीते के पत्ते के रस के इस्तेमाल से अल्कोहल की वजह से होने वाले गैस्ट्रिक की परेशानी या अल्सर भी ठीक हो सकता है। कई बार हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया यानी उच्च कोलेस्ट्रोल की वजह से लिवर खराब हो सकता है। इस समस्या से बचने के लिए पपीते के पत्ते का रस पीना चाहिए। क्योंकि यह कोलेस्ट्रोल लेवल को कम करने के साथ ही खून को साफ करता है। साथ ही यह रस पीलिया और सिरोसिस आदि से बचाने में सहायक होता है।

## धर्म मंत्र

# भगवान महावीर हैं सार्वभौम धर्म के प्रणेता

सदियों पहले महावीर जनमे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। वे सार्वभौम धर्म के प्रणेता थे, उनके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना थी। इस वर्ष भगवान महावीर की 2550 वां निर्वाण महोत्सव मनाया जा रहा है, उनकी जन्म जयन्ती एवं निर्वाण महोत्सव न केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिये बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिये उन्नत जीवन का आधार है, निर्वाण महोत्सव का भव्य आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम् सभागार में 21 अप्रैल, 2024 को चारों जैन सम्प्रदायों के आचार्यों, मुनिराजों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में करेंगे। भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'अहिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था।

## पर्यटन



# समर वेकेशन में फैमिली के साथ जाएं नॉर्थ ईस्ट इंडिया के इन सुंदर और खास जगहों पर, आएगा खूब मजा

समर वेकेशन पर हम सभी घूमने जाते हैं, चिलचिलाती गर्मियों में कहीं जाने की बात होती है। तो कई लोग सबसे पहले हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर या लेह लद्दाख जाते हैं। यह बिलकुल सच है कि गर्मियों के लिए ये जगहें बेहतरीन है, लेकिन कई लोगों को पता ही नहीं है नॉर्थ ईस्ट इंडिया में बेहद प्यारी जगहें है घूमने के लिए। नॉर्थ ईस्ट इंडिया देश का एक हिस्सा है, जहां की सुंदरता और ठंडी हवाएं लाखों पर्यटको को मोहित कर सकती हैं। यहां आप अपने परिवार के साथ गर्मियों की छुट्टियों का आनंद ले सकते हैं। समर सीजन में नॉर्थ ईस्ट इंडिया में घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले पेलिंग का नाम जरुर शामिल रहता है। सिक्किम की हसीन वादियों में मौजूद यह शहर शानदार खूबसूरती के साथ ही यहां कि ठंडी हवाओं के लिए काफी फ़ेमस है, यह एक खूबसूरत हिल स्टेशन है। पेलिंग में आप कंचनजंगा वॉटरफॉल, पेमा यांग्त्से मठ, सिंगशोर ब्रिज और कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं। शिलांग नॉर्थ ईस्ट इंडिया सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय जगहों में से एक है। इसकी खूबसूरती के कारण इसे उत्तर पूर्व का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। यहां पर कई झीलें मौजूद हैं जिस वजह से इसे झीलों की नगरी के नाम से भी जाना जाता है। शिलांग की खूबसूरती और मौसम सैलानियों को खूब आकर्षित करते हैं। ऊंचे-ऊंचे पहाड़, घने जंगल और झील-झरने शिलांग की खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं। यहां आप शिलांग पीक, लेडी हैदरी पार्क, कैलांग रॉक, वार्डस झील और मीठा झरना जैसी जगहों को परिवार के साथ घूम सकते हैं। तवांग अरुणाचल प्रदेश में स्थित है, जहां लगभग हर भारतीय घूमना चाहेगा। ऊंचे-ऊंचे पहाड़, घने जंगल एयर झील-झरनों के बीच में मौजूद यह शहर किसी स्वर्ग से कम नहीं है। मई, जून और जुलाई की तपती गर्मी में भी यहां का मौसम एकदम सुहावना रहता है। यहां एशिया का सबसे बड़ा बौद्ध मठ भी है। इसके साथ ही आप यहां युद्ध स्मारक, गोरिचेन पीक, पीटी त्सो झील, जसवंत गढ़ और ताकत्संग जैसी सुंदर जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# विश्व पृथ्वी दिवस, पृथ्वी बचाओ संरक्षित करो भविष्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निन्दूरा बाराबंकी। विकास खंड के ग्राम अगासंड स्थित आर.एस ग्लोबल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कक्षा छः की छात्रा प्रज्ञा सिंह ने अपनी कला के माध्यम से पृथ्वी का मनोहारी चित्र बनाकर पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी संदेश दिया। प्रज्ञा सिंह ने कहा कि पृथ्वी हमें जीवन के लिए आवश्यक अनेक बहुमूल्य संसाधन प्रदान करती है, जिनमें जल, वायु, अन्न, फल और ऑक्सीजन प्रमुख हैं। लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमें भी पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और उसके संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। संदेश दिया कि ल्लआज को बचाओ, तभी कल सुरक्षित रहेगा। हमारे भविष्य को बर्बाद मत करो, हमारी पृथ्वी को बचाओ।ङ्क इसके साथ ही अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, पॉलिथीन का उपयोग बंद करने और पेड़ों की कटाई रोकने के लिए सभी को जागरूक किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों और ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।




## डीजे पर फरमाइश पूरी न होने पर संचालक को पीटा, लूटपाट कर हत्या का प्रयास

पूरनपुर। डीजे पर मनचाहा गाना न बजाने को लेकर कुछ युवकों ने डीजे संचालक के साथ मारपीट कर दी और उस पर लूटपाट व हत्या के प्रयास का गंभीर आरोप लगा है। घटना के बाद दावत में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कलीनगर के वार्ड एक निवासी आकाश डीजे संचालक है।मंगलवार शाम वह एक शादी समारोह के अगले दिन आयोजित दावत कार्यक्रम में डीजे लेकर पहुंचा था। आरोप है कि पड़ोस के कुछ युवक नशे की हालत में आए और मनचाहे गाने बजाने का दबाव बनाने लगे। रात 10 बजे के बाद नियमों का हवाला देकर डीजे बंद करने की बात कही गई, जिससे युवक भड़क गए।आरोप है कि युवकों ने पहले गाली-गलौज की और फिर संचालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। इसके बाद उसे खींचकर पास के एक बंद मकान में ले जाकर फिर से मारपीट की गई और गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया गया। इस दौरान उसके गले में चोटें आई हैं।शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर उसे बचाया।

## सिद्धौर में कान्हा गौशाला निर्माण की नींव रखी गई 1.65 करोड़ की लागत से बनेगी आधुनिक गौशाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर, बाराबंकी। क्षेत्र के रायपुर स्थित ग्रामसभा में बहुप्रतीक्षित कान्हा गौशाला निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम भव्य और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। धार्मिक अनुष्ठान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन कर गौसंरक्षण और ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया गया। शासन द्वारा स्वीकृत 1.65 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली यह गौशाला क्षेत्र में निराश्रित एवं संरक्षित गौवंश के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल के रूप में विकसित की जाएगी। प्रस्तावित गौशाला आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगी, जिससे गौवंश संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर व्यवस्था और संसाधनों को भी मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम में नगर पंचायत चेयरमैन रमता रावत, उनके प्रतिनिधि लल्लू रावत, अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी , समस्त सभासदगण, लिपिक एवं नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे और इस महत्वाकांक्षी परियोजना को क्षेत्र के विकास से जोड़ते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया। मौके पर अवर अभियंता (सिविल) ने निर्माण कार्य की रूपरेखा से अवगत कराया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सिद्धौर तथा ग्राम प्रधान मोहम्मदपुर चंदी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और गरिमा प्रदान की। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यह परियोजना केवल गौशाला निर्माण तक सीमित नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और संरक्षण की भावना को साकार करने वाला प्रयास है। भूमि पूजन के साथ ही क्षेत्रवासियों में उत्साह देखा गया और लोगों ने इसे शासन की जनहितकारी सोच तथा गौसंरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। सिद्धौर क्षेत्र में यह परियोजना आने वाले समय में विकास और सेवा के नए प्रतिमान स्थापित करती दिखाई दे रही है।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव, घर में मचा कोहराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर कलां गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में आम के बाग में पेड़ से लटका मिला। घटना से इलाके में दहशत फैल गई और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।मृतक की पहचान दानिश (पुत्र नसीम खां उर्फ सनी), निवासी मोहल्ला माहिगिरान, वार्ड नंबर एक, शेरपुर कलां के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दानिश पूरनपुर कोतवाली रोड स्थित एक कार हाउस में गाड़ियों पर लेमिनेशन का काम करता था और मेहनती युवक के रूप में जाना जाता था।

घटना स्थल 'कलम वाली बाग' बताया गया है, जहां सुबह ग्रामीणों ने युवक को पेड़ से लटका देखा। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव देखकर उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मौके पर चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक का माहौल छा गया।सूचना पर कोतलाल पवन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।प्रारंभिक जांच में मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है, जिसमें पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ जारी है।इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। एक युवा की असमय मौत से लोग स्तब्ध हैं। अब सभी की नजर पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी है, जिससे घटना की असली वजह सामने आ सकेगी।

## नवोदय में एसडीएम की सजग दस्तक, व्यवस्थाओं की परखी नब्ज

### गुणवत्ता परखने के लिए बच्चों के साथ किया भोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़, बाराबंकी। प्रशासनिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में संवेदनशीलता, तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए हैदरगढ़ के उपजिलाधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सोनिकपुर का औपचारिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जमीनी स्थिति का सूक्ष्म परीक्षण किया। उनका यह भ्रमण महज औपचारिक निरीक्षण न होकर छात्र हित, शिक्षा व्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं के प्रति प्रशासनिक उत्तरदायित्व का प्रभावी उदाहरण बनकर सामने आया।



निरीक्षण के दौरान विद्यालय में जलापूर्ति बाधित होने की समस्या संज्ञान में आते ही उपजिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान की दिशा में कदम बढ़ाए। सबमर्सिबल मोटर खराब होने के कारण उत्पन्न पेयजल संकट को दूर करने के लिए स्थानीय प्रशासन के सहयोग से तत्काल जल टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई, जिससे विद्यार्थियों को राहत मिली। मौके पर समस्या के समाधान की यह तत्परता दर्शाती है कि जिम्मेदार प्रशासन केवल निरीक्षण नहीं करता बल्कि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित निर्णय लेकर राहत भी उपलब्ध कराता है।

भ्रमण के क्रम में उन्होंने कक्षा 12 (बी) में चल रहे अष्टम पीरियड का अवलोकन किया, जहां श्रीमती सविता यादव द्वारा अंग्रेज़ी विषय का अध्यापन कराया जा रहा था। उपजिलाधिकारी ने शिक्षण पद्धति, विद्यार्थियों की सहभागिता, अनुशासन और शैक्षिक गुणवत्ता का परीक्षण कर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न मानते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। उनका यह रुख स्पष्ट करता है कि प्रशासन शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भी उतना ही सजग है जितना आधारभूत सुविधाओं के प्रति।

अपराह्न भोजनावकाश के दौरान उपजिलाधिकारी ने विद्यालय के भोजनालय (मेस) का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण कर व्यवस्थाओं को प्रत्यक्ष रूप से परखा। दाल, चावल, रोटी एवं सब्जी की गुणवत्ता, स्वच्छता, पोषण स्तर तथा मेस संचालन व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया गया। उप-प्राचार्य आलोक कुमार शाही ने अवगत कराया कि भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण कैटरिंग सुपरवाइजर श्री मानिक सिन्हा द्वारा किया जाता है तथा स्टाफ नर्स शिक्षा रानी द्वारा नियमित फूड टेस्टिंग प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जाती है। इस व्यवस्था पर संतोष जताते हुए उपजिलाधिकारी ने छात्र स्वास्थ्य और पोषण को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

निरीक्षण के दौरान उनका पूरा दृष्टिकोण यह संदेश देता रहा कि प्रशासनिक पद केवल अधिकार नहीं बल्कि उत्तरदायित्व भी है। जल संकट पर त्वरित हस्तक्षेप, शैक्षिक गुणवत्ता की समीक्षा, विद्यार्थियों संग भोजन कर मेस व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष परीक्षण ये सभी पहलू उपजिलाधिकारी की जनोन्मुखी और संवेदनशील कार्यशैली को रेखांकित करते हैं। उनका यह दौरा दर्शाता है कि सजग अधिकारी फाइलों तक सीमित न रहकर धरातल पर उतरकर व्यवस्थाओं की नब्ज टटोलते हैं और सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाते हैं।

विद्यालय परिवार ने उपजिलाधिकारी के इस निरीक्षण को प्रेरणादायी बताते हुए इसे छात्रहित और गुणवत्तापूर्ण प्रशासनिक निगरानी की मिसाल बताया। हैदरगढ़ में उपजिलाधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा का यह सक्रिय रुख न केवल प्रशासनिक प्रतिबद्धता को मजबूत करता है बल्कि यह संदेश भी देता है कि जब अधिकारी कर्तव्य को सेवा मानकर कार्य करें तो व्यवस्थाओं में विश्वास, अनुशासन और सुधार स्वतः दिखाई देने लगता है।

## हादसा गैस सिलेंडरों से भरी डीसीएम से भीषण टक्कर कार खाई में गिरी, हाईवे पर लगा घंटो जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद के थाना गजरौला क्षेत्र में एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते बड़ा सड़क हादसा हो गया। पिपरिया नवदिया के पास ईंट भट्ठे के नजदीक हाईवे पर डीसीएम और कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, डीसीएम पूरनपुर से पीलीभीत की ओर जा रही थी और उसमें खाली सिलिंडर लदे हुए थे। इसी दौरान सामने से आ रही कार से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में कार सवार अभिनव पुत्र नन्हेंलाल निवासी लालपुर और उसका साथी अमन पुत्र महेंद्र निवासी नदहा घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही गजरौला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। हादसे के कारण हाईवे पर करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## संचित दीक्षित बने मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। भारतीय किसान यूनियन भानू में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए बरेली मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा ने संचित दीक्षित को मंडल का वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।ग्राम खरदाई, तहसील बीसलपुर निवासी संचित दीक्षित को यह जिम्मेदारी उनके संगठन के प्रति समर्पण, सक्रियता और किसानों के हित में किए जा रहे निरंतर कार्यों को देखते हुए सौंपी गई है।मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए विश्वास जताया कि संचित दीक्षित अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए संगठन को और मजबूत करेंगे तथा किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की नीतियों और उद्देश्यों के अनुरूप किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष जारी रखना ही प्राथमिकता होगी।नव मनोनीत वरिष्ठ उपाध्यक्ष संचित दीक्षित ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा के साथ जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता, तहसील मीडिया प्रभारी सबलू खान, लुकमान खान, जफर सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिला आरक्षण लागू: जिला बार एसोसिएशन चुनाव में दिखेगा नया बदलाव

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव में इस बार महिला आरक्षण का स्पष्ट प्रभाव देखने को मिलेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के तहत अधिवक्ताओं के विभिन्न पदों पर 30 प्रतिशत आरक्षण महिला प्रत्याशियों के लिए लागू किया गया है। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य—जुबेर अहमद अंसारी, ओम प्रकाश निगम, मुईनुद्दीन अहमद, मुचकुंद सिंह वर्मा, अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा एवं महामंत्री रामराज यादव—उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में महिला अधिवक्ताओं को प्रतिनिधित्व दिया जाए। निर्णय के अनुसार वरिष्ठ कार्यकारिणी के दो पद, कनिष्ठ कार्यकारिणी के दो पद, मंत्री पुस्तकालय प्रभारी का एक पद तथा कोषाध्यक्ष का एक पद महिला प्रत्याशियों के लिए आरक्षित किया गया है।

गौरतलब है कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण अधिनियम पारित होने के बाद अब उसके प्रभाव विभिन्न संस्थाओं के चुनावों में दिखाई देने लगे हैं। इसी क्रम में बार एसोसिएशन ने भी पहल करते हुए महिला अधिवक्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। जिला बार एसोसिएशन चुनाव के लिए मतदान 15 मई 2026 को तथा मतगणना 16 मई 2026 को होगी। अन्य कार्यक्रमों की तिथियां समय-समय पर घोषित की जाएंगी।

## ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, पति सुरक्षित

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जहंगीराबाद थाना क्षेत्र में अतरौरा गांव के पास बुधवार सुबह ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 45 वर्षीय सावित्री देवी की मौत हो गई। वह पति सहजराम के साथ ड्यूटी पर जा रही थीं। हादसे में पति सुरक्षित बच गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर गेट गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत, लापरवाही पर उठे सवाल

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चक मजरे रहरामऊ में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 70 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला अपनी पोती को आंगनबाड़ी केंद्र छोड़ने गई थी, तभी लोहे का गेट अचानक गिर पड़ा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं और मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतका शबाना पत्नी अकबर अली अपनी 6 वर्षीय पोती को केंद्र छोड़ने गई थीं। हादसे के बाद गांव में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार, आंगनबाड़ी भवन वर्षों से जर्जर होने के कारण केंद्र का संचालन कार्यकत्री के घर पर किया जा रहा था। पंचायत में पांच केंद्र होने के बावजूद केवल एक भवन है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते सुरक्षित भवन का निर्माण कराया गया होता तो यह हादसा टाला जा सकता था। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है और उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तथा नए भवन के निर्माण की मांग की है।

## सत्येन्द्र वर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मीडिया टीम 9 के वरिष्ठ सदस्य एवं दैनिक भास्कर के हरख ब्लॉक प्रभारी सत्येंद्र वर्मा का 34वां जन्मदिन थाना चौराहा स्थित कार्यालय में पत्रकार साथियों के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर जन्मदिन का जश्न मनाया गया और साथियों ने उनका मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार व पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि रियाज अहमद, किसान नेता शिवनारायण सिंह वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष (युवा) प्रमोद गोस्वामी, संदीप तिवारी, वसीम खान, जितेन्द्र जायसवाल, सोनू वर्मा, शहाबुद्दीन सिद्दीकी, मोहसिन राजा सहित कई पत्रकार व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सिद्धौर में 1.65 करोड़ की लागत से कान्हा गौशाला निर्माण शुरू, आवारा पशुओं से मिलेगी राहत

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत सिद्धौर क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने के लिए रायपुर ग्रामसभा में भव्य कान्हा गौशाला निर्माण का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। करीब 1.65 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस आधुनिक गौशाला के निर्माण के बाद क्षेत्र में सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं से राहत मिलने की उम्मीद है। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और किसानों की फसलों को भी सुरक्षा मिलेगी। भूमि पूजन के दौरान अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी, वरिष्ठ लिपिक शिरीष मिश्रा, नगर पंचायत चेयरमैन रमंता रावत, प्रतिनिधि लल्लू रावत, सभासद दीपांशु निगम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जनअपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प, नवागत डीएम ईशान प्रताप सिंह ने पहले ही दिन दी सुशासन की मजबूत आहट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद बाराबंकी को नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के रूप में एक युवा, ऊर्जावान और दूरदृष्टि रखने वाला प्रशासक मिला है, जिन्होंने कार्यभार संभालते ही अपनी प्रशासनिक कार्यशैली, स्पष्ट सोच और जनोन्मुख दृष्टिकोण से यह संकेत दे दिया कि जनपद में अब संवेदनशील, जवाबदेह और परिणाममुखी प्रशासन को नई धार मिलेगी। बुधवार को पत्रकारों से प्रथम औपचारिक संवाद में जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, त्वरित और जनहितकारी प्रशासन देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं न्यायपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जनता को न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम बने, अधिकारी समय पर कार्यालयों में उपस्थित होकर आमजन की समस्याएं सुनें और उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें। उन्होंने दो टूक कहा कि शिकायत निस्तारण में ढिलाई या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित होगी।



### कलेक्टर की सोच जवाबदेह प्रशासन, फील्ड मॉनिटरिंग और विकास का स्पष्ट रोडमैप

नवागत जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की मूल भावना ल्लपीड़ित को न्याय और पात्र को योजनाओं का लाभङ्क सुनिश्चित करना है। उन्होंने संकेत दिया कि उनकी कार्यप्रणाली केवल दफ्तरों तक सीमित न रहकर फील्ड आधारित मॉनिटरिंग, जवाबदेही और परिणाम आधारित व्यवस्था पर केंद्रित रहेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, कानून व्यवस्था, ग्रामीण विकास, नगरीय व्यवस्थाओं में सुधार, बुनियादी ढांचे को गति, निवेश प्रोत्साहन तथा शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को उन्होंने अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल बताया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं होगा और प्रत्येक विभाग को जवाबदेह बनाकर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा।



तहसील रामनगर स्थित लोधेश्वर महादेवा मंदिर में निर्माणाधीन लोधेश्वर कॉरिडोर और एससीआर परियोजनाओं को लेकर जिलाधिकारी ने विशेष प्राथमिकता दर्शाते हुए कहा कि इन कार्यों में तेजी लाई जाएगी तथा गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरा कराया जाएगा, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ जनपद के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। नगर क्षेत्र में बढ़ती यातायात समस्या और पार्किंग अव्यवस्था पर भी उन्होंने गंभीरता दिखाई और कहा कि सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित कर जाम की समस्या के समाधान हेतु प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

अपने संवाद में युवा जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासन और मीडिया के बीच सकारात्मक समन्वय जनहित में अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए नियमित अंतराल पर पत्रकारों से संवाद स्थापित कर विकास कार्यों, समस्याओं और समाधान की प्रगति साझा की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनता के प्रति संवेदनशील, अधिकारियों के प्रति जवाबदेह और विकास के प्रति प्रतिबद्ध रहेगा। कार्यभार ग्रहण करते ही जिस स्पष्टता और सक्रियता के साथ उन्होंने प्राथमिकताओं को सामने रखा, उससे यह संदेश गया कि जनपद में सुशासन, विकास और जनविश्वास को नई दिशा देने की तैयारी है। युवा कलेक्टर की कार्यशैली ने पहले ही दिन यह आभास करा दिया कि बाराबंकी में प्रशासनिक ऊर्जा, अनुशासन और जनसरोकारों पर आधारित एक नए अध्याय की शुरुआत हो चुकी है।

प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, प्रभारी सूचना अधिकारी मयंक तिवारी सहित जनपद के सम्मानित पत्रकार बंधु एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। नवागत जिलाधिकारी का यह संदेश महज औपचारिक परिचय नहीं बल्कि जनपद के लिए विकास, जवाबदेही और प्रभावी प्रशासन के नए युग की मजबूत भूमिका के रूप में देखा जा रहा है।

## आईपीएल 2026 : अभिषेक शर्मा का तूफानी शतक, हैदराबाद ने दिल्ली को 47 रन से हराया

**एजेंसी**

हैदराबाद । हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में मंगलवार को तूफान आया और ये तूफान निकला अभिषेक शर्मा के बल्ले से, जिन्होंने धमाकेदार पारी खेल सनराइजर्स हैदराबाद को जीत दिला दी। आईपीएल 2026 के 31वें मैच में हैदराबाद की टीम ने एकतरफा अंदाज में दिल्ली को 47 रनों से मात दी। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 242 रन बनाए, जिसके जवाब में दिल्ली की टीम 195 रन ही बना सकी। हैदराबाद की जीत के हीरो अभिषेक शर्मा रहे, जिन्होंने 68 गेंदों में नाबाद 135 रन बनाए। अभिषेक के अलावा ट्रेविस हेड ने 37, ईशान किशन ने 25 रनों की पारी खेली. हेनरिक क्लासेन ने 13 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। हैदराबाद में टॉस तो दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने जीता लेकिन बाजी सनराइजर्स



हैदराबाद के बल्लेबाजों ने मारी। हैदराबाद को ओपनर अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने तूफानी शुरुआत दी। खासतौर पर अभिषेक शर्मा पावरप्ले में दिल्ली के गेंदबाजों पर टूट पड़े। पावरप्ले में हैदराबाद ने 67 रन बनाए और इस टीम के पचास रन महज 28 गेंदों में पूरे हुए। अभिषेक शर्मा को अपना अर्धशतक पूरा करने में सिर्फ 25 गेंदें लगीं। इसके बाद ट्रेविस हेड का विकेट जरूर गिरा लेकिन अभिषेक नहीं रुके. उन्होंने कप्तान इशान किशन के साथ मिलकर 35 गेंदों में 79 रन जोड़े। अभिषेक ने दिल्ली के स्पिनर्स को रडार पर लिया। उन्होंने नीतीश राणा के खिलाफ पांच छक्के लगाए, साथ ही उन्होंने कुलदीप यादव की गेंद पर भी दो छक्के मारे। अभिषेक ने अपनी पारी में 10 छक्के और 10 चौके लगाए और वो आखिरी ओवर की आखिरी गेंद तक आउट नहीं हुए। इस बीच क्लासेन ने भी ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए 3 छक्के, 3 चौकों की मदद से 37 रन कूट दिए.। दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही. पाथुम निसंका 8 रन बनाकर आउट हो गए।. लेकिन इसके बाद केएल राहुल और नीतीश राणा ने अच्छी साझेदारी की। नीतीश राणा ने 30 गेंदों में 57 रनों की पारी खेली। केएल राहुल ने भी 23 गेंदों में 37 रन बनाए लेकिन इन खिलाड़ियों की बल्लेबाजी दिल्ली को जीत नहीं दिला सकी। हैदराबाद के लिए ईशान मलिंगा ने 4, हर्ष दुबे ने 3 विकेट झटके। जबकि साकिब हुसैन और मधुशंका को 1-1 कामयाबी मिली। हैदराबाद की जीत और दिल्ली की हार के साथ ही अंक तालिका में बड़ा बदलाव हो गया। हैदराबाद अब 7 मैचों में 4 जीत के साथ तीसरे नंबर पर काबिज हो गई है, वहीं राजस्थान रॉयल्स चौथे नंबर पर लुढ़क गई है। पंजाब पहले और आरसीबी दूसरे स्थान पर है।

## कोपा इटालिया: इंटर मिलान ने दो गोल से पिछड़कर कोमो को 3-2 से हराया, फाइनल में जगह बनाई

**एजेंसी**

मिलान । इटली की प्रतिष्ठित फुटबॉल प्रतियोगिता कोपा इटालिया में इंटर मिलान ने शानदार वापसी करते हुए सेमीफाइनल के दूसरे चरण में कोमो को 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

पहला चरण गोलरहित रहने के बाद खेले गए इस मुकाबले में इंटर ने दो गोल से पिछड़ने के बावजूद जीत दर्ज कर खिताब की दौड़ में खुद को मजबूत बनाए रखा है।

कोमो के लिए मार्टिन बाटुरीना और कप्तान लुकास दा कुन्हा ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई।

इसके बाद इंटर मिलान की ओर से हाकान चाल्हानोग्लू ने शानदार खेल दिखाते हुए दो गोल किए। उन्होंने पहले जोरदार लंबी दूरी का शॉट लगाकर टीम की वापसी कराई और फिर 86वें मिनट में हेडर के जरिए बराबरी दिलाई।

मैच के 89वें मिनट में पेटार सुचिच ने चाल्हानोग्लू के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए विजयी गोल दागा।




इंटर मिलान अब फाइनल में पहुंच गया है, जो 13 मई को खेला जाएगा। दूसरी सेमीफाइनल में अटलांटा और लाजियो के बीच मुकाबला होना है, जहां पहला चरण 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ था।

इंटर मिलान इस समय इटली की शीर्ष लीग सीरी ए में भी शीर्ष पर चल रहा है और इस सप्ताहांत खिताब अपने नाम कर सकता है।

गौरतलब है कि इंटर ने आखिरी बार 2010 में कोच जोसे मोरिन्हो के नेतृत्व में लीग, कप और चैंपियंस लीग जीतकर ट्रेबल हासिल किया था।

इंटर मिलान ने इससे पहले 2023 में अपना आखिरी कोपा इटालिया खिताब जीता था और अब टीम एक बार फिर इतिहास दोहराने के करीब पहुंच गई है।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने के बाद प्रीति पवार और अरुंधति चौधरी टॉप्स कोर ग्रुप में शामिल

**एजेंसी**

नई दिल्ली । हाल ही में आयोजित एशियाई मुक्केबाज़ी एलीट चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद भारत की चार मुक्केबाज़ प्रीति पवार, प्रिया, अरुंधति चौधरी और सचिन को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के कोर ग्रुप में शामिल किया गया है। यह फैसला बुधवार को हुई मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 172वीं बैठक में लिया गया।

उलानबटार (मंगोलिया) में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रीति (54 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा) और अरुंधति (70 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि सचिन (60 किग्रा) ने रजत पदक अपने नाम किया। एमओसी ने खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन, विश्व रैंकिंग और निरंतर प्रगति के आधार पर यह निर्णय लिया। प्रीति पवार




इस वर्ष होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 और एशियाई खेल 2026 दोनों में हिस्सा लेंगी। उनके साथ जैस्मिन (57 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा), अरुंधति (70 किग्रा) और सचिन (60 किग्रा) भी इन बड़े आयोजनों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन खिलाड़ियों ने मुक्केबाज़ी महासंघ की चयन नीति के तहत सीधे क्वालीफाई किया है। मिशन ओलंपिक सेल ने तीन अन्य मुक्केबाज़–आदित्य (65 किग्रा), दीपक (70 किग्रा) और हर्ष (90 किग्रा)–को टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया है। इसके अलावा, 31 वर्षीय नरेंद्र (+90 किग्रा) को टारगेट एशियाई खेल समूह (टीएजीजी) में रखा गया है, जहां उन्हें 2026 एशियाई खेलों तक विशेष सहायता मिलेगी। उलानबटार में हुए एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने कुल 16 पदक (5 स्वर्ण, 3 रजत और 8 कांस्य) जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। हर्ष और नरेंद्र ने कांस्य पदक जीते, जबकि आदित्य और दीपक क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे थे।

टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप युवा और उभरते खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जो उन्हें संरचित प्रशिक्षण, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और निरंतर निगरानी प्रदान करता है। वर्तमान में टॉप्स कोर ग्रुप में 7 मुक्केबाज़, डेवलपमेंट ग्रुप में 25 और टीएजीजी में 1 खिलाड़ी शामिल हैं।

## फीफा महिला विकास कार्यक्रम के लिए चुने गए 12 देशों में भारत शामिल

**एजेंसी**

नई दिल्ली । भारत को बुधवार को विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने महिला विकास कार्यक्रम (कमर्शियल स्ट्रेटेजी 2026) के लिए चुने गए 12 देशों में शामिल किया गया है। अन्य देशों में जर्मनी, नीदरलैंड, स्वीडन, स्कॉटलैंड, कनाडा, मेक्सिको, फिनलैंड, घाना, जॉर्डन, लिथुआनिया और पराग्वे शामिल हैं।

अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) के प्रारंभिक आवेदन और उसके बाद व्यावसायिक रणनीति तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति के पश्चात फीफा ने भारत को इस कार्यक्रम में शामिल करने की पुष्टि की। यह कार्यक्रम मई से अक्टूबर के बीच ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा। इस कोर्स को



देशभर में महिला फुटबॉल से जुड़े विभिन्न हितधारकों के लिए फीफा विशेष रूप से तैयार करेगा। एआईएफएफ को अब एक कमर्शियल पार्टनर का समर्थन प्राप्त होने के साथ यह कार्यक्रम क्लबों को टिकाऊ मॉडल विकसित करने के लिए आवश्यक उपकरण और ज्ञान प्रदान करेगा। साथ ही यह उन्हें एएफसी (एशियन फुटबॉल कन्फ़ेडरेशन) द्वारा जल्द लागू किए जाने वाले महिला क्लब लाइसेंसिंग सिस्टम के लिए तैयार करेगा। एआईएफएफ के उप महासचिव एम. सत्यनारायण ने कहा, ञ्मेरा मानना है कि भारत में महिला फुटबॉल के व्यावसायिक पहलू को आगे बढ़ाने के लिए यह सही समय है। हमारी तीन महिला टीमों (सीनियर, अंडर-20 और अंडर-17) का अपने-अपने आयु वर्ग में एएफसी एशियन कप के लिए क्वालिफाई करना हमारी क्षमता को दर्शाता है, और अस्मिता अंडर-13 महिला फुटबॉल लीग ने जमीनी स्तर पर मजबूत आधार तैयार किया है। उन्होंने आगे कहा, ञ्अब जब क्लबों को व्यावसायिक रणनीतियां विकसित करने, प्रायोजन हासिल करने, फैंस को जोड़ने और अन्य पहलुओं पर इस तरह का प्रशिक्षण मिलेगा, तो पूरा इकोसिस्टम लाभान्वित होगा। मुझे लगता है कि फीफा की यह पहल बेहद सराहनीय है और हमें इसमें चुने जाने की खुशी है।

## सैफ महिला चैंपियनशिप में मेजबान भारत ग्रुप बी में बांग्लादेश और मालदीव के साथ

**एजेंसी**

नई दिल्ली। सैफ महिला चैंपियनशिप के आधिकारिक ड्रॉ में मेज़बान भारत को ग्रुप बी में बांग्लादेश और मालदीव के साथ रखा गया है। ड्रॉ का आयोजन बांग्लादेश की राजधानी ढाका स्थित सैफ सचिवालय में किया गया। यह टूर्नामेंट 25 मई से 6 जून तक गोवा के मडगांव में आयोजित होगा और सभी मुकाबले पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाएंगे। ग्रुप ए में नेपाल, श्रीलंका और भूटान को रखा गया है, जबकि ग्रुप बी में भारत, बांग्लादेश और मालदीव शामिल हैं। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। टूर्नामेंट की सीडिंग 21 अप्रैल को जारी फीफा महिला विश्व रैंकिंग के आधार पर की गई, जिसमें भारत (69) और नेपाल (87) को शीर्ष वरीयता दी गई। बांग्लादेश (112) और श्रीलंका (162) को दूसरे पॉट में रखा गया, जबकि भूटान (164)



और मालदीव (167) तीसरे पॉट में शामिल रहे। भारत इस प्रतियोगिता का सबसे सफल देश है, जिसने 2010, 2012, 2014, 2016 और 2019 में कुल पांच बार खिताब जीता है। हालांकि, पिछले दो संस्करणों में बांग्लादेश ने खिताब जीतकर अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराई है। यह दूसरा अवसर होगा जब भारत इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इससे पहले 2016 में सिलीगुड़ी में आयोजित संस्करण में भारतीय टीम चैंपियन बनी थी। गोवा भी दूसरी बार किसी सैफ टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इससे पहले 1999 में पुरुष सैफ चैंपियनशिप का आयोजन यहीं हुआ था, जिसमें भारत ने बांग्लादेश को हराकर खिताब जीता था। संतुलित ग्रुप और प्रतिस्पर्धी टीमों की मौजूदगी को देखते हुए इस बार का टूर्नामेंट बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां मेज़बान भारत एक बार फिर खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगा।

## एआरएसडी और श्री गुरु नानक देव कॉलेज की टी-20 डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में जीत

**एजेंसी**

नई दिल्ली । नई दिल्ली के श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज और आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज (एआरएसडी) ने तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज टी-20 डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में आसान जीत दर्ज की। पहले मैच में ध्रुव कुमार के 43 गेंदों में 66 रन, आरव दहिया के 35 गेंदों में 51 रन और रोहित राय के 34 रन की बदौलत श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 229 रन बनाएं। जवाब में शिवाजी कॉलेज 15 ओवर में 103 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए रोहन ने 22 व प्रांजल ने 21 रन बनाए। रोहित राय को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया। रोहित ने मैच में 34 रन बनाने के अलावा महत्वपूर्ण 3 विकेट भी लिए।

दूसरे मैच में आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज ने शहीद भगत सिंह कॉलेज को 42 रन से पराजित किया। आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज ने 20 ओवर में एक विकेट पर 226 रन बनाए थे। टीम के लिए आर्यन कुमार और पारस पांडे ने शानदार बल्लेबाजी। दोनों खिलाड़ियों ने क्रमशः 81 रन और पारस पांडे 38 रन बनाए। अभय (3/60) और प्रखर गुप्ता (2/30) सफल गेंदबाज रहे। इसके जवाब में शहीद भगत सिंह कॉलेज की टीम 19.1 ओवर में 184 रन पर आल आउट हो गई। उसकी तरफ से वरदान सूरी ने 62 और अभिनव मिश्र ने 29 रन बनाए। आर्यन कुमार और पारस पांडे ने तीन-तीन विकेट झटके। आर्यन कुमार को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया।

## प्रीमियर लीग: ब्राइटन ने चेल्सी को 3-0 से हराया, रोसेनियर के नेतृत्व में खराब दौर जारी

**एजेंसी**

ब्राइटन । इंग्लैंड की शीर्ष फुटबॉल लीग प्रीमियर लीग में मंगलवार को ब्राइटन एंड होव एल्बियन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चेल्सी को 3-0 से हराया।

इस जीत के साथ ब्राइटन 50 अंकों के साथ अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गया, जबकि चेल्सी सातवें स्थान पर खिसक गई। चेल्सी ने अपने पिछले नौ मैचों में केवल एक जीत दर्ज की है और टीम का प्रदर्शन लगातार निराशाजनक बना हुआ है। ब्राइटन ने मैच के तीसरे ही मिनट में बढ़त बना ली, जब फ़ेर्दी कादियोग्लू ने कॉर्नर से मिले मौके को गोल में बदल दिया। पहले हाफ में चेल्सी एक भी शॉट लक्ष्य पर नहीं लगा सकी। दूसरे हाफ में सुधार की उम्मीद थी, लेकिन टीम वापसी नहीं कर पाई। 56वें मिनट में जैक हिन्शेलवुड ने जॉर्जिनियो




रटर के पास पर गोल कर बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद डैनी वेलबेक ने अंत में तीसरा गोल कर चेल्सी की हार पक्की कर दी। कोच लियाम रोसेनियर ने टीम में बदलाव किए, लेकिन उसका कोई असर नहीं दिखा। चेल्सी लगातार पांचवें मैच में हार गई और इस दौरान एक भी गोल नहीं कर सकी। ब्राइटन की इस जीत से उसकी स्थिति मजबूत हुई है, जबकि चेल्सी के लिए अब आगे का रास्ता और कठिन होता जा रहा है।

## घरेलू शेयर बाजार में तीन दिन की तेजी के बाद लगा ब्रेक, बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी**

नई दिल्ली । पश्चिम एशिया में जारी तनाव के जल्द खत्म होने की उम्मीद को झटका लगने की वजह से घरेलू शेयर बाजार आज गिरावट का शिकार हो गया। इस तरह लगातार तीन कारोबारी दिन तक मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने आज कमजोरी के साथ कारोबार का अंत किया। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के तुरंत बाद मामूली खरीदारी भी हुई, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बढ़ता चला गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी भी बढ़ती गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.95 प्रतिशत और निफ्टी 0.81 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, टेक, बैंकिंग और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। जोरदार बिकवाली के कारण निफ्टी का आईटी इंडेक्स इंट्रा-डे में पांच प्रतिशत तक फिसल गया। हालांकि, बाद में आईटी इंडेक्स 3.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और मेटल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद होने में सफल रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स 1.13 प्रतिशत की उछाल के साथ बंद होने में सफल रहा।

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 469.36 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 468.67 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 69 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,422 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,440 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,838 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 144 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,953 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

इनमें से 1,727 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,226 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर बढ़त के साथ और 19 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 20 शेयर हरे निशान में और 30 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### एएम ग्रीन आईजीपीएल: शौर्य बिनू शीर्ष पर, चार खिलाड़ी कड़ी टक्कर में, अत्रि मुंबई टीम प्रतियोगिता में आगे

लुबुंबाशी (कांगो) । एएम ग्रीन इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) कांगो इनविटेशनल में भारतीय गोल्फर शौर्य बिनू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो राउंड के बाद बढ़त हासिल कर ली है। 22 वर्ष के होने वाले बिनू ने दूसरे राउंड में 9-अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाया, जो इस सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ कार्ड रहा। पहले राउंड में 1-अंडर 72 खेलने वाले बिनू अब कुल 10-अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं और निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से दो शॉट आगे हैं। बिनू के पीछे चार खिलाड़ी 8-अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। इनमें मन्नत बरार (67-71), तुषार पन्नू (67-71), उदयन माने (70-68) और आर्यन रूपा आनंद (71-67) शामिल हैं। बिनू ने चौथे होल पर पहला बर्डी लगाया और फिर छठे से लगातार तीन बर्डी के साथ नौवें होल पर ईगल लगाकर शानदार बढ़त बनाई। टर्न तक वह 6-अंडर पर पहुंच चुके थे। बैक-नाइन में स्थिर खेल दिखाते हुए उन्होंने अंतिम चार होल में तीन बर्डी लगाकर अपना स्कोर 9-अंडर तक पहुंचाया। अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन उदयन माने ने 5-अंडर का राउंड खेलकर मजबूत वापसी की और बैक-टू-बैक जीत की उम्मीद बनाए रखी। वहीं, तुषार पन्नू ने 2-अंडर 71 का स्कोर बनाया, हालांकि कुछ बोगी के कारण वह और बेहतर नहीं कर सके। आर्यन रूपा आनंद ने 6-अंडर 67 का शानदार कार्ड खेलकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए। मन्नत बरार भी खिताब की दौड़ में बनी हुई हैं और वह मिश्रित प्रो इवेंट जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला बनने का लक्ष्य रखती हैं। अमन राज 6-अंडर के साथ छठे स्थान पर हैं, जबकि वरुण चोपड़ा, हरेंद्र गुप्ता और रणजीत सिंह 5-अंडर के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं। टीम प्रतियोगिता में अत्रि मुंबई आगे टीम स्पर्धा में अत्रि मुंबई 17-अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर है और दूसरे स्थान पर मौजूद होनर गुरुग्राम से छह शॉट आगे है। तीसरे स्थान पर औरो रियल्टी गोवा की टीम 8-अंडर के स्कोर के साथ बनी हुई है। बिनू के शानदार फॉर्म के बावजूद उनके पीछे चल रहे चार खिलाड़ी खिताब के लिए कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। ऐसे में लुबुंबाशी में होने वाला अंतिम राउंड बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

### एनबीए प्लेऑफ्स: विक्टर वेम्बन्यामा को कन्कशन, सैन एंटोनियो स्पर्स को बड़ा झटका

पोर्टलैंड । नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) प्लेऑफ्स में सैन एंटोनियो स्पर्स को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार खिलाड़ी विक्टर वेम्बन्यामा को मैच के दौरान सिर में चोट (कन्कशन) लगने के बाद लीग के कन्कशन प्रोटोकॉल में रखा गया है। यह घटना मंगलवार रात पोर्टलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान हुई, जिसमें सैन एंटोनियो को 106-103 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ वेस्टर्न कॉन्फ्रेंस के पहले दौर की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है। दूसरे क्वार्टर में एक प्रयास के दौरान वेम्बन्यामा गिर पड़े और उनका चेहरा सीधे कोर्ट से टकराया। वह खुद को संभाल नहीं सके और करीब 30 सेकंड तक कोर्ट पर ही लेटे रहे। इसके बाद मेडिकल टीम ने उनका निरीक्षण किया और उन्हें तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया। टीम के कोच मिच जॉनसन ने पुष्टि की कि वेम्बन्यामा को कन्कशन हुआ है और अब वह लीग के तय नियमों के तहत रिकवरी प्रक्रिया से गुजरेंगे।

नियमों के अनुसार, खिलाड़ी को कम से कम 48 घंटे का आराम करना होता है और इसके बाद विभिन्न मेडिकल जांचों से गुजरना पड़ता है। पूरी तरह फिट घोषित होने के बाद ही वह मैदान पर वापसी कर सकता है। सीरीज का तीसरा मुकाबला शुक्रवार को पोर्टलैंड में खेला जाएगा, लेकिन वेम्बन्यामा के उसमें खेलने की संभावना बेहद कम मानी जा रही है। वेम्बन्यामा इस सीजन में शानदार फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने औसतन 25 अंक, 11.5 रिबाउंड और 3.1 ब्लॉक प्रति मैच दर्ज किए। हाल ही में उन्हें डिफेंसिव प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड भी मिला है।उनकी गैरमौजूदगी में ल्यूक कॉर्नेट ने सेंटर की भूमिका निभाई और 10 अंक व 9 रिबाउंड का योगदान दिया। साथी खिलाड़ी डेविन वासेल ने कहा कि टीम को अब एकजुट होकर खेलना होगा और वेम्बन्यामा की कमी को पूरा करने की कोशिश करनी होगी। सैन एंटोनियो स्पर्स 2019 के बाद पहली बार प्लेऑफ्स में पहुंचा है, ऐसे में वेम्बन्यामा की चोट टीम के लिए बड़ा झटका साबित हो सकती है।

# प्रवासी भारतीय जर्मनी और भारत के बीच मजबूत सेतु : राजनाथ

## राजनाथ सिंह ने जर्मन उद्योग को 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत मिलकर काम करने का न्योता दिया

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मन उद्योग को उभरते सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए आत्मनिर्भर भारत के तहत मिलकर काम करने का न्योता दिया। रक्षा मंत्री ने बर्लिन में हम्बोल्ट यूनिवर्सिटी के परिसर में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को पुष्पांजलि अर्पित की और भारत और जर्मनी के बीच लंबे समय तक चलने वाले सांस्कृतिक और बौद्धिक संबंधों पर जोर दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति को देखते हुए भारत की रणनीति वैश्विक संकटों का जवाब देने की उसकी क्षमता को दिखाती है।

रक्षा मंत्री ने बर्लिन में जर्मन सांसदों से कहा कि आत्मनिर्भर भारत सिर्फ एक खरीद प्रोग्राम नहीं है, बल्कि यह मिलकर विकास करने का न्योता है। उन्होंने भारत और जर्मनी के रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के बीच बेहतर सहयोग की जोरदार वकालत की। यूरोपियन देश के अपने तीन दिन के दौरे के पहले दिन रक्षा और सुरक्षा पर जर्मन संसद की स्टैंडिंग कमेटी को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि आज दुनिया नए सुरक्षा खतरों का सामना कर रही है। तकनीक में बदलाव ने स्थिति को बहुत मुश्किल और आपस में जुड़ा हुआ बना दिया है। उन्होंने कहा कि बदलते माहौल के हिसाब से ढलने की इच्छा के साथ एक नया तरीका खोजना आज की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम जर्मनी के उद्योगों की पहले से बनी ताकत को पहचानते हैं। साथ ही भारत में भी हमारे स्टार्ट-अप और आगे बढ़ने वाली प्राइवेट कंपनियां तेजी से हमारी बड़ी और पहले से बनी डिफेंस कंपनियों की काबिलियत को बढ़ा रही हैं और उन्हें पूरा कर रही हैं। यह एक ऐसा एरिया है, जहां भारत और जर्मनी एक-दूसरे के पूरक हैं और हमारी साझेदारी और मजबूत हो सकती है। आज के जमाने की वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए राजनाथ सिंह ने मिलकर जवाब देने और भरोसेमंद रणनीतिक साझेदारी की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम यूरोपियन यूनियन पर भी विचारों में साफ समानता देख रहे हैं, जो भारत के साथ जुड़ने की बढ़ती रफ्तार में दिखती है, जिसमें इंडिया-ईयू डिफेंस और रणनीतिक साझेदारी भी शामिल है। रक्षा मंत्री ने दोहराया कि भारत और जर्मनी न सिर्फ रणनीतिक साझेदार हैं, बल्कि आज के समय में वैश्विक बातचीत को आकार देने में अहम आवाज भी हैं। जब इस युग के इतिहास को लिखा जाएगा, तो भारत-जर्मनी साझेदारी कूटनीति की एक मिसाल के तौर पर खड़ी होगी, जो संकट के जवाब में नहीं, बल्कि दो परिपक्व लोकतंत्रों के इस रास्ते पर एक साथ चलने के पक्के इरादे से बनी होगी। राजनाथ सिंह ने बताया कि मौजूदा भू-राजनैतिक अस्थिरता को अब क्षेत्रीय मामलों के तौर पर नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि इसके नतीजे ग्लोबल हैं और इनका ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और वैश्विक आर्थिक स्थिरता पर दूरगामी असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत जैसा विकासशील देश अपनी एनर्जी जरूरतों के एक बड़े हिस्से के लिए पश्चिम एशियाई क्षेत्र पर निर्भर है। होर्मुज जलडमरूमध्य में रुकावटें कोई दूर की बात नहीं हैं, वे हमारी सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता पर सीधा असर डालने वाली कठोर सच्चाई हैं। रक्षा मंत्री ने बताया कि इन चुनौतियों और उनके सीधे असर को देखते हुए भारत ने रणनीति अपनाई। उन्होंने सांसदों को बताया कि पश्चिमी एशिया पर मंत्रियों का एक ग्रुप लगातार बदलते हालात का आकलन कर रहा है और इसके असर को कम करने के लिए समय पर उपाय सुझा रहा है।



# पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु में चुनाव आयोग की कार्यवाही में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक जब्ती

एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि इस समय चल रहे विधानसभा चुनाव और उपचुनाव को धन और प्रलोभन से मुक्त रखने के लिए छापे और जब्ती की कार्रवाई के दौरान पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में मंगलवार को 1072 करोड रुपए से अधिक की नकदी, महंगी धातुएं, शराब, मादक द्रव्य तथा उपहार के सामान जब्त किए गए हैं।

आयोग ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 15 मार्च को चुनाव की घोषणा के साथ सभी संबंधित क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई थी। उसके बाद चुनाव को निष्पक्ष और धन तथा भय से मुक्त एवं पारदर्शी रखने के लिए सतर्कता और परावर्तन की कार्रवाई जारी है। इस दौरान पश्चिम बंगाल में 27.48 करोड रुपए नकदी, 102.45 करोड रुपए की 39.31 लाख लीटर शराब, 108.11 करोड रुपए के ड्रग्स 55.88 करोड रुपए की कीमती धातुएं तथा 178.83 करोड़ रुपए मूल्य की उपहार की वस्तुएं जब्त की गई हैं। राज्य में अब तक कुल 472.89 करोड़ रुपए की नकदी, शराब और कीमती वस्तुओं की जब्ती की गयी है। इसी तरह तमिलनाडु में 100.19 करोड रुपए की नकदी, 3.85 करोड रुपए की 1.18 लाख लीटर शराब, 76.72 करोड रुपए के ड्रग्स, 159.31 करोड रुपए के कीमती धातुएं और 259.14 करोड रुपए के उपहार के सामान जप्त किए गए हैं। राज्य में कुल जब्त नकदी, शराब और सामान की कीमत 599.4 करोड रुपए आंकी गयी है। चुनाव आयोग ने राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों और पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारियों को चुनाव को प्रलोभन से मुक्त रखने के लिए पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दे रखे हैं। आयोग की ओर से पश्चिम बंगाल में 2728 और तमिलनाडु में 2283 उडन दस्ता में तैनात की गई है ताकि किसी भी शिकायत पर 100 मिनट के अंदर कार्यवाही शुरू की जा सके। इसी तरह इन दोनों राज्यों में 5363 सतर्कता केंद्र स्थापित किए गए हैं जिनमें से 3142 पश्चिम बंगाल में और 2221 तमिलनाडु में है।

# पश्चिम एशिया की स्थिति के मद्देनजर विभिन्न पहलुओं को देखते हुए सभी जरूरी कदम उठा रही है सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति के बीच औद्योगिक गतिविधियों की निरंतरता सुनिश्चित करने, आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता बनाए रखने और प्रमुख विनिर्माण क्षेत्रों की मजबूती के लिए विभिन्न नियामक एवं सहायक उपाय सक्रिय रूप से लागू कर रहा है। पश्चिम एशिया की स्थिति पर बुधवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में संबंधित मंत्रालयों के अधिकारियों ने कहा कि इन उपायों का उद्देश्य ईंधन एवं आवश्यक कच्चे माल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना है, साथ ही उद्योग क्षेत्र की परिचालन चुनौतियों का समाधान करना है। डीपीआईआईटी हितधारकों के साथ निरंतर निकट संपर्क में बना हुआ है और सभी जरूरी कदम उठा रहा है। ईंधन और गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किये जा रहे सहायक उपायों के तहत पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पेसो) ने संकट के दौरान ईंधन और गैस की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई सहायक एवं सुरक्षा उन्मुख उपाय किए हैं।

उन्होंने कहा कि संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) और संपीड़ित जैव गैस (सीबीजी) वितरण स्टेशनों के लिए कुल 467 आवेदन पेसो को प्राप्त हुए और 25 मार्च से 21 अप्रैल तक सभी का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया गया। कुल 467 मामलों में से 157 मामलों में अंतिम लाइसेंस प्रदान किए गए और 38 मामलों में नए सीएनजी/सीबीजी वितरण स्टेशनों के निर्माण के लिए पूर्व स्वीकृति दी गई। मार्च से अब तक 41 बायो गैस सिलेंडर भराई एवं भंडारण संयंत्रों को स्वीकृति प्रदान की गई तथा इसके पश्चात 14 संयंत्रों को लाइसेंस जारी किए गए। उच्च श्रेणी के केरोसिन तेल (एसकेओ) के लिए अस्थायी भंडारण में छूट दी गई, जिसके अंतर्गत 12 मार्च को 2,500 लीटर तक भंडारण की अनुमति तथा 13 मार्च को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के केरोसिन के लिए एक बार की छूट के रूप में 5,000 लीटर तक भंडारण की अनुमति दी गई, ताकि अंतिम चरण तक वितरण की निरंतरता बनी रहे। इसके अलावा घरेलू उपलब्धता को सुरक्षित रखने के लिए 18 मार्च को अमोनियम नाइट्रेट के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया। क्रायोजेनिक सिलेंडरों में द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) भरने की अनुमति देने वाले दिशा-निर्देश जारी किए गए, जिससे विकेन्द्रीकृत एलएनजी आपूर्ति को बढ़ावा मिले और व्यवधान के दौरान ईंधन की लचीलापन क्षमता बढ़े।

# बंगाल का असली चुनावी युद्धः सड़कों पर नहीं, बल्कि 'वोट देने के अधिकार' पर केंद्रित

एजेंसी

कोलकाता/मुर्शिदाबाद। पश्चिम बंगाल में इस बार 'विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)' के नाम पर मतदाता सूची से लगभग 91 लाख लोगों के नाम हटा दिए गए हैं। इनमें से करीब 27 लाख लोगों के नाम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जनित फिल्टर द्वारा ''तार्किक विसंगतियों'' के आधार पर हटाए गए। यह विसंगतियां उपनामों की वर्तनी में मामूली अंतर राय या रे जैसी छोटी बातों पर आधारित थीं।

राज्य में चुनाव से पहले ग्रामीण सड़कों पर बख्तरबंद गाड़ियाँ दौड़ रही हैं और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल बाज़ारों में गश्त कर रहे हैं। राजमार्गों पर चेकपॉइंट्स बने हैं जहाँ नकदी और शराब की तलाशी ली जा रही है। चुनाव आयोग की यह अभूतपूर्व तैनाती राजनीतिक झड़पों और ''वोट खरीदने'' की कोशिशों को रोकने के लिए है। लेकिन इस ''युद्ध क्षेत्र'' जैसे माहौल के बीच बंगाल की असली चुनावी लड़ाई सड़कों पर नहीं, बल्कि उन न्यायाधिकरणों में लड़ी जा रही है जो यह तय कर रहे हैं कि किसे वोट देने का अधिकार है और कौन भारतीय नागरिक है। बंगाली मुसलमानों के लिए, जिनमें से कई के पास कोई निश्चित उपनाम नहीं होता, इसका मतलब यह हुआ कि पूरे के पूरे गांव मतदाता सूची से बाहर हो गए हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इन कटौतियों ने अल्पसंख्यकों, महिलाओं और गरीबों को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। मुस्लिम और दलित बहुल सीमावर्ती जिलों जैसे मालदा, मुर्शिदाबाद, उत्तर और दक्षिण 24 परगना में यह मार सबसे अधिक पड़ी है, जहाँ हटाए गए नामों की संख्या 2.2 लाख (दक्षिण 24 परगना) से लेकर 4.6 लाख (मुर्शिदाबाद) तक है। यह शुद्धिकरण अभियान केवल गरीबों तक सीमित नहीं रहा है। इसने ''विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग'' को भी अपनी चपेट में लिया है। कोलकाता के प्रसिद्ध आईआईएम की प्रोफ़ेसर नंदिता रॉय ने पाया कि उनका नाम सूची से गायब है। उन्होंने कहा, ''मेरे पिता सेवानिवृत्त वायुसेना अधिकारी हैं और मैं एक शिक्षाविद हूँ, जब मुझे इस संघर्ष का सामना करना पड़ रहा है, तो कल्पना कीजिए उन गरीब और अर्ध-शिक्षित लोगों की क्या स्थिति होगी जिन्हें अपने मताधिकार के लिए नौकरशाही से लड़ना पड़ रहा है।'' इसी तरह, मुर्शिदाबाद के अंतिम नवाब के वंशज सैयद रजा अली मिर्ज़ा, जिन्हें 'छोटा नवाब' भी कहा जाता है, ने भी अपना नाम मतदाता सूची से हटाए जाने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। राजनीतिक रूप से, टीएमसी को मालदा और मुर्शिदाबाद में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण से लाभ मिलता दिख रहा है, क्योंकि मतदाता ''परिचित बुराई'' के पक्ष में एकजुट हो रहे हैं। दूसरी ओर, हिंदुओं के बीच वोटों का जवाबी ध्रुवीकरण मुश्किल लग रहा है क्योंकि 'एसआईआर' अभियान ने अनुसूचित जातियों को भी बुरी तरह प्रभावित किया है। बंगाल के 25 से 30 लाख की आबादी वाले मतुआ समुदाय के बड़ी संख्या में नाम काटे गए हैं, जिससे वे काफी आक्रोशित हैं। मतुआ समाज के सचिव दिलीप मतुआ ने बताया कि उनके अकेले गांव से 200 नाम हटाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, बिहार जैसे अन्य राज्यों से आकर बंगाल में बसे लोगों को भी पर्याप्त दस्तावेजों के बावजूद सूची से बाहर रखा गया है।

### भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज के वैश्विक परिवेश में अत्यंत प्रासंगिक : शेखावत

**नयी दिल्ली।** संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि अहिंसा, करुणा और आत्म जागरूकता पर भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज के अनिश्चितता और संघर्ष से भरे वैश्विक परिवेश में अत्यंत प्रासंगिक हैं। श्री शेखावत ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय संग्रहालय में तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि भारत में पहली बार भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष, जो अपने मूल स्थान पर संरक्षित हैं, सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए लाए जा रहे हैं। यह प्रदर्शनी वैश्विक शांति और सद्भाव के संदेश को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बनेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अहिंसा, करुणा और आत्म जागरूकता पर भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज के अनिश्चितता और संघर्ष से भरे वैश्विक परिवेश में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने बौद्ध विरासत के केंद्र के रूप में लद्दाख के महत्व का जिक्र करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल आध्यात्मिक जुड़ाव का अवसर प्रदान करेगी बल्कि क्षेत्र में इससे सांस्कृतिक पर्यटन को भी काफी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने उल्लेख किया कि पवित्र अवशेषों की ऐसी ही अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में विभिन्न देशों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही है, जिससे वैश्विक स्तर पर भारत का सांस्कृतिक और सभ्यतागत जुड़ाव मजबूत हुआ है। संस्कृति मंत्रालय द्वारा लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के सहयोग से लद्दाख में एक मई से 15 मई तक इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

### पहलगाम आतंकवादी हमले की पहली बरसी पर मारे गये लोगों को किया गया याद

**नयी दिल्ली।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोगों के मारे जाने की पहली बरसी पर बुधवार को देश भर में आतंकवाद के प्रति आक्रोश जताया गया और मृतकों को याद किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले में प्राण गंवाने वाले लोगों को याद करते हुए आतंकवाद के खिलाफ सरकार के दृढ़ संकल्प को दोहराया। श्री मोदी ने एक संदेश में कहा, ''पिछले साल इसी दिन पहलगाम में हुए भयावह आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। एक राष्ट्र के रूप में, हम शोक की घड़ी में एकजुट हैं और दृढ़ संकल्प हैं। भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा। हम आतंकवादियों के घिनौने मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। श्री शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले की पहली बरसी पर इस हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अपने लोगों को खोने का दुख और पीड़ा आज भी हर भारतीय के दिल में है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज के दिन हम पिछले वर्ष पहलगाम के भयावह आतंकवादी हमले में खो चुके मासूम लोगों को श्रद्धापूर्वक याद करते हैं। अपने लोगों को खोने का दुख और पीड़ा आज भी हर भारतीय के दिल में है। भारत आतंकवाद और उसे पनाह देने वालों के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रखेगा। गृहमंत्री ने कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है, जिसके खिलाफ हमें एकजुट होकर लड़ना और उसे परास्त करना होगा।

### राहुल ने आदिवासी जिला अध्यक्षों से किया संवाद

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार में आदिवासियों के खिलाफ अन्याय और अत्याचार बढ़ रहे हैं और उनके 'जल-जंगल-जमीन' छीने जा रहे हैं। श्री गांधी ने बुधवार को यहां इंदिरा भवन में आदिवासी जिलों के अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए उनके जल-जंगल-जमीन और आदिवासी अधिकारों पर जोर दिया और कहा कि कांग्रेस को पूरी ताकत के साथ इस अन्याय के खिलाफ लड़ना है और आदिवासी अधिकारों की रक्षा करनी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने अदिवासियों के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि पार्टी उनके इन अधिकारों की लड़ाई पूरी ताकत के साथ लड़ेगी। बैठक में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि श्री गांधी जिला कांग्रेस अध्यक्षों को विशेष तरज़ीह दे रहे हैं और इसके लिए उन्होंने देशभर के जिला अध्यक्षों की बैठक बुलाई थी जो यहां दो दिन तक चली। उनका मानना है कि जिला इकाई पार्टी की रीढ़ है और उन्हें विशेष अधिकार दिए जाने की जरूरत है।

### रणनीतिक रक्षा साझेदारी और मजबूत बनायेंगे भारत और जर्मनी, रक्षा सहयोग के रोड़मैप पर हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली।** भारत और जर्मनी ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए रक्षा और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बुधवार को बर्लिन में विस्तार से चर्चा की और रक्षा औद्योगिक सहयोग रोड़मैप पर हस्ताक्षर किये। जर्मनी की तीन दिन की यात्रा पर गये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी के अपने समकक्ष बोरिस पिस्टोरियस के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने रक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। विशेष रूप से रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों यानी कि विशेषकर उन्नत एवं विशिष्ट प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके साथ ही, दोनों मंत्रियों ने सैन्य सहयोग को रणनीतिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के दौरान भारत और जर्मनी के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप तथा संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा प्रशिक्षण में सहयोग के लिए कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गए और उनका आदान-प्रदान किया गया। रक्षा मंत्री ने जर्मनी यात्रा को गहरी मित्रता, तालमेल और विश्वास का प्रतीक बताया।

## पेज एक का शेष

### ममता के कामों ...

हुए जस्टिस कुमार ने कहा, ''इसमें राज्य का कौन-सा अधिकार शामिल है? यह राज्य और केंद्र सरकार के बीच का विवाद नहीं है। आप यूं ही बीच में दखल नहीं दे सकते। किसी भी राज्य का कोई भी मुख्यमंत्री, किसी जांच या तफ्तीश के बीच में ही पहुंच जाता है, और आप कहते हैं कि यह असल में राज्य और केंद्र सरकार के बीच का विवाद है?'' उन्होंने पूछा, ''कोई भी मंत्री जांच के बीच में ही चला आता है और आप इसे लोकतंत्र के लिए खतरा मानते हुए भी यह तर्क देते हैं कि यह मूलतः राज्य और केंद्र के बीच का विवाद है?

### टीएमसी के गुंडों ...

में जी रहे यूपी के नागरिकमुख्यमंत्री ने बंगाल की दुर्दशा बताते हुए कहा कि यहां धड़ल्ले से गोहत्या हो रही है। भगवान राम के नाम से ममता दीदी को चिढ़ है। वह दुर्गापूजा की अनुमति नहीं देतीं, शोभायात्रा प्रतिबंधित करती हैं। दुर्गापूजा के समय कर्फ्यू लगता है। टीएमसी के गुंडे व्यापारियों से टैक्स वसूलते हैं। वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में भी ऐसी ही अराजकता, दंगा, कर्फ्यू व उपद्रव था। टीएमसी की सहयोगी सपा के लोग गुंडा टैक्स वसूलते थे। राम का नाम लेने पर गोली-डंडा चलता था, पर आज यूपी में उपद्रव नहीं हो सकता। अब वहां रामनवमी, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, कांवड़ यात्रा, दुर्गा पूजा, सरस्वती पूजन आदि का उत्सव होता है। यूपी के लोग रामराज्य के नए युग में जी रहे हैं। नो कर्फ्यू-नो दंगा, यूपी में सब चंगा है। जनसभाओं में मुख्यमंत्री ने जोरासांको से भाजपा उम्मीदवार विजय ओझा, मानिकतला से तापस रॉय, चौरंगी से संतोष पाठक, श्यामपुकुर से पूर्णिमा चक्रवर्ती, बेलेघाटा से पार्थ चौधरी, एंटाली से प्रियंका टिबरेवाल, चकदहा से बंकिम चंद्र घोष तथा उदयनारायणपुर से भाजपा उम्मीदवार प्रभाकर पंडित को भारी मतों से जिताने की अपील की।

### चुनाव आयोग ने मोदी...

को चरित्र हनन करने वाला और चुनाव को प्रभावित करने के लिए असत्य बात को तथ्य के रूप में प्रस्तुत करने का कृत्य बताया है जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। पार्टी ने यह भी कहा है कि श्री खरगे का बयान भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध है। भाजपा ने आयोग से अनुरोध किया है कि वह शिकायत का संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई करें और श्री खरगे से माफी मांगने के लिए कहे। भाजपा ने मांग की है कि उनके इस वक्तव्य को प्रचार सामग्री में शामिल करने से रोका जाए और मीडिया से भी इस वक्तव्य को हटाने को कहा जाए। श्री खरगे ने बाद में सफाई दी थी कि उनका आशय यह था कि चुनाव आते ही प्रधानमंत्री विपक्ष को डराने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों का दुरुपयोग करते हैं।

### यूपी बोर्ड का...

परीक्षा में 54 लाख 38 हजार 597 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। हाईस्कूल में 27 लाख 40 हजार 151 और इंटरमीडिएट में 26 लाख 98 हजार 446 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। 2025 की बोर्ड परीक्षा में कुल 8140 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। वहीं यूपी बोर्ड की 2026 की परीक्षाएं पूरे प्रदेश में 8033 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई थी। कल गुरुवार को हाई स्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा जिसकी जानकारी आज बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने दिया है।

### हाईकोर्ट ने मालेगांव...

में हुए सिलसिलेवार विस्फोटों में 31 लोगों की जान चली गयी थी और 312 लोग घायल हुए थे। मुख्य विस्फोट हमीदिया मस्जिद के पास स्थित बड़ा कब्रिस्तान में हुआ था। इसके अलावा मुशावरत चौक पर भी धमाका हुआ था। 8 सितंबर 2006 को शुक्रवार था और इस दिन शब-ए-बारात भी था। विस्फोट तब हुआ था, जब जुमे की नमाज के बाद लोग कब्रिस्तान में दुआ करने के लिए जमा हुए थे। इस घटना के बाद अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शुरुआत में महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने जांच की थी। इसमें 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था और दिसंबर 2006 में आरोप पत्र दायर किया था। बाद में फरवरी 2007 में जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दी गयी। इसके बाद अंततः इसे एनआईए को सौंप दिया गया। एनआईए ने आगे की जांच की और एक पूरक आरोप पत्र दायर किया, जिसमें इन चारों व्यक्तियों सहित अतिरिक्त आरोपियों के नाम शामिल किये गये थे। इससे पहले, नौ मुस्लिम आरोपियों को क्लीन चिट दिये जाने के बाद एनआईए ने इन चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने सबसे पहले निचली अदालत में बरी करने की गुहार लगायी थी, जहां उनकी याचिका का एनआईए और धमाके के पीड़ितों, दोनों ने जमीयत उलेमा महाराष्ट्र (अरशद मदनी) कानूनी सहायता समिति के माध्यम से विरोध किया था। ट्रायल कोर्ट ने उनकी डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी थी और अभियोजन पक्ष के गवाहों को समन जारी करते हुए मुकदमे की कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए आरोपी उच्च न्यायालय पहुंचे। जनवरी 2026 में, अदालत ने अपील दायर करने में 49 दिनों की देरी को माफ कर दिया और इसे एनआईए अधिनियम के तहत एक वैधानिक अपील के रूप में मान्यता दी। अदालत ने यह मानते हुए कि हस्तक्षेप के लिए प्रथम दृष्टया मामला बनता है, ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर भी रोक लगा दी थी। उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान पीठ ने विशेष रूप से एनआईए से उन चश्मदीद गवाहों की पहचान करने को कहा, जिन्होंने सीधे तौर पर आरोपियों को संलिप्त बताया था। एजेंसी ने स्वीकार किया कि कोई चश्मदीद गवाह उपलब्ध नहीं है, लेकिन उन्होंने अपनी बात पर कायम रहते हुए कहा कि आरोपी एक बड़ी आपराधिक साजिश का हिस्सा थे। हालांकि, अदालत ने आरोपों को बरकरार रखने के लिए इस दलील को अपर्याप्त पाया। इस फैसले के साथ ही, इस मामले से जुड़े सभी आरोपी चाहे वे किसी भी समुदाय के हों,अब विभिन्न अदालतों द्वारा बरी या दोषमुक्त किए जा चुके हैं। इस फैसले ने एक बार फिर जवाबदेही और जांच के अनसुलझे स्वरूप पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि करीब 20 साल बाद भी पीड़ित पुख्ता जवाबों का इंतजार कर रहे हैं।

### एकतरफा युद्धविराम...

है। तस्नीम ने अज्ञात अधिकारियों के हवाले से कहा, ''अमेरिका का मानना है कि ईरान की स्थिति वैसी ही है, जैसी 12 दिवसीय युद्ध के बाद थी। वर्तमान काल में हालांकि एक मौलिक अंतर है और वह है होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण। अगर अमेरिका युद्ध का साया बनाये रखना चाहता है, तो उसे यह जान लेना चाहिए कि होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह से बंद रहेगा।

### अमेरिकी नौसेना नाकेबंदी...

बात कही है, वहीं दूसरी ओर दबाव बनाए रखने की नीति भी जारी रखी है। ईरान ने अमेरिकी रुख में बार-बार बदलाव और शर्तों को लेकर संशय जताते हुए वार्ता प्रक्रिया पर संदेह व्यक्त किया है। तनाव के बीच शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इस बीच, अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि ईरान के बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी। ईरान ने दोहराया कि वह ''धमकियों के साए'' में या प्रतिबंधों के रहते वार्ता नहीं करेगा, जिससे संघर्षविराम की नाजुक स्थिति उजागर होती है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत आमिर सईद ईरावानी ने कहा कि जैसे ही अमेरिका नाकेबंदी समाप्त करेगा, अगला दौर इस्लामाबाद में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने वार्ता में शामिल न होने के लिए अमेरिका की ''अत्यधिक मांगों, अव्यावहारिक अपेक्षाओं, बार-बार रुख बदलने और विरोधाभासी बयानों'' को जिम्मेदार ठहराया। श्री इरावानी ने ईरानी मीडिया से बातचीत में कहा, ''जैसे ही अमेरिका नाकेबंदी समाप्त करेगा, अगली वार्ता इस्लामाबाद में होगी। अमेरिका को किसी भी नयी वार्ता से पहले संघर्षविराम के उल्लंघन को रोकना होगा। यदि वे राजनीतिक समाधान चाहते हैं, तो हम तैयार हैं; यदि वे युद्ध चाहते हैं, तो उसके लिए भी ईरान तैयार है। वहीं, ईरानी संसद अध्यक्ष के सलाहकार महदी मोहम्मदी ने संघर्षविराम विस्तार को ''निरर्थक'' बताते हुए कहा कि यह ''अचानक हमले के लिए एक चाल'' हो सकती है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी को ''युद्ध की कार्रवाई'' और संघर्षविराम का उल्लंघन करार दिया है। इस बीच, इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने चेतावनी दी है कि यदि खाड़ी क्षेत्र से हमले किये गये तो पूरे पश्चिम एशिया में तेल उत्पादन को निशाना बनाया जा सकता है। उधर, श्री ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ के अनुरोध पर संघर्षविराम को बढ़ाया गया है। उन्होंने दावा किया कि ईरान की सरकार ''गंभीर रूप से विभाजित'' है और प्रस्ताव आने तक सैन्य कार्रवाई रोक दी गई है, हालांकि नाकेबंदी जारी रहेगी। श्री ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान आर्थिक रूप से दबाव में है और प्रतिदिन भारी वित्तीय नुकसान झेल रहा है। इस बीच, अमेरिका ने ईरान के हथियार कार्यक्रम से जुड़े प्रतिबंधों का विस्तार किया है, जबकि यूरोपीय संघ भी अतिरिक्त कदमों की तैयारी कर रहा है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की नौसेना ने बुधवार को कहा कि उसने होर्मुज़ जलडमरूमध्य में नियमों के उल्लंघन के आरोप में दो जहाजों को रोककर अपने कब्जे में लिया और उन्हें ईरानी जलक्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया है। आईआरजीसी नौसेना ने कहा कि इन जहाजों को ईरान के तट पर लाया गया है और चेतावनी दी कि होर्मुज जलडमरूमध्य में ''व्यवस्था और सुरक्षा को बाधित करना ईरान के लिए लाल रेखा'' है। बयान के अनुसार, एक जहाज को ईरान के तट के पास निशाना बनाया गया, जबकि दूसरा जहाज ओमान के तट के निकट हमले में क्षतिग्रस्त हुआ। आईआरजीसी ने जिन जहाजों की पहचान की है, उनमें एमएससी-फ्रांसेस्का शामिल है, जिसे उसने इजरायली स्वामित्व वाला बताया। दूसरा जहाज एपामिनोडेस है। संगठन के अनुसार, इन जहाजों को बिना अनुमति के संचालित किया जा रहा था और वे बार-बार नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। ये नेविगेशन सिस्टम में छेड़छाड़ कर रहे थे और गुप्त रूप से जलडमरूमध्य से बाहर निकलने की कोशिश में समुद्री सुरक्षा को खतरे में डाल रहे थे। आईआरजीसी नौसेना ने कहा, ''बलों की खुफिया निगरानी के तहत इन जहाजों की पहचान कर उन्हें रोका गया, ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी राष्ट्र के अधिकारों की रक्षा की जा सके। संगठन ने बताया कि दोनों जहाजों को अब ईरानी क्षेत्रीय जल में ले जाकर उनके कार्गो और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। आईआरजीसी ने दोहराया कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ईरान द्वारा घोषित नियमों के उल्लंघन या सुरक्षित नौवहन के विपरीत किसी भी गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ निर्णायक तथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष, रक्षा मंत्री समेत नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की बरसी पर दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले वर्ष 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की बरसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत शीर्ष नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का संकल्प दोहराया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने एक्स संदेश पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उस जघन्य कृत्य में निर्दोष लोगों की जान जाने का दुखद हादसा हमारी सामूहिक स्मृति में हमेशा के लिए अंकित हो गया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि पूरा राष्ट्र उनके साथ खड़ा है। आतंकवाद के ऐसे कृत्य शांति और एकता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को डिगा नहीं सकते। हर जगह और हर रूप में आतंकवाद को हराने के अपने संकल्प पर दृढ़ हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पहलगाम आतंकी हमले में अपने प्राण गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस अमानवीय और कायराना हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं। राष्ट्र की स्मृति में वे लोग सदैव जीवित रहेंगे। भारत ने हमेशा आतंकवाद का सशक्त और स्पष्ट विरोध किया है। मानवता के विरुद्ध ऐसे कृत्यों के खिलाफ हमारा संकल्प अटूट है और रहेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर अपने संदेश में 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हम अपने राष्ट्र को दिए गए उन ज़ख्मों को कभी नहीं भूलेंगे।भारत ने दशकों तक सीमा पार से होने वाले आतंकवाद का सामना किया है लेकिन आज हमारी प्रतिक्रिया दृढ़, निर्णायक और अडिग है। अपने दृढ़ कार्यों के माध्यम से हमने यह साबित कर दिया है कि हमारे लोगों को नुकसान पहुंचाने या हमारी एकता को तोड़ने के किसी भी प्रयास का जवाब पूरी ताकत और स्पष्टता के साथ दिया जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी हमले में मारे गए लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि निर्दोष नागरिकों की यह क्षति देश के दिल में हमेशा बनी रहेगी और दोषियों को कभी माफ नहीं किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पिछले साल पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर कहा कि भारत आतंक के किसी भी स्वरूप के सामने कभी नहीं झुकेगा और ऐसी घृणित साजिशें कभी सफल नहीं होंगी।

# दिल्ली, हरियाणा समेत कुछ राज्यों में 4 से 5 दिनों तक लू चलने का पूर्वानुमान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा के साथ ही कई राज्यों में भीषण गर्मी के हालात हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने चेतावनी दी है कि अगले चार से पांच दिनों में उत्तर-पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत के बड़े हिस्सों में लू की स्थिति और भी तीव्र होने की आशंका है।

आईएमडी ने बुधवार को बताया कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ इलाकों में 24 एवं 25 अप्रैल को, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 23 से 25 अप्रैल के बीच और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 22 से 26 अप्रैल के बीच लू चलने की आशंका है। राजस्थान में 24 से 26 अप्रैल, मध्य प्रदेश में 23 से 26 अप्रैल के बीच, छत्तीसगढ़ में 24 से 27 अप्रैल के बीच और गंगा के मैदानी पश्चिमी बंगाल, बिहार एवं झारखंड में 22 एवं 23 अप्रैल को लू चलने की आशंका है।

लू की चेतावनी के साथ ही मौसम विभाग ने 22 से 25 अप्रैल के बीच ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश, यानम, गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, तटीय कर्नाटक और तटीय गुजरात के कुछ इलाकों में गर्म और आर्द्र परिस्थितियों का पूर्वानुमान लगाया है।

हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, ओडिशा के कुछ हिस्सों के साथ ही कोंकण और गोवा में रात के समय गर्म मौसम रहने की संभावना है।

इसके साथ ही पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में बारिश से हालात में थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने पूरे सप्ताह छिटपुट से लेकर व्यापक स्तर पर गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान लगाया है, साथ ही पूर्वोत्तर क्षेत्र में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।

## अमर कॉलोनी में आईआरएस अधिकारी की बेटी की हत्या, दुष्कर्म के बाद गला घोंटने की आशंका

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पॉश इलाके अमर कॉलोनी में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी की 21 वर्षीय बेटी की घर के भीतर ही हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार, मृतका 1997 बैच के आईआरएस अधिकारी की बेटी थी। उसने हाल ही में इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की थी और इन दिनों संघ लोक सेवा आयोग की तैयारी कर रही थी। परिवार के मुताबिक, वह घर पर ही पढ़ाई कर रही थी। ऐसे में घर के भीतर हुई इस वारदात ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि वारदात बेहद क्रूर तरीके से अंजाम दी गई। आशंका जताई जा रही है कि पहले युवती के साथ दुष्कर्म किया गया और उसके बाद मोबाइल चार्जर की तार से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि दुष्कर्म की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। मामले में शक की सुई घर के एक पूर्व नौकर पर जाकर टिक गई है। बताया जा रहा है कि राजस्थान का रहने वाला यह नौकर करीब दो महीने पहले तक घर में काम करता था, लेकिन उसके व्यवहार के चलते उसे निकाल दिया गया था। बुधवार सुबह वह अचानक घर के आसपास देखा गया था, जिसके बाद से वह फरार है। घटना की सूचना मिलते ही दक्षिण-पूर्वी जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही आरोपी की तलाश के लिए कई टीमें गठित कर दी गई हैं और उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। वहीं, इस घटना के बाद इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है।

## पुलिस कर्मियों को दिया स्व-गणना का प्रशिक्षण

पौड़ी गढ़वाल। जनगणना को अधिक पारदर्शी, सटीक और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में पहली बार स्व-गणना को लेकर पुलिस लाइन सभागार में विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में अपर पुलिस अधीक्षक अनूप काला की मौजूदगी में 110 पुलिस कर्मियों और अधिकारियों को डिजिटल माध्यम से स्व-गणना का प्रशिक्षण दिया गया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हेमंत काला ने ऑनलाइन पोर्टल और मोबाइल एप के जरिए डेटा प्रविष्टि की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया। प्रशिक्षण के दौरान लॉगिन,पंजीकरण,यूनिक आईडी जनरेशन,ओटीपी सत्यापन और डेटा की गोपनीयता और सुरक्षित संप्रेषण जैसे तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों को बताया गया कि प्रत्येक व्यक्ति अब स्वयं अपनी जनसांख्यिकीय जानकारी दर्ज कर सकेगा, जिससे त्रुटियों में कमी आएगी। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से जनगणना प्रक्रिया अधिक विश्वसनीय और पारदर्शी बनेगी। उन्होंने पुलिस कर्मियों से अपील की कि वे स्वयं स्व-गणना करें और आमजन को भी इसके प्रति जागरूक करें।
जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ने कहा कि पूरी प्रक्रिया डिजिटल, सुरक्षित और उपयोगकर्ता-अनुकूल है, जिसमें रियल-टाइम डेटा एंट्री और वैलिडेशन सिस्टम के माध्यम से त्रुटियों को तुरंत चिन्हित किया जा सकेगा।

## जांच में लापरवाही पर पांच स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन रोका,मांगा स्पष्टीकरण

अररिया। जिले के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाने के उद्देश्य से डीएम विनोद दूहन के द्वारा जांच कराया गया था,जिसमें टीम द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के आधार पर डीएम ने बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए पांच स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन रोकने का आदेश जारी करते हुए स्पष्टीकरण पूछा है। वही सुविधाओं की कमी को लेकर संबंधित एजेंसी से भी कारण पृच्छा की गई है। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरपतगंज एवं अनुमंडलीय अस्पताल फारबिसगंज में डॉ. आशुतोष कुमार और डॉ. अर्चना प्रसाद अनुपस्थित पाए गए। वहीं नरपतगंज में स्टाफ नर्स चंदन कुमार एवं रोहित सिंह अनुपस्थित मिले। संबंधित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगते हुए उनका वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया है।

# डीएमआरसी ने पीतमपुरा-प्रशांत विहार मेट्रो स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज का प्रस्ताव किया तैयार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने पीतमपुराऽप्रशांत विहार मेट्रो स्टेशन तक प्रशांत विहार और रोहिणी क्षेत्र की ओर से बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आउटर रिंग रोड पर फुट ओवर ब्रिज के निर्माण का एक प्रस्ताव तैयार किया है। यह प्रस्ताव आवश्यक स्वीकृति के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को भेजा गया है। यह जानकारी बुधवार को दिल्ली विधानसभा की ओर से जरिए एक विज्ञप्ति में दी गई है।

यह पहल दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के हस्तक्षेप के बाद सामने आई है। उन्हें विभिन्न रेजिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए), विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ, प्रशांत विहार से शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन शिकायतों में मजलिस पार्कऽदीपाली चौक कॉरिडोर के तहत प्रशांत विहार की ओर से मेट्रो स्टेशन तक सुरक्षित और सीधी पहुंच के अभाव को प्रमुखता से उठाया गया था।

विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय द्वारा डीएमआरसी को लिखे गए पत्र में इस समस्या के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया गया था। पत्र में यह उल्लेख किया गया कि वर्तमान में स्टेशन तक पहुंच केवल पीतमपुरा की ओर से उपलब्ध है, जिससे स्थानीय निवासियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। डीएमआरसी ने अपने उत्तर में बताया कि फुट ओवर ब्रिज का प्रस्ताव तकनीकी मानकों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। इसके लिए मौजूदा पीडब्ल्यूडी फ्लाईओवर के नीचे आवश्यक ऊंचाई (हेडरूम) सुनिश्चित करने के लिए भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) और राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) के मानकों के अनुसार सड़क संरचना में कुछ बदलाव करने होंगे। प्रस्ताव फिलहाल पीडब्ल्यूडी के पास स्वीकृति के लिए लंबित है और आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, डीएमआरसी ने पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए एंट्री/एग्जिट-1 के पास जेब्रा क्रॉसिंग, बेहतर मार्ग व्यवस्था और ग्राउंड लेवल से कॉनकोर्स स्तर तक लिफ्ट सुविधा जैसे उपाय भी प्रस्तावित किए हैं। ये सभी उपाय स्टेशन के मल्टी-मोडल इंटीग्रेशन प्लान का हिस्सा हैं, जिसे यूटीटीआईपेक को स्वीकृति के लिए भेजा गया है और स्वीकृति के बाद संबंधित एजेंसियों द्वारा लागू किया जाएगा।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रस्तावित कदम स्वागत योग्य हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है कि बुनियादी ढांचा पूर्णतः सुरक्षित, समावेशी और उपयोगकर्ता-अनुकूल हो। उन्होंने कहा कि मेट्रो जैसी सार्वजनिक सुविधाओं का लाभ तभी सार्थक होता है, जब हर नागरिक, विशेषकर हमारे वरिष्ठ नागरिक बिना किसी कठिनाई के इसका उपयोग कर सकें। उनकी सुविधा और गरिमा का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है।

## बीएचईएल में राजभाषा कार्यान्वयन कार्यशाला आयोजित

हरिद्वार। भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) हरिद्वार इकाई में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) के सदस्य संस्थानों के कर्मचारियों हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संतोष कुमार गुप्ता ने की। कार्यशाला में विभिन्न सदस्य संस्थानों से लगभग 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अध्यक्षीय संबोधन में श्री गुप्ता ने कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग, प्रचार और प्रसार के लिए बीएचईएल हरिद्वार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि इकाई प्रमुख द्वारा भी राजभाषा गतिविधियों को विशेष महत्व दिया जाता है तथा नियमित कार्यशालाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाता है। कार्यशाला में विशिष्ट वक्ता डॉ. नरेश मोहन ने प्रयोजनमूलक हिंदी पर व्याख्यान दिया।

# केदारनाथ धाम के कपाट खुले, हर-हर महादेव के जयघोष के साथ यात्रा का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



केदारनाथ (रुद्रप्रयाग) उत्तराखंड, । केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह आठ बजे तय लग्नानुसार विधि-विधान और पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। मंदिर को इस बार करीब 51 क्विंटल फूलों से सजाया गया। देश-विदेश से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु इस अवसर के साक्षी बने। कपाट खुलने के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी पूजा में शामिल हुए। बाबा केदार की डोली मंगलवार देरशाम गौरीकुंड से केदारनाथ धाम पहुंची।

केदारनाथ धाम के कपाट खुलते ही पूरा धाम हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। इसी के साथ केदारनाथ यात्रा का शुभारंभ हो गया। कपाटोद्घाटन के सैकड़ों श्रद्धालु साक्षी बने। बाबा केदार की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली मंगलवार शाम करीब 4:30 बजे केदारनाथ धाम पहुंची। ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से चली डोली 17 किलोमीटर पैदल यात्रा तय करते हुए जंगलचट्टी, रामबाड़ा, छोटे-बड़े लिनचोली और बेस कैंप होते हुए अपने धाम पहुंची। मंदिर परिसर में पहुंचते ही हजारों श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव और जय बाबा केदार के जयघोष के साथ पुष्प वर्षा कर डोली का भव्य स्वागत किया। डोली ने मंदिर की परिक्रमा कर भंडार गृह में प्रवेश किया। भंडार गृह में डोली की इस दौरान आठवीं सिखलाई रेजीमेंट के बैंड की मधुर धुनों और डमरू-वाद्य यंत्रों की गूंज से पूरा धाम शिवमय हो गया। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, पुजारी टी. गंगाधर लिंग, केदारसभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, जिलाधिकारी एवं बीकेटीसी मुख्य कार्य अधिकारी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर, तीर्थ पुरोहित उमेश पोस्ती, बीकेटीसी सदस्य डॉ. विनीत पोस्ती आदि कपाट खुलने के साक्षी बने।

## मानवाधिकार आयोग अध्यक्षा की सक्रियता से बाल विवाह रूका

सहरसा। कोसी क्षेत्र में बाल विवाह की कुप्रथा थमने का नाम नहीं ले रहा है। जबकि बाल विवाह रोकने के लिए सरकार एवं कई अन्य स्वयंसेवी संगठनों द्वारा निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं बाल विवाह को रोकने के लिए कठोर कानून बनाया गया है ।साथ ही बाल विवाह उन्मूलन हेतु सरकारी कर्मचारियों द्वारा निरंतर लोगों को जागरूक बनाया जा रहा है। कोसी क्षेत्र में गरीबी अशिक्षा एवं अज्ञानता के कारण बाल मजदूरी एवं बाल विवाह जैसे कुरीति बदस्तूर जारी है। इस संबंध में बाल विवाह रोकने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार की प्रदेश अध्यक्ष अंजना सिंह एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुपौल के सहयोग से पिपरा खुर्द पंचायत में एक बाल विवाह रोका गया। मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष अंजना सिंह ने बताया कि इस अवसर पर पिपरा खुर्द पंचायत की मुखिया किरण देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्णा झा, स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रेमचंद एवं ग्रामीण अनिल कुमार साह, कपलेश्वर शर्मा के सामने बाल विवाह को रोका गया।उन्होने बताया कि सरकार एवं स्वयंसेवी संस्थान द्वारा एक सौ दिनों तक रथयात्रा निकाल बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया ताकि कोसी क्षेत्र में बाल विवाह रुक सकें।
ज्ञात हो कि मानवाधिकार आयोग की अध्यक्षा अंजना सिंह के द्वारा अब तक 25 बाल विवाह को रोककर बच्चियों की जिन्दगी बचाई है।श्रीमति सिंह पेशे से शिक्षिका रहने के बाबजूदशैक्षणिक दायित्व निर्वहन के बाबजूद मानवाधिकार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य में संलग्न है।वही शिक्षक संघ की प्रदेश सचिव के पद पर शिक्षकों के हित में अनवरत कार्य कर रही है।जिस कारण श्रीमति सिंह की चहुंओर सराहना हो रही है।

## ग्रीन एनर्जी की ओर कदम बढ़ाकर स्वस्थ भारत के निर्माण में सहयोग दें : सोनू कुमार मस्करा

सहरसा। श्री जीडीएच पावर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर सोनू कुमार मस्कारा ने बताया कि बुधवार को सहरसा में सोलर मेला का आयोजन किया गया है। उसमें हमारी कंपनी के द्वारा भी स्टॉल लगाया गया है। हम लोगों का वारी सोलर है। वारी सोलर में इंडिया की नंबर वन कंपनी कहलाती है और सबसे अच्छा जेनरेशन वारी का ही आता है। हम लोग पूरे बिहार में दो सौ से अधिक इंस्टॉलेशन कर चुके है। 1 किलोवाट से अधिक उपभोक्ता जितना चाहे लगा सकते हैं ये उपभोक्ताओं के खपत पर निर्भर करता है एक किलो वाट सोलर एक दिन में एवरेज अधिकतम चार यूनिट बिजली जनरेट करता है। गर्मी अधिक पड़ने पर 6 से 7 यूनिट 1 दिन में जनरेट करता है। वही एक किलो वाट सोलर लगाने पर सत्तर हजार का खर्च आता है। 2 किलो वाट पर डेढ़ लाख का और 3 किलोवाट पर दो लाख दस हजार का खर्च आता है। लेकिन अभी ऑफर में 3 किलोवाट का खर्च एक लाख नब्बे हजार का आयेगा।आगें सोनू कुमार मस्करा ने कहा की हर लोगों को सोलर एनर्जी पर ध्यान देना होगा क्योंकि हम लोगों का जो रिसोर्स था वह खत्म होते जा रहा हैव लोग वारी सोलर से जुड़ी जानकारी के लिए हमारे नम्बर 9835681076, 9031071140 पर सम्पर्क कर सकतें है।और आज कम्पनी के द्वारा वारी सोलर इस्तेमाल कर रहे ग्राहक को सम्मानित भी किया गया। सम्मानित हुए वारी सोलर के ग्राहक चंदन कुमार ने बताया की वारी सोलर एक साल पहले लगाया हूँ ।काफी अच्छा अनुभव प्राप्त हुआ है। अच्छी सर्विस के साथ-साथ जीरो बिल आता है। उन्होंने लोगों से कहा की ग्रीन एनर्जी की ओर बढ़िये और स्वस्थ भारत का निर्माण कीजिए।

## ससुर पर बहु को जिंदा जलाने का आरोप

पौड़ी गढ़वाल। जनपद के खिर्सू ब्लॉक के सिलाण गांव में एक विवाहित महिला को जिंदा जलाने आरोप लगा है। मायके पक्ष ने ससुर पर पेट्रोल छिड़ककर बहु को आग लगाकर मारने का आरोप लगाया है, साथ ही ससुराल पक्ष पर पीड़िता पर बयान बदलने के लिए दबाव बनाने की बात भी कही है। घायल महिला उमा देवी जिला अस्पताल पौड़ी में भर्ती है। डॉक्टरों के अनुसार वह करीब 15 प्रतिशत झुलसी है, लेकिन खतरे से बाहर है और उपचार जारी है। मायके पक्ष का आरोप है कि 16 अप्रैल को घटना हुई, लेकिन उनको जानकारी नहीं दी गई। वही उमा के पति संतोष बिष्ट का कहना है कि यह हादसा रसोई में खाना बनाते समय हुआ।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने ,मानव श्रृंखला का किया निर्माण

अररिया। फारबिसगंज के तिरसकुंड स्थित प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाई गई,जिसमें बच्चों के जागरूक करते हुए पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी को सुरक्षित रखने को लेकर अधिक से अधिक संख्या पेड़ पौधे लगाने की अपील की। मौके पर स्कूल के शिक्षक कुमार राजीव रंजन ने कहा कि 1970 में शुरू हुआ यह दिवस अब 190 से अधिक देशों में मनाया जाता है और इस साल हमारी शक्ति, हमारा ग्रह के तहत नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना थीम है। कार्यक्रम में रंजीत कुमार मंडल ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस के मुख्य उद्देश्य प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण के प्रति चेतना जगाना है। वहीं प्रधान शिक्षक मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि इसकी शुरुआत और स्थापना अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन ने 22 अप्रैल 1970 को की थी। कवि सह शिक्षक संजीत कुमार निगम ने बच्चों को साल के थीम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह टिकाऊ भविष्य के लिए सौर, पवन और भूतापीय जैसी स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग पर केंद्रित है।

# योग और पंचकर्म से असाध्य रोगों का समाधान संभव: कुलपति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। अमृता विश्व विद्यापीठम के जगजीतपुर परिसर में मानव शरीर विज्ञान-मनोविज्ञान परआयोजित 15वीं राष्ट्रीय कार्यशाला योगिक-पंचकर्म चिकित्सा की प्रभावशीलता का शुभारंभ हुआ। पाँच दिवसीय यह कार्यशाला 26 अप्रैल तक चलेगी।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग और पंचकर्म भारतीय चिकित्सा पद्धति की रीढ़ हैं। आधुनिक विज्ञान के साथ इनके समन्वय से जटिल एवं असाध्य रोगों के उपचार की नई संभावनाएं विकसित हो रही हैं।

यह कार्यशाला निरामया योगम रिसर्च फाउंडेशन, श्री भगवान दास आदर्श संस्कृत पी.जी. कॉलेज के योगिक विज्ञान विभाग तथा अमृता विश्व विद्यापीठम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम माता अमृतानंदमयी देवी अम्मा के आशीर्वाद एवं योग गुरु एम.एम. स्वामी संतोषानंद देव के सानिध्य में संपन्न हो रहा है।

आयोजन अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कुमार ने कहा कि योग और पंचकर्म भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली परंपरा का अभिन्न हिस्सा हैं, जो आज वैश्विक स्तर पर शोध का प्रमुख विषय बन चुके हैं। कार्यक्रम की उपाध्यक्ष एवं निदेशक डॉ. उर्मिला पांडे ने कहा कि अमृता विश्व विद्यापीठम का हरिद्वार परिसर संकल्प से सिद्धि का प्रतीक है। योग और पंचकर्म शरीर को विषमुक्त करने तथा मन को शांत करने की प्रभावी पद्धतियां हैं, जिन्हें दैनिक जीवन में अपनाया जा सकता है।

कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के डॉ. विक्रम सिंह तथा देव संस्कृति विश्वविद्यालय के डॉ. संतोष ने योग चिकित्सा एवं मनोविज्ञान के वैज्ञानिक आधार पर व्याख्यान प्रस्तुत किए।आयोजन सचिव एवं प्राचार्य डॉ. राजतिलक व ब्रह्मचारी प्रमोद कृष्णन ने अतिथियों को स्मृति-चिह्न एवं पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधे भेंट किए।

संयोजक डॉ. अशीमा श्रावण, सह-संयोजक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि उद्घाटन सत्र में डॉ. नितिन कम्बोज, डॉ. अक्षय गौर, डॉ. नरेश सहित अनेक विशेषज्ञ, शोधार्थी, चिकित्सक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यशाला में लगभग 70 प्रतिभागी भाग ले रहे है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।  फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333  e-mail : info@kanwhizztimes.com  RNI NO - UPHIN/2012/42063